सुप्रभात
रांची, गुरुवार
24.10.2024
* * नगर संस्करण। पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

khabarmantralive.com
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

झारखंड विधानसभा चुनाव 2024
सभी चुनें सही चुनें

khabarmantra.net | कार्तिक, कृष्ण पक्ष, अष्टमी, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 103

06 देश के विकास में बाधक है अवैध गैर कानूनी निर्माण



राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने की बैठक, कहा

# आदर्श आचार संहिता के अनुपालन में राजनीतिक दलों का सहयोग अपेक्षित



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा है कि सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल विधानसभा निर्वाचन में अपने स्टार प्रचारकों के लिए वाहनों की सूची उपलब्ध करते हुए उनके पास संग्रहित कर लें। उन्होंने कहा कि स्टार प्रचारकों द्वारा इस्तेमाल में लाए जाने वाले वाहनों की सूची भी अवश्य उपलब्ध करा दें। वह बुधवार को निर्वाचन सदन में सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर रहे थे। श्री कुमार ने कहा कि राजनीतिक दल अपने प्रत्याशियों एवं कार्यकताओं तक आदर्श आचार संहिता के दिशा निदेर्शों की वृहत जानकारी उपलब्ध कराएं । स्वच्छ, निष्पक्ष

## स्टार प्रचारकों के वाहनों के लिए जारी किए जा रहें हैं पास

एवं शांतिपूर्ण मतदान में सभी राजनीतिक दलों से सहयोग अपेक्षित है। उन्होंने कहा कि नामांकन के साथ ही प्रत्याशियों के द्वारा प्रचार- प्रसार में किए जाने वाले खर्च की गणना करते हुए भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा जारी दिशा निदेर्शों का अनुपालन करना सुनि‌ि‌‌‌‍‍श्चत करें।

बैठक में श्री कुमार ने सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों द्वारा विधानसभा निर्वाचन में आने वाली किसी प्रकार की समस्या अथवा संशय की स्थिति के बारे में जाना। उसके बाद भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निदेर्शों का अनुपालन करते हुए उसके निराकरण संबंधी जानकारी भी उपलब्ध कराई। इस अवसर पर स्टार प्रचारकों द्वारा विमानों के इस्तेमाल से संबंधित सभी तरह के संशय के समाधान हेतु एयरपोर्ट आथोरिटी के पदाधिकारियों के साथ बैठक में समन्वय स्थापित कराते हुए सभी आवश्यक दिशा निदेर्शों से राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को अवगत कराया। बैठक में अगले मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों की बैठक 30 अक्टूबर को अपरा? 3 बजे से की जाएगी इसका भी निर्णय लिया गया। इस अवसर पर अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ नेहा अरोड़ा, ओएसडी गीता चौबे, सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देव दास दत्ता सहित सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## मीडिया में चुनाव संबंधी जानकारी सार्वजनिक करने के पहले तथ्यों की जांच जरूर कर लें : के रवि कुमार

- आदर्श आचार संहिता उल्लंघन में अब तक 14 प्राथमिकी दर्ज
- अब तक 16.67 करोड़ की अवैध सामग्री और नकदी जब्त

### शनिवार से बांटे जायेंगे वोटर स्लिप

उन्होंने बताया कि प्रथम चरण के मतदान के लिए वोटर इंफार्मेशन स्लिप का वितरण शनिवार से शुरू होगा। मतदाताओं के घर-घर जाकर इसका वितरण होगा। छह दिन के भीतर यह कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा।उन्होंने कहा कि वोटर इंफार्मेशन स्लिप से मतदाताओं को मतदान के दौरान सीरियल नंबर खोजने में आसानी होगी और काफी समय भी बचेगा। इससे मतदान की गति भी तेज होगी। इसके अलावा मतदान गति बढ़ाने के लिए चुनाव कर्मियों को भी प्रशिक्षित किया जा चुका है।

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा है कि मीडिया में चुनाव संबंधी सूचना सार्वजिनक करने के पहले भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का पालन जरूर करें। यह बातें उन्होंने निर्वाचन सदन में बुधवार को पत्रकारों से कही। उन्होंने कहा कि इस संबंध में निर्वाचन आयोग का विस्तृत और स्पष्ट निर्देश है। मूल रूप से किसी पर व्यक्तिगत आक्षेप, जाति व धर्म को लेकर अनर्गल बातें आदि सीधे तौर पर आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के दायरे में आते हैं। इसलिए चुनाव संबंधी जानकारी को सार्वजनिक करने के पहले समाचार पत्र, टीवी चैनल, रेडियो, सोशल मीडिया और मीडिया के अन्य माध्यम तथ्यों की पूरी तरह जांच जरूर कर लें। किसी भी संशय की स्थिति में भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी की ऑफिसियल वेबसाइट पर उपलब्ध दिशा निदेर्शों को जरूर संज्ञान में लें। इसके साथ समय-समय पर मीडिया के विभिन्न माध्यमों से भी दिशा निदेर्शों के अनुपालन से संबंधित जानकारी उपलब्ध करायी जाती है।

**अब तक 16.67 करोड़ रुपये की अवैध सामग्री और नकदी की जब्त :** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि चुनाव के दौरान धन बल के प्रयोग की हर आशंका पर जहां कड़ी नजर रखी जा रही है, वहीं कड़ी कार्रवाई भी की जा रही है। 290 चेक पोस्टों के माध्यम से राज्य के भीतर और सीमा क्षेत्रों में सघन जांच की जा रही है। इसी का परिणाम है कि लगातार अवैध सामग्री और नकदी की जब्ती कर कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक 16.67 करोड़ रुपये की अवैध सामग्री और नकदी की जब्ती की जा चुकी है।

**आचार संहिता उल्लंघन के अब तक 14 प्राथमिकी दर्ज :** उन्होंने बताया कि आदर्श आचार संहिता उल्लंघन में अब तक कुल 14 प्राथमिकी दर्ज की जा चुकी है। जिसमें सर्वाधिक 8 मामले गढ़वा जिले में दर्ज हुए हैं। वहीं सिमडेगा में 2, रांची में 1, सरायकेला खारसांवा में 1, धनबाद और रामगढ़ जिले में एक-एक मामले दर्ज किये गये हैं।

## जीतनराम की पार्टी हम ने उतारे आठ उम्मीदवार



**रांची।** जीतन राम मांझी की पार्टी हिन्दुस्तान अवाम मोरचा (हम) ने झारखंड विधानसभा चुनाव में आठ उम्मीदवारों को चुनावी अखाड़े में उतारा है। उम्मीदवारों की सूची पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सुशील कुमार ने जारी कर दी।

| नाम | सीट |
|---|---|
| मनोज भुईया | चतरा |
| अतुल कुमार सिंह | मणिका |
| उपेंद्र भुईया | लातेहार |
| अजीमउद्दीन अंसारी | डालटनगंज |
| विनित कुमार | विश्रामपुर |
| अनिल मांझी | छत्तरपुर |
| सुभद्रा देवी | हुसैनाबाद |
| सुभाष कुमार | पांकी |

# सोशल मीडिया पर प्रत्याशियों द्वारा किए जाने वाले पोस्टों के लिए ईसीआई ने जारी किया दिशा निर्देश

किसी भी प्रकार की चुनाव संबंधी जानकारी को सार्वजनिक करने से पूर्व समाचार पत्र, टीवी चैनल और मीडिया के अन्य माध्यम तथ्यों की पूरी तरह से जांच कर लें

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने बुधवार को निर्वाचन सदन में कहा कि किसी भी प्रकार की चुनाव संबंधी जानकारी को सार्वजनिक करने से पूर्व समाचार पत्र, टीवी चैनल, रेडियो, सोशल मीडिया अथवा मीडिया के अन्य माध्यम तथ्यों को पूरी तरह से जांच कर लें। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की संशय की स्थिति में भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी की ऑफिसियल वेबसाईट पर दिशा निर्देश उपलब्ध है। इसके साथ सोशल मीडिया के माध्यम से भी दिशा निदेर्शों के अनुपालन से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराया जाता है। सोशल मीडिया के बढ़ते महत्व को देखते हुए चुनाव आयोग ने अपने अनुदेश (25 अक्टूबर 2013) के माध्यम से चुनाव प्रचार के दौरान सोशल मीडिया के उपयोग से संबंधित निर्देश जारी किए हैं। इसके तहत सोशल मीडिया को इलेक्ट्रॉनिक मीडिया की श्रेणी में परिभाषित किया गया है। इस प्रकार सोशल मीडिया पर किए जाने वाले



सभी राजनीतिक विज्ञापन प्री-सर्टिफिकेशन (पूर्व-प्रमाणीकरण) के दायरे में आते हैं। नामांकन के दौरान प्रत्याशी को नामांकन के समय प्रपत्र -26 में अपने प्रमाणिक (ऑथेंटिक) सोशल मीडिया अकाउंट की जानकारी प्रदान करनी है। प्रत्याशी और राजनैतिक दलों द्वारा सोशल मीडिया पर प्रसारित किए जाने वाले राजनीतिक विज्ञापन, सोशल मीडिया अकाउंट को संधारित करने, प्रचार-सामग्री बनवाने एवं उनके सोशल मीडिया के लिए काम करने वाले कर्मियों के वेतन पर आने वाले खर्च को प्रत्याशी के चुनाव-खर्च में शामिल किया जाएगा।

प्रत्याशी और राजनीतिक दलों के लिए यह आवश्यक है कि इंटरनेट आधारित मीडिया-प्लेटफॉर्म या मीडिया-वेबसाइट पर किसी राजनीतिक विज्ञापन को जारी करने से पहले प्री-सर्टिफिकेशन (पूर्व-प्रमाणीकरण) प्राप्त करें। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी आदर्श आचार संहिता एवं संबंधित अन्य निर्देश प्रत्याशी या राजनीतिक दलों के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों एवं प्रयुक्त की जाने वाली सभी प्रचार सामग्री पर भी लागू हैं। किसी भी अस्पष्टता को दूर करने के लिए आयोग ने पुनः पत्र भेजकर 16 अप्रैल 2014 द्वारा स्पष्ट किया है कि ई-पेपर पर प्रकाशित होने वाले सभी राजनीतिक विज्ञापनों पर प्री-सर्टिफिकेशन (पूर्व-प्रमाणीकरण) आवश्यक है। आयोग द्वारा यह भी स्पष्ट किया गया है कि ब्लॉग / सेल्फ अकाउंट वेबसाईट/सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपलोड किए जाने वाला कोई पोलिटिकल कंटेंट जो मैसेज/ कमेंट्स/ फोटो/ वीडियो के रूप में हों, राजनैतिक विज्ञापनो की श्रेणी में नहीं आएंगे।

# विधानसभा चुनाव: झारखंड में राजद के लालू तेजस्वी, तेजप्रताप सहित होंगे 40 स्टार प्रचारक

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** प्रदेश राजद महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव ने बुधवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि झारखण्ड प्रदेश विधानसभा आम चुनाव 2024 के लिए राष्ट्रीय जनता दल ने 40 स्टार प्रचारक की सूची जारी कर दी है। इसे मुख्य चुनाव आयोग को सूचनार्थ भेजा है और प्रचार प्रसार के लिए अनुमति कार्ड उपलब्ध कराने का आग्रह किया है। यादव ने बताया कि राजद झारखंड में काफी मजबूती से चुनाव लड़ रहा है और राजद का दावा है कि सभी उम्मीदवार प्रचंड वोटों से जीत दर्ज करें। स्टार प्रचारकों में लालू प्रसाद यादव सहित उनके पुत्र तेजस्वी और तेज प्रताप यादव भी शामिल हैं।

**स्टार प्रचारकों की सूची**

1.लालू प्रसाद यादव 2.तेजस्वी प्र यादव 3.अब्दुल बारी सिद्दीकी 4. मो.अली अशरफ फातमी 5. तेजप्रताप यादव 6.डॉ.रामानंद यादव 7.जयप्रकाश नारायण यादव 8.भोला यादव 9.ललित कु यादव 10.प्रो.चंद्रशेखर 11.श्री अर्जुन राय 12.श्रीमती रितु जायसवाल 13.आलोक कु मेहता 14.भूदेव चौधरी 15.डॉ रामचंद्र पूर्वे 16.अभय कुशवाहा 17.शिवचंद्र राम 18.जितेन्द्र कु राय 19.संजय कु गुप्ता 20. कांति सिंह 21.जावेद इकबाल अंसारी 22.उदय नारायण चौधरी 23.श्रीमती स्वीटी सीमा हेंब्रम 24.तनवीर हसन 25.फैयाज अहमद 26. कारी सोहेब 27. शक्ति सिंह यादव 28. समीर कु महासेठ 29. मो.महबूब अली कैंसर 30.सत्यानंद भोक्ता 31.गौतम सागर राणा 32.अभय सिंह 33.रंजन कु यादव 34.गिरधारी गोप 35. अनीता यादव 36.जमीरुद्दीन अंसारी 37.कुमार सर्वजीत 38.श्रीमती ममता भुइयां 39.आबिद अली और 40. रानी कुमारी।

## राज्यहित में हिंदू समाज करे शत-प्रतिशत मतदान : विहिप

**रांची।** विश्व हिंदू परिषद प्रांत कार्यकारिणी की एक दिवसीय बैठक बुधवार को स्टेशन रोड स्थित होटल ग्रीन होरिजन में की गई। बैठक में विगत माहों में संपन्न हुये कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। साथ ही, आगामी कार्यक्रमों की योजना बनाई गई। बैठक में 9 नवंबर को गोपाष्टमी तथा 15 दिसंबर से 31 दिसंबर तक धर्मरक्षा दिवस कार्यक्रम करने का निर्णय लिया गया। झारखंड के सभी जिलों के विद्यालयों से संपर्क कर नैतिक शिक्षा के तहत रामायण ज्ञान की पुस्तकों को पढ़ाकर बच्चों को भगवान राम जी के जीवनमूल्यों से परिचय कराने पर बल दिया गया। बैठक में लोकतंत्र के महापर्व में समस्त हिंदू समाज को राज्यहित में शत प्रतिशत मतदान करने का आह्वान किया गया। इस महापर्व को सफल बनाने के लिए सभी स्तरीय कार्यकताओं को गांव गांव तक जोड़कर संपन्न करने पर बल दिया गया। वक्ताओं ने कहा सनातन हिंदू समाज की संस्कृति एवं परंपरा निरंतर निर्वाध रूप से भारतीय भू.धरा पर बनी रहे इसके लिए राष्ट्रीय चिंतन करने वाले समूह को अपना मतदान करें। बैठक में वीरेंद्र विमल, डॉ वीरेंद्र साहू, चंद्रकांत रायपत, मिथिलेश्वर मिश्र, देवी सिंह, गंगा प्रसाद यादव, सुनील गुप्ता, देवेन्द्र गुप्ता, संजय चौरसिया सहित अन्य उपस्थित थे।

## खबर एक नजर में

### सरकारी स्कूलों में उर्दू नाम जोड़ने के खिलाफ याचिका खारिज

**रांची।** सरकारी स्कूलों के नाम बदलकर उर्दू स्कूल किए जाने के खिलाफ दायर जनहित याचिका बुधवार को हाईकोर्ट ने खारिज कर दी। चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव और जस्टिस दीपक रोशन की अदालत ने याचिका खारिज की। प्रार्थी की ओर से अदालत को बताया गया कि राज्य के विभिन्न जिलों के 100 से अधिक स्कूलों का नाम बदल कर उसमें उर्दू जोड़ दिया गया है। इन स्कूलों में रविवार के बदले शुक्रवार को छुट्टी दी जा रही है। स्कूलों की प्रार्थना भी बदल दी गयी है। अदालत से इस मामले की जांच कराने और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने का आग्रह किया गया था। सुनवाई के बाद अदालत ने याचिका खारिज कर दी।

### लोबिन हेंब्रम को हाइकोर्ट से राहत नहीं मिली

**रांची।** झामुमो के पूर्व विधायक लोबिन हेंब्रम को हाईकोर्ट से राहत नहीं मिली है। झारखंड हाईकोर्ट ने स्पीकर के उस आदेश पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है, जिसमें उनकी सदस्यता रद्द करने का आदेश दिया गया था। अदालत ने नवंबर में विस्तृत सुनवाई की तिथि निर्धारित की। पूर्व में सुनवाई के दौरान अदालत ने इस मामले में स्पीकर कोर्ट के सुनवाई से जुड़े दस्तावेज पेश करने का निर्देश दिया था। विधायक लोबिन हेंब्रम ने 25 जुलाई 2024 को विधानसभा के स्पीकर न्यायाधिकरण द्वारा उनकी सदस्यता रद्द करने के फैसले को झारखंड हाईकोर्ट में चुनौती दी है। याचिका में कहा गया है कि स्पीकर ने विशेष दबाव में आकर यह फैसला दिया है। यह बोरियो की जनता के साथ विश्वासघात करने जैसा है। याचिका में कहा गया है कि मानसून सत्र की घोषणा पहले हो चुकी थी और उस सत्र में लोबिन अपने क्षेत्र से जुड़े दो सवालों को पटल पर रखने वाले थे, जिसकी अनुमति भी स्पीकर से प्राप्त हो चुकी थी। उसका जवाब भी आना था, लेकिन अचानक स्पीकर कोर्ट ने सुनवाई करते हुए उनकी सदस्यता रद्द कर दी।

### एचईसीकर्मियों को दीवाली से पहले वेतन देने की मांग

**रांची।** हटिया प्रोजेक्ट वर्कर्स यूनियन ने एचईसी प्रबंधन से दीवाली से पहले वेतन भुगतान करने की मांग की है। यूनियन के महासचिव लीलाधर सिंह ने बुधवार को कार्मिक निदेशक मनोज लकड़ा से मुलाकात कर स्थायी और अस्थायी कर्मचारियों के लिए वेतन भुगतान की मांग की। लीलाधर सिंह ने निदेशक से कहा दुगार्पूजा, ईद, सरहुल और अन्य त्योहारों में कामगारों को वेतन नहीं मिला। दीवाली और छठ जैसे त्योहार आ रहे हैं। अब भी वेतन नहीं मिला तो काफी मुश्किल होगी। उन्होंने निदेशक से जल्द वेतन भुगतान कराने का आग्रह किया।

### बैद्यनाथ धाम में क्यू कॉम्प्लेक्स के दूसरे फेज के लिए कैबिनेट अप्रूवल की शर्त वापस ले सरकार

**रांची।** देवघर में बाबा बैद्यनाथ मंदिर के निकट क्यू कॉम्पलेक्स के फेज दो का निर्माण कार्य शुरू नहीं होने को लेकर सांसद निशिकांत दुबे की अवमानना याचिका की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में हुई। मामले में हाई कोर्ट की खंडपीठ ने राज्य सरकार को निर्देश दिया कि राज्य में आदर्श आचार संहिता खत्म होने पर नवयुग कंपनी लिमिटेड को देवघर में क्यू कॉम्पलेक्स के फेज दो के काम करने को लेकर कैबिनेट की अप्रूवल की शर्त को हटाए। क्योंकि हाई कोर्ट ने नवयुग कंपनी लिमिटेड को सीएसआर फंड से देवघर में क्यू कॉम्पलेक्स के फेज दो निर्माण पूरा करने के संबंध में पूर्व में ही आदेश पारित किया है। इससे पूर्व प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता शिवानी जालूका ने कोर्ट को बताया कि राज्य सरकार ने नवयुग कंपनी लिमिटेड को पत्र लिखकर कहा है कि वह अभी सीएसआर फंड से देवघर में क्यू कॉम्पलेक्स के फेज दो का काम शुरू कर सकती है। लेकिन कंपनी के समक्ष शर्त यह रखी है कि राज्य में विधानसभा चुनाव को लेकर लगी आदर्श आचार संहिता के खत्म होने के बाद कैबिनेट के समक्ष इस प्रपोजल को अप्रूवल के लिए रखा जाएगा। मामले की अगली सुनवाई 28 अक्टूबर को होगी। दरअसल, हाई कोर्ट की खंडपीठ ने दिसंबर 2023 में निशिकांत दुबे की ओर जनहित याचिका को स्वीकृत करते हुए देवघर में बाबा बैद्यनाथ मंदिर के क्यू कॉम्पलेक्स का निर्माण जल्द करने का आदेश दिया था। कोर्ट ने अपने पूर्व के आदेश में कहा था कि नवयुग कंपनी लिमिटेड के द्वारा सीएसआर के तहत देवघर में क्यू कॉम्पलेक्स के द्वितीय फेज के निर्माण के लिए 120 करोड़ देने का जो आग्रह किया था, उसे राज्य सरकार स्वीकार करें। इस राशि से देवघर में क्यू कॉम्पलेक्स के द्वितीय फेज का निर्माण कार्य शुरू किया जाए। कोर्ट ने सरकार को क्यू कॉम्पलेक्स के द्वितीय फेज के निर्माण कार्य की मॉनिटरिंग करने का भी निर्देश दिया था। लेकिन हाईकोर्ट के आदेश का पालन नहीं होने पर निशिकांत दुबे की ओर से हाईकोर्ट में और अवमानना याचिका दाखिल की गई। बता दें कि नवयुग कंपनी लिमिटेड के द्वारा सीएसआर के तहत देवघर में क्यू कॉम्पलेक्स के द्वितीय फेज के निर्माण के लिए 120 करोड़ देने के आग्रह राज्य सरकार से किया गया है।

### अखिल भारत हिन्दू महासभा ने जारी किया पहले फेज के 4 उम्मीदवारों की लिस्ट

**रांची।** अखिल भारत हिन्दू महासभा ने बुधवार को झारखण्ड विधानसभा चुनाव 2024 के पहले चरण के चुनाव को लेकर पार्टी उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी। अखिल भारत हिन्दू महासभा के प्रदेश अध्यक्ष अनिल पांडेय ने बुधवार की शाम राज्य के चार विधानसभा के लिए उम्मीदवारों की लिस्ट जारी की। पार्टी ने बरही विधानसभा से पुरुषोत्तम पांडेय, विश्रामपुर विधानसभा से पुष्प रंजन, बरकट्ठा विधानसभा से सुजीत मेहता एवं हजारीबाग विधानसभा से किशोरी राणा को उम्मीदवार बनाया है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अनिल पांडेय ने अपने उम्मीदवारों पर भरोसा जताते हुए कहा कि अखिल भारत हिन्दू महासभा मजबूती चुनाव लड़ेगी और पार्टी के उम्मीदवार विजयी होंगे।

### गढ़वा से रांची आ रही बस से भारी मात्रा में गांजा बरामद, तस्कर गिरफ्तार

**रांची।** गढ़वा से रांची आ रही बस से भारी मात्रा में गांजा बरामद हुआ है। वहीं पुलिस ने गांजा तस्कर को भी गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार, लोहरदगा एसपी हारिश बिन जमा को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस की टीम ने कुडू चेक पोस्ट पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस को एक बस से 23 किलो गांजा मिला। बरामद गांजा की कीमत करीब 15 लाख रुपये आंकी जा रही है। वहीं पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक युवक को भी गिरफ्तार किया है।

# हेमंत सोरेन को चुनावी चक्रब्यूह में फंसाने को भाजपा बेताब

- हॉट सीट बरहेट से भाजपा ने अपने प्रत्याशी की नहीं की है घोषणा
- चर्चा के अनुसार सीएम हेमंत सोरेन ने भी रणनीति के तहत बरहेट के अलावा जामा सीट से भी लड़ सकते हैं चुनाव

उदय चौहान

रांची। हर राजनीतिक दल का चुनावी गणित व रणनीति अलग-अलग होती है। झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने भी बरहेट में सीएम हेमंत सोरेन को चक्रब्यूह में फंसाने के लिये विशेष रणनीति तैयार की है। इसी रणनीति के तहत भाजपा ने अब तक सीएम हेमंत सोरेन के प्रतिद्वंद्वी के रूप में उम्मीदवार की घोषणा नहीं की है। पार्टी के रणनीतिकारों के अनुसार हॉट सीट बरहेट के लिये भाजपा अपने उम्मीदवार को तुरूप के एक्का के रूप में इस्तेमाल करेगी। संथालपरगना के इस प्रतिष्ठामूलक सीट पर भाजपा के उम्मीदवारों को लेकर कई नाम चर्चा में हैं। बताया जा रहा है कि यहां से दमदार कैंडिडेट उतारने के लिये भाजपा ने पूरा होमवर्क किया है। पार्टी के प्रदेश चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह, सह प्रभारी हिमंता बिश्व सरमा एवं प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने





हेमंत सोरेन को घेरने के लिये खास राजनीतिक ब्यूहरचना की है। हालांकि, एक खबर के अनुसार हेमंत सोरेन ने भी भाजपा के ब्यूहरचना को ध्यान में रख कर दो सीटों से नामांकन कर सकते हैं। इसी कारण हेमंत सोरेन के परिवार के परंपरागत जामा सीट पर अभी झामुमो ने उम्मीदवार की घोषणा नहीं की है। हालांकि, यह भी चर्चा है कि जामा सीट से भाजपा छोड़ कर झामुमो का दामन थामने वाली पूर्व मंत्री डॉ लुइस मरांडी को उतारा जा सकता है। मालूम हो कि वर्ष 2019 के चुनाव में भी हेमंत सोरेन ने दुमका एवं बरहेट से चुनाव लड़ा था और दोनों सीटों से जीत हासिल की थी। बाद में हेमंत सोरेन ने दुमका सीट से इस्तीफा दिया था। उल्लेखनीय है कि राजग फोल्डर में भाजपा को कुल 68 सीटों पर चुनाव लड़ना है। इसमें से 66 सीटों पर भाजपा ने उम्मीदवारों का ऐलान कर दिया है। बरहेट एवं टुंडी सीट पर भाजपा ने उम्मीदवारों की घोषणा नहीं की है। जानकारी के मुताबिकए टुंडी पर आजसू के साथ चर्चा चल रही है। वहीं, बरहेट में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ दमदार प्रत्याशी उतारने पर मंथन चल रहा है। गौरतलब है कि महागठबंधन एवं राजग के बीच विधानसभा चुनाव को लेकर बढ़त हासिल करने के लिये माइंड गेम चल रहा है। इसके तहत दोनों पक्षों में आरोप-प्रत्यारोप का दौर भी जारी है। खास कर सीएम हेमंत सोरेन को लेकर भाजपा पूरी तरह हमलावर मूड में है। भाजपा ने संथालपरगना में बांग्लादेशी घुसपैठियों को सरकारी संरक्षण देने का आरोप लगा कर माहौल बनाने का प्रयास किया है। इसके अलावा भ्रष्टाचार के मुद्दे पर भी हेमंत सोरेन को चौतरफा घेरने की भाजपा की रणनीति है।

**अर्जुन मुंडा की पत्नी और राज्यपाल रघुवर दास की पुत्रवधू को भी भाजपा ने दिया टिकट :** भाजपा ने सत्ता हासिल करने के गरज से तमाम दिग्गजों के रिश्तेदारों को भी टिकट थमाया है। इसके तहत पूर्व सीएम अर्जुन मुंडा की पत्नी मीरा मुंडा, राज्यपाल रघुवर दास की पुत्रवधू पूर्णिमा दास के अलावा पूर्व सीएम चंपई सोरेन के पुत्र बाबूलाल सोरेन को भी उम्मीदवार बनाया गया है। भाजपा ने कुल 12 महिलाओं को भी प्रत्याशी बनाया है। कोडरमाए निरसाए छतरपुर से महिला विधायकों को फिर मौका मिला है। वहीं झरिया से रागिनी सिंहए जगन्नाथपुर से पूर्व सीएम मधु कोड़ा की पत्नी गीता कोड़ा को उतारा है। नये चेहरों में जमशेदपुर पूर्वी से पूर्णिमा दास साहू, पोटका से मीरा मुंडा, चाईबासा से गीता बलमुचू, जमुआ से मंजू देवी और गांडेय में मुनिया देवी को कल्पना सोरेन के खिलाफ मैदान में उतारा है। वहीं, जामताड़ा सीट से सीता सोरेन को प्रत्याशी बनाया गया है। इधर, सत्ता में लौटने के लिये बड़ा चुनावी अभियान शुरू किया है। पार्टी ने बिहार के नेताओं, मंत्रियों और सांसदों को जिम्मेदारी सौंपी है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के क्षेत्रों में खास जोर दिया जा रहा है। पीएम से लेकर केंद्रीय मंत्री तक को प्रचार अभियान से जोड़ा जा रहा है। इन नेताओं का मुख्य काम है रोटी, बेटी और माटी के नारे के साथ महागठबंधन को घेरना और स्थानीय मुद्दों को भुनाना। कुल मिला कर बरहेट हॉट सीट पर इस बार चुनावी रंग रोमांचक होने वाला है।

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

सुप्रभात
रांची, गुरुवार
24.10.2024
नगर संस्करण। पेज : 12

# खबर मन्त्र

khabarmantralive.com
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | कार्तिक, कृष्ण पक्ष, अष्टमी, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 103




12 गुरुजी होंगे झामुमो के मुख्य स्टार प्रचारक

## भारत और चीन के बीच द्विपक्षीय वार्ता

# मतभेदों और विवादों को संभालने एवं शांति भंग न होने देने पर जोर

■ भारत और चीन विश्वास, सम्मान और संवेदनशीलता के साथ द्विपक्षीय संबंधों का करेंगे मार्गदर्शन

**एजेंसी**

**कजान।** रूस के कजान में ब्रिक्स सम्मेलन के बाद बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच द्विपक्षीय बैठक हुई। भारतीय विदेश मंत्रालय ने बैठक के दौरान दोनों देशों के शीर्ष नेताओं के बीच हुई बातचीत का ब्यौरा दिया। विदेश मंत्रालय के मुताबिक प्रधानमंत्री मोदी ने पूर्वी लद्दाख में एलएसी पर पेट्रोलिंग को लेकर हुए समझौते का स्वागत किया। साथ ही दोनों देशों के बीच हुए मतभेदों और विवादों को ठीक से संभालने और शांति और सौहार्द्र को भंग न होने देने पर जोर दिया।



बैठक के दौरान दोनों देशों के शीर्ष नेताओं ने इस बात पर सहमति बनायी कि दोनों देशों के प्रतिनिधि भारत-चीन सीमा मामले में शांति और सौहार्द्र के प्रबंधन और सीमा को लेकर निष्पक्ष, उचित और दोनों देशों के बीच स्वीकार्य समाधान निकालने के लिए जल्द मुलाकात करेंगे। भारत और चीन के बीच संबंध दोनों देशों के लोगों के साथ ही क्षेत्रीय और वैश्विक शांति और स्थिरता के लिए महत्वपूर्ण हैं। दोनों देशों के बीच विश्वास, सम्मान और संवेदनशीलता द्विपक्षीय संबंधों का मार्गदर्शन करेंगे।

दोनों देशों के शीर्ष नेताओं ने इस बात पर जोर दिया कि दो पड़ोसी और दुनिया के दो सबसे बड़े देशों के रूप में भारत और चीन के बीच स्थिर, पूर्वानुमानित और सौहार्द्रपूर्ण संबंधों का सकारात्मक प्रभाव क्षेत्रीय और वैश्विक शांति और समृद्धि पर पड़ेगा।

गौरतलब है कि पिछले चार साल से भारत और चीन के बीच चल रहे गतिरोध को समाप्त करने की दिशा में इस समझौते को एक बड़ी सफलता मानी जा रही है। इससे पहले नवंबर 2022 में इंडोनेशिया में हुए जी-20 सम्मेलन में दोनों देशों के शीर्ष नेताओं ने इंडोनेशियाई राष्ट्रपति के डिनर आयोजन के दौरान सक्षिप्त बातचीत की थी।

## न्यूज डायरी

### ग्राम पंचायत स्तर पर जारी होगा मौसम पूर्वानुमान

**नयी दिल्ली।** पंचायती राज मंत्री राजीव रंजन सिंह आज दिल्ली में 'ग्राम पंचायत स्तर पर मौसम पूर्वानुमान' का शुभारंभ करेंगे। पंचायती राज मंत्रालय, मौसम विभाग के सहयोग से ग्राम पंचायतों को पांच दिन का दैनिक मौसम पूर्वानुमान और प्रति घंटा मौसम पूर्वानुमान लगाने के लिए ऐतिहासिक और परिवर्तनकारी पहल का शुभारंभ करेंगे।

### ओड़िशा तट से आज टकरा सकता है चक्रवात दाना

गंभीर चक्रवाती तूफान दाना आज देर रात या शुक्रवार तड़के तक ओड़िशा के तटवर्ती क्षेत्रों भितरकनिका और धामरा के बीच दस्तक दे सकता है। इस दौरान एक सौ से एक सौ बीस किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलेगी। ओडिशा में केन्द्रपाडा जिले के भितरकनिका राष्ट्रीय उद्यान पर चक्रवात के असर की आशंका को देखते हुए वन विभाग वन्य जीवों और वनस्पतियों की सुरक्षा के लिए सभी एहतियाती उपाय कर रहा है।

### मन की बात कार्यक्रम की 115वीं कड़ी 27 को

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 27 अक्टूबर को आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश-विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 115वीं कड़ी होगी। श्रोता टोल फ्री नंबर 1800117800 पर कार्यक्रम के लिए अपने सुझाव भेज सकते हैं। माइगॉव, नमो एप पर भी सुझाव भेजे जा सकते हैं। सुझाव भेजने की अंतिम तिथि 25 अक्टूबर है।

### लग्जरी वाहन से 24 लाख की शराब बरामद

**पलामू।** पलामू प्रमंडल अंतर्गत गढ़वा जिले की रमना पुलिस ने एक लग्जरी वाहन से भारी मात्रा में लाखों की अवैध अंग्रेजी शराब के साथ बिहार के दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। बुधवार को रमना थाना में एसडीपीओ सत्येन्द्र नारायण सिंह ने कहा कि विधानसभा चुनाव में पुलिस और चुनाव पदाधिकारी चौकस हैं। अवैध कारोबार एवं चुनाव में अशांति फैलाने वालों पर उनकी पैनी नजर है।

### चिराग पासवान का झारखंड दौरा आज

**रांची।** लोक जनशक्ति पार्टी-आर के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्र सरकार में मंत्री चिराग पासवान अपने पार्टी के प्रत्याशी चतरा विधानसभा के उम्मीदवार जनार्दन पासवान के नामांकन में शामिल होंगे। पार्टी के झारखण्ड प्रदेश अध्यक्ष बिरेन्द्र प्रधान ने बताया कि लोक जनशक्ति पार्टी एवं एनडीए समर्थित चतरा के उम्मीदवार जनार्दन पासवान के पक्ष में राष्ट्रीय अध्यक्ष रोड शो करेंगे एवं जनसभा को संबोधित करेंगे। चिराग पासवान नामांकन में शामिल होने के बाद एनडीए समर्थित सिमरिया विधानसभा के उम्मीदवार उज्जवल दास एवं भावनाथपुर विधानसभा के उम्मीदवार भानुप्रताप शाही के नामांकन में भी शामिल होंगे।

## चुनावी महासंग्राम

## सीपी सिंह, अमर बाउरी समेत भाजपा के कई दिग्गज आज भरेंगे पर्चा

# आज कई दिग्गज करेंगे नामांकन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा के रांची से उम्मीदवार सीपी सिंह, हटिया के प्रत्याशी नवीन जायसवाल समेत कई दिग्गज शुक्रवार को पर्चा दाखिल करेंगे। इस दौरान भाजपा के कई राष्ट्रीय नेता और विभिन्न प्रदेशों के मुख्यमंत्री मौजूद रहेंगे। जानकारी के अनुसार बरकट्ठा से अमित कुमार यादव और बरही से मनोज यादव भी पर्चा दाखिल करेंगे। इन दोनों के नामांकन में बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी मौजूद रहेंगे। चंदनक्यारी से अमर बाउरी नामांकन दाखिल करेंगे। इस अवसर पर असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा मौजूद रहेंगे। सिमरिया से उज्ज्वल दास और भवनाथपुर से भानु प्रताप शाही नामांकन करेंगे। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान मौजूद रहेंगे।

वहीं हजारीबाग से प्रदीप प्रसाद, बहरागोड़ा से डॉ दिनेशानंद गोस्वामी एवं घाटशिला से बाबूलाल सोरेन नामांकन दाखिल करेंगे। पोटका से मीरा मुंडा और जमशेदपुर पूर्वी से पूर्णिमा साहू नामांकन दाखिल करेंगी। इस अवसर पर असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा मौजूद रहेंगे।



चाईबासा से गीता बालमुचू, मझगांव से बड़कुंवर गगराई, चक्रधरपुर से शशि भूषण शामड नामांकन करेंगे। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय मौजूद रहेंगे। जगन्नाथपुर से गीता कोड़ा, तोरपा से कोचे मुंडा, खूंटी से नीलकंठ सिंह मुंडा, कांके से डॉक्टर जीतू चरण राम, मांडर से सन्नी टोप्पो नामांकन करेंगे। इस अवसर पर केंद्रीय कृषि मंत्री एवं झारखंड के चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान मौजूद रहेंगे। सिसई से डॉक्टर अरुण उरांव, गुमला से सुदर्शन भगत नामांकन करेंगे। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री फगन सिंह कुलस्ते मौजूद रहेंगे।

सिमडेगा से श्रद्धानंद बेसरा, कोलेबिरा से सुजान जोजो, लातेहार से प्रकाश राम, डाल्टेनगंज से आलोक कुमार चौरसिया, विश्रामपुर से रामचंद्र चंद्रवंशी, छतरपुर से पुष्पा देवी भुईयां, बड़कागांव से राशन लाल चौधरी, खरसावां से सोनाराम बोदरा नामांकन करेंगे।

## रांची से सीपी के खिलाफ महुआ माजी लड़ेंगी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए झामुमो ने बुधवार को दूसरी लिस्ट जारी की। पार्टी ने अब तक 36 प्रत्याशियों के नाम की घोषणा की है। दूसरी सूची में रांची से केवल एक नाम महुआ माजी की घोषणा की गयी। महुआ माजी रांची से झामुमो की उम्मीदवार होंगी। उनका मुकाबला भाजपा के सीपी सिंह से होगा। इससे पहले भी वह रांची सीट से विधानसभा चुनाव लड़ चुकी हैं। झामुमो प्रत्याशी महुआ माजी 24 अक्टूबर को नामांकन करेंगी। इससे



पहले मंगलवार की रात 35 प्रत्याशियों की पहली लिस्ट जारी की गयी थी। श्री पांडे ने कहा कि अन्य उम्मीदवारों के नाम भी जल्द घोषित किये जायेंगे। पहली सूची के अनुसार सीएम और पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन बरहेट से चुनाव लड़ेंगे। बसंत सोरेन दुमका से और कल्पना मुर्मू सोरेन गांडेय से झामुमो उम्मीदवार बनायी गयी हैं। पार्टी ने लिट्टीपाड़ा से अपने सिटिंग विधायक दिनेश विलियम मरांडी का टिकट काटकर उनकी जगह हेमलाल मुर्मू को उम्मीदवार बनाया है। इस बार बोरियो सीट से भाजपा उम्मीदवार बने लोबिन हेम्ब्रम के खिलाफ झामुमो ने धनंजय सोरेन को मैदान में उतारा है। धनवार से सीपीआई माले ने पहले ही राजकुमार यादव को उम्मीदवार बानाया है। वहीं झामुमो ने इस सीट से पूर्व विधायक निजामुद्दीन अंसारी को उम्मीदवार बना दिया है।

## पूर्व सीएम चंपई सोरेन कल करेंगे नामांकन

**रांची।** राज्य के पूर्व सीएम चंपाई सोरेन ने सरायकेला से 25 अक्टूबर को नामांकन दाखिल करेंगे। एक्स पर पोस्ट कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने एक्स पर लिखा है- जोहार सरायकेला, आपके प्रतिनिधि के तौर पर पिछले साढ़े चार दशकों से आपके हर सुख-दुख का साथी रहा हूं। आपका सहयोग एवं समर्थन मेरे जीवन के इस नए अध्याय में बहुत महत्वपूर्ण है। आइये, साथ मिल कर झारखंड के विकास की नई गाथा लिखते हैं, जिसका नेतृत्व कोल्हान एवं विशेष कर सरायकेला की जनता करेगी।

## पूर्व मंत्री राजा पीटर ने तमाड़ भरा परचा



**रांची।** पूर्व मंत्री राजा पीटर ने बुधवार को जदयू के टिकट पर तमाड़ विधानसभा सीट के लिए अपना नामांकन दाखिल किया। इसके अलावा इसी सीट के लिए पूर्व सांसद रामदयाल मुंडा के बेटे गुंजल इकिर मुंडा ने भी निर्दलीय कैंडिडेट के तौर पर नामांकन दाखिल किया। जेकेएलएम पार्टी की ओर से दमयंती मुंडा ने नामांकन दाखिल किया।

## धनबाद में 71 लाख 97 हजार रु. बरामद

**धनबाद।** तेलमच्चो स्थित धनबाद-बोकारो इंटर डिस्ट्रिक्ट चेक पोस्ट पर बुधवार तड़के तीन बजे एक इनोवा क्रिस्टा कार (जेएच 10 बीवाई 9655) जो बोकारो से धनबाद में प्रवेश कर रही थी, जांच के दौरान 71 लाख 97 हजार रुपये बरामद हुए। इस संबंध में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा ने बताया कि तेलमच्चो से बरामद राशि को लेकर अब तक 1 करोड़ 25 लाख रुपये से अधिक की नकदी जिला प्रशासन ने बरामद की है।

## डॉ लंबोदर और नीरू शांति भगत आज भरेंगे परचा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो 24 अक्टूबर को आजसू पार्टी के प्रत्याशी के रूप में बेरमो अनुमंडल (तेनुघाट) मुख्यालय के अनुमंडल पदाधिकारी के कार्यालय में नामांकन पत्र दाखिल करेंगे।





नामांकन दाखिल करने के बाद तेनुघाट स्थित न्यू मार्केट मैदान में एक विशाल जनसभा को भी संबोधित करेंगे। इस नामांकन सभा को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी, आजसू पार्टी सुप्रीमो सुदेश महतो, गिरिडीह के सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, धनबाद के सांसद ढुल्लू महतो, जदयू के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद खीरू महतो, बिहार सरकार के मंत्री नितिन नवीन, विधायक बिरंची नारायण और एनडीए के कई नेता संबोधित करेंगे।

इधर, लोहरदगा में आजसू की प्रत्याशी नीरू शांति भगत भी आज 11 बजे नामांकन करेंगी। नीरू शांति भगत पूर्व विधायक स्व. कमल किशोर भगत की धर्मपत्नी हैं।

### दीपक बिरुवा के नामांकन के बाद जनसभा में बोले हेमंत सोरेन

# भाजपा की होगी हार, झामुमो के नेतृत्व में फिर से बनेगी सरकार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि केंद्र सरकार में सिर्फ पूंजीपति भरे हुए हैं। भाजपा की सरकार पूंजीपतियों की सरकार है। वहीं दूसरी ओर झारखंड में झामुमो की सरकार आदिवासी गरीब की और जरूरतमंदों की सरकार है। इस पर भी भाजपा की नजर है। उन्होंने कहा कि पूजीपतियों की पार्टी भाजपा जल, जंगल, जमीन की पहचान को खत्म करने की साजिश कर रही है। उन्होंने आम जनता से ऐसे दलों से सतर्क रहने की अपील की है। उन्होंने कहा, इस बार भी भाजपा को हार का सामना करना पड़ेगा। झारखंड में दोबारा झामुमो की सरकार बनेगी। वे बुधवार को चाईबासा विस में झामुमो प्रत्याशी सह कैबिनेट मंत्री दीपक बिरुवा के नामांकन के बाद चाइबासा के बिहार क्लब स्थित मैदान में नामांकन आयोजित सभा में बोल रहे थे।



**गरीबों को खत्म करना चाहती है भाजपा** : सीएम ने कहा कि भाजपा ही एक ऐसा पार्टी है जो गरीबों को खत्म करती है। झारखंडी की पहचान जल, जंगल, जमीन है, जिसे खत्म करने की भाजपा लगातार साजिश कर रही है। इस बार भी भाजपा हारेगी और झामुमो की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि केंद्र में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी है, लेकिन भाजपा की नजर हमारे जैसे आदिवासियों पर है। हमेशा तोड़ने का प्रयास करता है लेकिन हम लोग इतने एकजुट हैं कि हम लोग की टूट कभी नहीं होगी।

### चुनाव प्रभारी ने गढ़वा विस से भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में सभा को किया संबोधित

# बांग्लादेशी घुसपैठिये झारखंड की बेटियों के सम्मान के साथ कर रहे खिलवाड़ : शिवराज

■ झारखंड की रोटी, माटी और बेटी बचाने के लिए भाजपा को वोट करने की अपील की

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची/गढ़वा।** केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार को गढ़वा विधानसभा से भाजपा के उम्मीदवार सत्येन्द्र नाथ तिवारी के समर्थन में नामांकन कार्यक्रम में सहभागी बने। श्री चौहान ने झामुमो और हेमंत सोरेन पर निशाना साधते हुये कहा कि गठबंधन सरकार ने वन संपदा, जल संपदा, खनिज संपदा और सौंदर्य से भरपूर राज्य को पूरी तरह तबाह और बर्बाद कर दिया है। बेईमान सरकार के घोटालों और भ्रष्टाचारों की लंबी फेहरिस्त है। इसलिए अब झारखंड की जनता ने झामुमो की भ्रष्ट सरकार को उखाड़ फेंकने का मन बना लिया है।



उन्होंने कहा कि यहां के मंत्री 12 महीने सिर्फ घूस ही खाते रहते हैं। ये ईंट, पत्थर, बालू, कोयला तक खा जाते हैं। जल जीवन मिशन का पैसा खा जाते हैं। मानरेगा का पैसा खा जाते हैं। उन्होंने कहा कि बेईमान गठबंधन की सरकार ने जनता के धन को लूट लिया, विकास नहीं होने दिया। झारखंड को विदेशी घुसपैठियों का गढ़ बना दिया। सोरेन सरकार में 7 हजार 400 बेटियों के साथ बलात्कार हुये हैं। ये माटी, बेटी और रोटी बचाने का चुनाव है। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार बनते ही बहनों के खाते में 2100 रूपये आयेंगे। उन्होने कहा कि चुनाव आ गए तो सिपाही भर्ती के नाम पर युवाओं को कड़ी धूप में 10-10 किलोमीटर तक दौड़ा दिया। इससे कई बच्चों को अपनी जान से हाथ धोना पड़ा।

गहना आभूषण

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 73200 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 100000 रु./प्रति किलो |




### आइएमए के अध्यक्ष ने मौजूदा कानून में संशोधन की वकालत की

# भ्रूण लिंग जांच को लेकर छिड़ी बहस 30 साल पुराने कानून पर उठे सवाल

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** इंडियन मेडिकल एसोशिएशन (आईएमए) के अध्यक्ष डॉ. आरवी अशोकन के 'भ्रूण के लिंग की जाँच को वैध बनाने के बयान' ने एक नयी बहस शुरू कर दी है। पिछले रविवार को गोवा में एक कार्यक्रम के दौरान आरवी अशोकन ने कहा था कि 30 साल बीत चुके हैं लेकिन उस कानून से क्या हुआ? क्या इससे लिंगानुपात बराबर हुए? सिर्फ कुछ जगहों पर ही इस कानून का प्रभाव हुआ होगा। डॉक्टर अशोकन की इस राय को लेकर विशेषज्ञों के मत बंटे हुए हैं। डॉक्टर अशोकन ने इस बात पर जोर दिया कि मौजूदा कानून को रद्द कर ऐसा कानून लाया जाना चाहिए, जिससे भ्रूण के लिंग के बारे में पता चल सके और लड़की होने पर ये सुनिश्चित किया जाए कि वो इस दुनिया में सुरक्षित आए। उन्होंने कहा कि गर्भपात कराने के लिए कई लोग ज़िम्मेदार होते हैं लेकिन पीसी-पीएनडीटी में सिर्फ डॉक्टर को ही ज़िम्मेदार माना जाता है।

गौरतलब है कि पीसी-पीएनडीटी एक्ट के तहत गर्भधारण के दौरान भ्रूण के लिंग का पता लगाने की तकनीक को गैर कानूनी बनाया गया था। ये कानून 30 साल पहले 1994 में लाया गया था। वे सवाल उठाते हुए कहते हैं कि इस कानून को लागू हुए दशकों बीत चुके हैं, लेकिन लिंगानुपात बराबर नहीं हो पाया है। आरवी अशोकन के अनुसार, कुछ इलाकों में कानून की बजाय सामाजिक जागरूकता के कारण सुधार आया है लेकिन पीसी-पीएनडीटी कानून डॉक्टरों के लिए नुकसानदेह रहा है। वह कहते हैं कि मौजूदा कानून के कारण पूरा मेडिकल जगत प्रताड़ित हो रहा है। हालांकि उनके इस बयान पर जानकारों का कहना है कि आईएमए के अध्यक्ष होने के नाते उन्हें मेडिकल के आदर्श सिद्धांतों को बढ़ावा देना चाहिए न कि इसे वैध बनाने की बात करनी चाहिए।

# राज्यों को हर तरह की शराब पर कर लगाने का अधिकार : शीर्ष न्यायालय

## राजस्व मामला

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने राज्यों के राजस्व की दृष्टि से एक महत्वपूर्ण फैसला देते हुए हर प्रकार की शराब पर कर लगाने के उनके अधिकार को बरकरार रखा है।

मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली नौ सदस्यीय संविधान पीठ ने इस मामले में बुधवार को 8:1 के बहुमत से यह फैसला सुनाया और सात न्यायाधीशों की पीठ के पहले के उस फैसले को पलट दिया, जिसमें व्यवस्था दी गयी थी कि औद्योगिक अल्कोहल के उत्पादन के नियंत्रण का अधिकार केंद्र सरकार को है।



राज्यों के अधिकार के पक्ष में फैसला देने वाले न्यायमूर्ति चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति हृषिकेश रॉय, न्यायमूर्ति अभय एस ओका, न्यायमूर्ति जे बी पादीर्वाला, न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा, न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुयान, न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह ने कहा कि औद्योगिक कार्यों में इस्तेमाल होने वाला अल्कोहल राज्य सूची की प्रविष्टि 08 के तहत 'मादक स्प्रिट' के अर्थ में आती है, इसलिए राज्य इसे विनियमित कर सकते हैं और 'कर' लगा सकते हैं।

पीठ ने बहुमत के फैसले में कहा कि औद्योगिक शराब और उसे तैयार करने वाले कच्चे माल सहित सभी प्रकार की शराब पर कर लगाने का अधिकार राज्यों को है।

शीर्ष अदालत का यह फैसला राज्य सरकारों के राजस्व में बड़ी वृद्धि करने वाला है। दूसरी ओर, न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना ने पीठ के अन्य सदस्यों के फैसले से असहमतिपूर्ण निर्णय दिया। शीर्ष अदालत ने कहा कि प्रविष्टि 08 के तहत मादक स्प्रिट (लिकर) को पीने योग्य शराब तक सीमित नहीं किया जा सकता।

## स्पीड न्यूज

### विधायक चंद्रवंशी आज करेंगे नामांकन



**विश्रामपुर (पलामू)।** पूर्व मंत्री सह निवर्तमान विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी बतौर भाजपा प्रत्याशी गुरुवार को नामांकन दाखिल करेंगे। नामांकन से पहले श्री चंद्रवंशी गढ़वा गढ़देवी व नावाडीह कला स्थित अष्टभुजी मंदिर में पूजा अर्चना करेंगे। इसकी जानकारी श्री चंद्रवंशी ने पत्रकारों को खुद दी। उन्होंने बताया विस क्षेत्र के सभी प्रखंडों से पार्टी कार्यकर्ता बी मोड़ चौक पर जमा होंगे, जहां से रैली की शक्ल में मेदिनीनगर जायेंगे। उन्होंने लोगों से रैली में शामिल होने की अपील की।

### कमलेश सिंह ने भाजपा प्रत्याशी के रूप में हुसैनाबाद से किया नामांकन



**हुसैनाबाद।** विधायक सह भाजपा नेता कमलेश कुमार सिंह ने बुधवार को अनुमंडल कार्यालय हुसैनाबाद में हुसैनाबाद विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी के रूप में पर्चा दाखिल किया। पर्चा दाखिल करने के बाद उन्होंने कहा कि वह हुसैनाबाद हरिहरगंज के विकास के लिए भाजपा में शामिल हुए हैं। उनका लक्ष्य हुसैनाबाद क्षेत्र को विकास के मामले ने काफी आगे ले जाने का है। हुसैनाबाद की जनता का उन्हें समर्थन है। इस बार वह रिकॉर्ड मतों से जीत कर राज्य में बनने वाली एनडीए सरकार को मजबूती देकर मोदी जी के नेतृत्व में राज्य के विकास में सहयोगी बनेंगे। नामांकन में उनके साथ विनय सिंह उर्फ बीनू व विनय पासवान शामिल थे।

### डालटनगंज से ललन का निर्दलीय नामांकन



**मेदिनीनगर।** डालटनगंज विस क्षेत्र से ललन चौधरी ने नामांकन किया। नामांकन के लिए बाइक रैली के साथ समर्थक निकले और सदिक चौक छहमुहान होते कार्यालय पहुंचे। समर्थकों का कहना है कि इस बार हम लोग नये प्रत्याशी ललन चौधरी के पक्ष में कार्य करेंगे। इन्हें भारी मतों से चुनाव जितायेंगे।

### हुसैनाबाद : अशोक मेहता समानता दल व दो निर्दलीय उम्मीदवारों ने भरा पर्चा





**हुसैनाबाद पलामू।** विधानसभा चुनाव हुसैनाबाद हरिहरगंज विस क्षेत्र से बुधवार को राष्ट्रीय समानता दल से अशोक मेहता एवं निर्दलीय उमीदवार में नरेश पासवान एवं अमरजीत कुमार ने अनुमंडल कार्यालय में पंहुच नामांकन दाखिल किया। सभी ने अपने समर्थकों एवं प्रस्तावक के साथ जनता को अभिवादन करते हुए पीठासीन अधिकारी को अपना पर्चा दाखिल किया।

### विधायक सह भाजपा प्रत्याशी पुष्पा देवी ने किया क्षेत्र का तूफानी दौरा



**पाटन पलामू।** विधायक सह भाजपा प्रत्याशी पुष्पा देवी ने दर्जनों गांव का तूफानी दौरा किया। इस दौरान पुष्पा ने ग्रामीणों के सामने अपने विकास कार्यों का उल्लेख भी किया। पाटन प्रखंड के नावां जयपुर, पचकेडिया, कोल्हुआ, हरैया, द्वामा, खजुरी, दीपौआ का दौरा किया। ग्रामीणों ने बताया कि पुष्पा इस क्षेत्र की पहली विधायक हैं जो काम के बदले वोट मांग रही हैं। इस दौरान राजद के परंपरागत वोटरों का झुकाव पुष्पा के पक्ष में दिखा। हरैया खुर्द के मुस्लिम वोटरों ने बताया कि अब वो विकास कार्यों के साथ हैं और अब उन्हें कोई बेवकूफ नहीं बना सकता। एक स्वर में उन्होंने समर्थन विकास की नई परिभाषा गढ़ने वाली विधायक पुष्पा देवी को बताया।

### सारे काम छोड़ पहले वोट दो : अभिषेक



**सतबरवा पलामू।** प्रखंड मुख्यालय स्थित राजकीय कृत सर्वोदय प्लस टू उच्च विद्यालय सतबरवा में मतदाता को जागरूक करने के उद्देश्य से और जिला निर्वाचन आयुक्त सह दंडाधिकारी पलामू के विभिन्न जगरूकता अभियान कार्यक्रमों से प्रभावित होकर कार्यक्रम चुनाव नहीं मतदान करें। नये झारखंड बनायें और लोकतंत्र मजबूत बनाकर झारखंड का उत्थान करें। स्लोगन लोकतंत्र एक विशिष्ट पर्व का आयोजन विद्यालय में किया गया जिसके तहत विद्यार्थियों ने रंगोली, मेहंदी विभिन्न चित्रकारिता जो मतदाता जागरूकता के प्रतीक हो प्रत्येक वोट जरूरी है विषय पर विभिन्न विद्यार्थियों ने स्लोगन चुनाव पेंटिंग इत्यादि किया। प्रभारी प्रधानाध्यापिका प्रफुल्लित लकड़ा ने कहा कि अधिक से अधिक मतदाता मतदान करें तथा अपने अधिकार को समझें। मौके पर विज्ञान शिक्षक अभिषेक तिवारी, शिक्षक सत्य प्रकाश शर्मा, भीम यादव, दिलीप प्रसाद, नरेंद्र राम, अविनाश चौधरी, राहुल जायसवाल, विश्व जीत पासवान, मेघा कुमारी, सुबोध कुमार, सद्दाम हुसैन आदि उपस्थित थे।

### पलामू : चार विस क्षेत्र से 13 अभ्यर्थियों ने किया नामांकन छतरपुर रहा नगण्य




**मेदिनीनगर।** पहले चरण के चुनाव में पलामू जिले के पांच विस क्षेत्रों में मतदान 13 नवंबर को है। बुधवार को जिले के चार विस क्षेत्र से कुल 13 अभ्यर्थियों ने नामांकन परचा भरा। जबकि छतरपुर में कोई नामांकन नहीं हुआ। पांकी के स्वतंत्र प्रत्याशी नितेश कुमार, लोकहित अधिकार पार्टी के विश्वनाथ साव ने पर्चा भरा। डालटनगंज से निर्दलीय ललन चौधरी, महेश साव, दिलीप सिंह नामधारी, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया के रुचिर कुमार तिवारी ने भी पर्चा भरा। विश्रामपुर से निर्दलीय अनिल मिस्त्री, राजीव रंजन पांडेय व जागृति ने पर्चा भरा। वहीं छतरपुर विधानसभा अंतर्गत बुधवार को एक भी अभ्यर्थी ने नामांकन परचा दाखिल नहीं किया।

## डालटनगंज विस क्षेत्र से दिलीप सिंह नामधारी ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में किया नामांकन

- डालटनगंज विस की जनता मेरी सेवा से संतुष्ट है तो दिलीप को सेवा का मौका दें : इंदर सिंह नामधारी
- गरीब का बेटा बन दस वर्षों से लूटा : दिलीप सिंह नामधारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** डालटनगंज विस क्षेत्र के निर्दलीय प्रत्याशी दिलीप सिंह नामधारी कांग्रेस पार्टी से टिकट लेने की होड़ में थे। लेकिन जब कांग्रेस से निराशा हाथ लगी तो वे अपने समर्थकों का हौसला बुलंद करने निर्दलीय चुनाव लड़ने के लिए शिवाजी मैदान में सभा के बाद सदर एसडीओ के समक्ष अपना नामांकन परचा दाखिल किया।




**खास बातें :** शिवाजी मैदान में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए झारखंड के प्रथम विस अध्यक्ष इंदर सिंह नामधारी ने कहा कि 24 वर्ष के युवा झारखंड अपने दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है। इसका कारण वर्तमान समय में राजनीति करने वाले पार्टी नेताओं का जाता है। जिन्होंने झारखंड जैसे समृद्धशाली राज्य को विकास के बदले विनाश के गर्क में धकेलने का काम किया है। उन्होने कहा कि पार्टी एक कपड़े के समान है लेकिन प्रत्याशी एक मजबूत शरीर के रूप में जन सेवा में लगा रहता है। उन्होंने कहा कि मुझे आश्चर्य होती है कि झामूमो वाले यह कहते हैं कि अलग झारखंड हमने बनाया है लेकिन झामूमो के यही एक विधायक में अपनी पुस्तक में यह लिखा है कि झारखंड को अलग निर्माण कराने में इंदर सिंह नामधारी की महत्ती भूमिका रही है। श्री नामधारी ने कहा कि झारखंड पूरे देश के सभी राज्यों में सबसे समृद्धिशाली राज्य होते हुए भी आज पिछड़े राज्यों की श्रेणी में गिना जाता है यह दुर्भाग्य की बात है। उन्होंने लोगों का आह्वान करते हुए कहा कि मेरे सेवा व कार्यकाल से लोग संतुष्ट हैं तो इस बार विधानसभा चुनाव में मेरे पुत्र दिलीप सिंह नामधारी को अपना आशीर्वाद देकर सेवा का मौका दें।

## भाजपा सरकार बनते ही डेढ़ लाख युवाओं को रोजगार, बालू व साल में दो गैस सिलेंडर फ्री

- भाजपा की सरकार बनी तो बांग्लादेशी घुसपैठियों को करेंगे बाहर, हुसैनाबाद का नाम चेंज हिन्दू नमो से बनेगा जिला
- हेमंत सोरेन व महागठबंधन हिन्दू व आदिवासियों की पहचान खत्म कर देगा : हिमंता विश्वा सरमा

**खबर मन्त्र संवाददाता**




जनसभा में शामिल प्रत्याशी व संबोधित करते असम के सीएम।

**हुसैनाबाद पलामू।** हुसैनाबाद में भाजपा नेता विधायक कमलेश कुमार सिंह ने अपना नामांकन दाखिल किया। वहीं भाजपा ने आशीर्वाद जनसभा आयोजित की। जिसमें भाजपा के फायरब्रांड नेता व असम के मुख्यमंत्री सह भाजपा के झारखंड चुनाव प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने हुसैनाबाद में हुंकार भरी। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अमित तिवारी व संचालन जिला महामंत्री ज्योति पाण्डे ने किया। श्री सरमा ने हेमंत सोरेन पर हमला बोलते हुए कहा कि यह चुनाव सिर्फ कमलेश कुमार सिंह को जीतने का चुनाव नहीं है। यह चुनाव झारखंड बचाने का चुनाव है। उन्होंने हुसैनाबाद को पहली कैबिनेट में जिला बनाने का भी वादा किया। लेकिन नाम हुसैनाबाद नहीं रहेगा। उन्होंने कहा बाबर के वंशज से हट कर हिंदू के आराध्य राम कृष्ण जैसी विचार व नमो से जाना जायेगा या किसी आंदोलनकारी के नाम पर होगा। उन्होंने कमलेश कुमार सिंह की जीत का दावा किया है।

**खास बातें :** उन्होंने कहा कि राज्य में एनडीए की सरकार बनते ही बालू फ्री होगा। डेढ़ लाख युवाओं को नौकरी मिलेगी। साल में दो त्योहारों पर दो गैस सिलेंडर फ्री देंगे। गोगो दीदी योजना से प्रतिमाह 21 सौ रुपए मिलेंगे। भाजपा नेता सूर्या सिंह ने विधायक कमलेश सिंह के विकास कार्यो पर प्रकाश डाला। उन्होंने जनता से क्षेत्र का सर्वांगीण विकास का वादा किया। यूपी के परिवहन मंत्री दया शंकर सिंह, यूपी के विधायक लाल बहादुर चौधरी, भाजपा के हुसैनाबाद चुनाव प्रभारी जवाहिर पासवान, भाजपा के जिलाध्यक्ष अमित तिवारी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रविंद्र सिंह, रामप्रवेश सिंह, अशोक सिंह समेत भाजपा नेताओं ने भाजपा प्रत्याशी कमलेश को जीत दिलाने का आह्वान किया। आशीर्वाद जनसभा में हुसैनाबाद अनुमंडल मैदान पूरी तरह भरा था।

## विकास की गति कायम रखें भाजपा को दें समर्थन : चंद्रवंशी

- विधायक ने बिश्रामपुर विस क्षेत्र के कई गांवों में चलाया जनसंपर्क, आम लोगों से किया सीधा संवाद

**खबर मन्त्र संवाददाता**



ग्रामीणों से संवाद करते विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी व उपस्थित अन्य।


**विश्रामपुर (पलामू)।** पूर्व मंत्री सह निवर्तमान विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने बुधवार को विश्रामपुर विस क्षेत्र के पांडेयपुर, भलूआनी, लेदुका, बंदला, रेहला, विशुनपुर सहित दर्जनों गांवों में जनसंपर्क चलाया। उन्होंने जनता से सीधा संवाद भी किया। श्री चंद्रवंशी ने कहा कि पिछले 10 वर्षों से बिश्रामपुर मझिआंव विस क्षेत्र का विकास तेज गति के साथ हुआ है। विकास के इस रफ्तार को कायम रखने के लिए भाजपा को समर्थन दें। क्षेत्र का विकास हमने किया है और आगे भी हम ही करेंगे। जब काम हमने किया है तो मजदूरी भी मुझे ही मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि चुनाव में कई वोट कटवा लोग भेष बदल बदल कर आयेंगे, कई तरह का प्रलोभन देंगे, लेकिन किसी के बहकावे में नहीं आना है। मौके पर विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय, डॉ वी पी शुक्ला, पार्षद देवनाथ यादव, सुनील कुमार चौधरी, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम, शिवबंश मिश्रा, संजय ठाकुर, संतोष राम सहित कई लोग मौजूद थे।

भाजपा सरकार बनते ही पांकी अनुमंडल बनेगा, पिरी चाको सोनरे सिंचाई परियोजना चालू होगी

## पांकी बराज परियोजना को मंजूरी दिला कर काम कराना प्राथमिकता : डॉ मेहता

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**नीलांबर पीतांबरपुर।** भाजपा सरकार बनते ही पांकी को अनुमंडल, पिरी चाको सोनरे सिंचाई परियोजना, पांकी बराज परियोजना को मंजूरी दिलाना पहली प्राथमिकता होगी। हेमंत सरकार ने जान-बूझकर इन सब कामों को लटकाया है। पांकी को अनुमंडल बनाने की मांग वह 2005 से करते आ रहे हैं। विधायक बनने के बाद प्राथमिकता के आधार पर अनुमंडल बनाने के लिए जिला प्रशासन से सभी प्रक्रिया पूरा करा कर मुख्यमंत्री के पास भेजवाया लेकिन पांच साल में मुख्यमंत्री एवं उनके सचिव को अनुमंडल बनाने के फाइल का निष्पादन करने के लिए समय नहीं मिला।



**खास बातें :** विधायक शशिभूषण मेहता ने कहा कि पांच साल पहले तक पाकी विधानसभा क्षेत्र लोगों को बोलने की आजादी नहीं थी यदि विधायक के खिलाफ कोई बोल देता था तो उसे अंग्रेजी शासन शासन जैसा प्रताड़ित किया जाता था। आज हेमंत सोरेन की भ्रष्टाचारी सरकार से हर वर्ग हर समाज के लोग त्रस्त है। तुष्टिकरण की नीति अपना कर एक विशेष समुदाय को सिर्फ लाभ पहुंचाने के उद्धेश्य से काम किया जा रहा है। सरकार बनने के 58 माह बाद हेमंत सोरेन को महिलाओं की याद आई यदि हेमंत सोरेन महिलाओं हितैषी थी तो सरकार बनते मइया सम्मान योजना शुरू कर महिलाओं को पैसा देती। पिछले चुनाव में हेमंत सोरेन ने सरकार बनते ही महिलाओं को दो दो हजार देने की बात कही थी लेकिन 58 माह बाद मात्र एक हजार देकर महिलाओं को अपमानित करने का काम किया है।

लोहरसी सहित अन्य छोटे प्रखंड बनाकर इलाके का चहुंमुखी विकास पहली प्राथमिकता होगी। उक्त बातें पांकी विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता नीलांबर पीतांबरपुर स्थित मौर्या फार्म हाउस में पत्रकारों से बातचीत के क्रम में कही।

### मनातू में कई लोगों ने भाजपा की सदस्यता ली



**मेदिनीनगर।** बुधवार को मनातू प्रखंड में भाजपा का मिलन समारोह हुआ। जिसमें कई लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। भाजपा में शामिल होने वाले लोगों को डॉ मेहता ने पार्टी का पट्टा एवं माला पहनाकर स्वागत किया। डॉ मेहता ने कहा कि 15 साल की गुलामी से उन्होंने पांकी विस को मुक्त कराया है। पांकी में पूर्व जनप्रतिनिधि ने बराबर विकास को अवरूद्ध किया। इसके बावजूद पांकी विस क्षेत्र में उन्होंने विकास की लंबी लकीर खींची है। पार्टी में शामिल होने वालों में वीरेन्द्र सिंह यादव, दिनेश यादव, बैजनाथ यादव, मिथलेश कुमार, कौशम कुमार, नितीश यादव, सुकन यादव, सकेंदर भुइयां, नरेश यादव, कमलेश यादव, राजेंद्र यादव, बेलाश यादव, मनोज यादव, पिंटू परहिया, इंद्रदेव यादव के नाम शामिल हैं।

## लोकतंत्र की मजबूती के लिए सभी को मतदान करना जरूरी : शशिरंजन

- पाटन प्रखंड के अति सुदूरवर्ती होमिया ग्राम में मतदाता जागरुकता कार्यक्रम आयोजित
- डीसी ने चौपाल लगाकर ग्रामीण मतदाताओं की सुनी समस्याएं

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पाटन पलामू।** प्रखंड के अति सुदुरवर्ती क्षेत्र होमिया ग्राम में स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि पलामू उपायुक्त शशि रंजन, जिला स्वीप कार्यक्रम के प्रभारी जावेद हुसैन थे। उपायुक्त ने सभी मतदाताओं के साथ चौपाल लगा समस्याएं सुनी। कसवाखांड़ मुखिया हरेंद्र कुमार ने उनसे सड़क एवं पुल बनाने की मांग की। इस पर उपायुक्त ने सड़क पुल बनवाने का आश्वासन दिया। उन्होंने सभी लोगों से मतदान में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने को कहा। उपायुक्त ने कहा कि पिछले मतदान में होमिया बूथ संख्या 276 का मतदान प्रतिशत कम था। आप इस चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ायें। उन्होंने लोगों से अधिक संख्या में मतदान करने को प्रेरित किया।



## जनता ही मेरी पार्टी और जनता ही मेरा सिंबल : जागृति विकास दुबे

- झारखंड युवा विकास पार्टी के प्रत्याशी ने बी मोड़ चौक पर कार्यकर्ताओं को किया संबोधित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर /बिश्रामपुर।** बिश्रामपुर विस क्षेत्र से झारखंड युवा विकास पार्टी की प्रत्याशी जागृति विकास दुबे ने नामांकन रैली से शक्ति प्रदर्शन किया। उन्होंने कांडी प्रखंड मुख्यालय से रोड शो शुरू किया। उनका रोड शो मझिआंव, बरडीहा, उंटारी होते हुए बी मोड़ पहुंचा, जहां पार्टी सुप्रीमो विकास दुबे व विस प्रत्याशी जागृति विकास दुबे ने कार्यकर्ताओं व आमलोगों को संबोधित किया। रैली में उमड़े जनसैलाब से उत्साहित जागृति विकास दुबे ने कहा कि जनता ही मेरी पार्टी है और जनता ही मेरा सिंबल। बिश्रामपुर की जानता के सम्मान की रक्षा हेतु ही चुनावी मैदान में उतरी हूं। मौका मिला तो बिश्रामपुर मझिआंव विधानसभा क्षेत्र को न्याय के साथ विकसित करके दिखाऊंगी। पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष विकाश दुबे ने कहा कि हमारे पास विकास का विजन है।



### लोजपा के जिलाध्यक्ष ने भाजपा के झारखंड प्रदेश प्रभारी और विधायक कमलेश का किया स्वागत



**मेदिनीनगर।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के पलामू जिलाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह ने असम के मुख्यमंत्री सह भाजपा के झारखंड प्रदेश प्रभारी हेमन्ता विश्व शरमा एवं हुसैनाबाद क्षेत्र से एनडीए भाजपा प्रत्याशी कमलेश कुमार सिंह को बुके देकर उनके नामांकन कार्यक्रम में स्वागत किया। श्री सिंह ने कहा कि पलामू प्रमंडल में भाजपा व आजसू गठबंधन एनडीए जीत का परचम लहरायेगा। इस बार झारखंड में एनडीए गठबंधन की सरकार बनेगी।

## राज्यपाल को झारखंड अगेंस्ट करप्शन के प्रतिनिधिमंडल ने सौंपा ज्ञापन

- भ्रष्टाचारमुक्त झारखंड और छतरपुर को जिला बनाने की राजभवन से पहल की मांग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**छतरपुर पलामू।** झारखंड में व्याप्त भ्रष्टाचार से जनता त्राहिमाम है। सरकार और ब्यूरोक्रेसी में व्याप्त करप्शन से राज्य का विकास बाधित है। झारखंड अगेंस्ट करप्शन के प्रतिनिधिमंडल ने इसका एक ज्ञापन राज्यपाल संतोष गंगवार को सौंपा। जिसमें कहा कि कालांतर से भ्रष्टाचार की कलंक कथाओं से कराह रहा रत्नगर्भा झारखंड राजभवन की दखल से भ्रष्टाचार से मुक्त हो। राज्य में होने वाली नियुक्तियां अक्सर विवादों में ही रही हैं, जिससे युवाओं में निराशा है। राज्यपाल से आग्रह किया कि पारदर्शिता के साथ भर्ती प्रक्रिया पूरी हो इसके लिए राजभवन भी हस्तक्षेप करे। वर्तमान जिला मुख्यालय पलामू से 50 किमी की दूरी पर स्थित छतरपुर अनुमंडल को जिला बनाने की पहल करें।



## लापता युवक का कुआं से शव बरामद

**छतरपुर पलामू।** थाना क्षेत्र के दिनादाग पंचायत के महूगाईं निवासी चनारिक भुइयां उम्र लगभग 20वर्ष पिता स्व भोला भुइयां सोमवार की शाम से लापता था। काफी खोजबीन किए जाने पर बुधवार को घर से लगभग दो तीन सौ मीटर दूर स्थित भट कुआं में इसका शव पाया गया। उन्होंने कहा की चनरिक को किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी। सोमवार की शाम गाय लाने के लिए घर से निकला इसके बाद घर वापस नहीं आया। खोजबीन किए जाने के क्रम में कुआं के पास चुनौटी पड़ा हुआ था।

## भाजपा की बैठक में कार्यकर्ताओं को मजबूती से कार्य करने पर बल

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**तरहसी/नीलांबर पीतांबरपुर।** पांकी विधानसभा क्षेत्र के प्रखंड मनातू ,तरहसी, पांकी , लोहरसी में भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई, जिसमें मनातू मंडल अध्यक्ष अंतू यादव, तरहसी मंडल अध्यक्ष अजीत प्रसाद गुप्ता, पांकी मंडल अध्यक्ष शत्रुघ्न सिंह, लोहरसी मंडल अध्यक्ष रौशन सिंह विधानसभा चुनाव प्रभारी अशोक शर्मा, उत्तर प्रदेश के पूर्व विधायक एवं पांकी विधानसभा चुनाव प्रभारी काली प्रसाद, विस्तारक रोहित यादव सहित सभी भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे। बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव पर गहन चर्चा हुई, जिसमें कार्यकर्ताओं को मजबूती से काम करने की सलाह दी गई। बैठक की जिसमें मनातू मंडल में अध्यक्षता अंतू यादव ने की, तरहसी मंडल में अध्यक्षता अजीत प्रसाद गुप्ता ने की।

### राजद प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में हुसैनाबाद व्यापार मंडल अध्यक्ष कृष्णा बैठा समेत कई राजद में शामिल



**हुसैनाबाद पलामू।** राजद के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव के नेतृत्व में हुसैनाबाद व्यापार मंडल अध्यक्ष कृष्णा बैठा, राजेश्वर यादव, प्रमोद रजक, श्रवण बैठा, अनुज यादव, धर्मेंद्र यादव, उमेश बैठा, रामसेवक विश्वकर्मा, रामप्रसाद राम, गुड्डू कुमार सहित दर्जनों लोगों ने राजद का दामन थामा। संजय ने सभी को माला एवं पार्टी का पट्टा देकर राजद की सदस्यता दिलायी। कृष्णा बैठा ने बताया कि वे कई वर्षों से भाजपा के समर्थक बन कार्य किये। लेकिन पार्टी की नीति व सिद्धांत से विक्षुब्ध होकर एवं राजद की बढ़ती लोकप्रियता एवं प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव के व्यवहार से प्रभावित होकर राजद की सदस्यता ग्रहण की है।

## हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र से किसान ब्रिगेड के संरक्षक कर्नल संजय सिंह का नामांकन आज

- कर्पूरी मैदान में ऐतिहासिक होगा नामांकन सह जन आशीर्वाद सभा : कर्नल संजय

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद (पलामू)।** निर्दलीय प्रत्याशी कर्नल संजय सिंह ने घोषणा की है कि वह 24 अक्तूबर को हुसैनाबाद विधानसभा सीट से अपना नामांकन दाखिल करेंगे। इस अवसर को ऐतिहासिक बनाने के लिए कर्नल संजय सिंह ने कई गांवों का दौरा कर जनता से मुलाकात की और उनका समर्थन मांगा।

उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद की धरती पर पहली बार किसानों का एक सच्चा प्रतिनिधि चुनाव लड़ रहा है। मैं स्वयं एक किसान हूं और अपनी सैन्य सेवा को छोड़कर अब जनता की सेवा में उतर आया हूं। कर्नल संजय सिंह ने जोर देकर कहा कि हुसैनाबाद के युवाओं और महिलाओं का पूरा समर्थन उन्हें मिल रहा है और वे जनता के हर वर्ग की समस्याओं को दूर करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

उनके चुनावी अभियान के दौरान उन्होंने जनता से अपील की कि वे भारी संख्या में 24 अक्तूबर को उनके नामांकन में शामिल होकर उन्हें समर्थन दें। सैन्य सेवा से राजनीति में आने के पीछे उनका उद्देश्य हुसैनाबाद के किसानों और गरीबों की समस्याओं को हल करना है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में विकास की कमी है और यदि वे चुनाव जीतते हैं, तो वे इसे दूर करने के लिए कड़ी मेहनत करेंगे। जनता के बीच कर्नल संजय सिंह के समर्थन में माहौल देखा जा रहा है।





लोगों को संबोधित करते और नये सदस्यों का स्वागत करते कर्नल संजय सिंह।

## हुसैनाबाद से कांग्रेस, झामुमो, राजद ने गठबंधन को जिताने का लिया संकल्प

- एकजुटता से अपने प्रत्याशी को रिकॉर्ड वोटों से जितायेंगे : महागठबंधन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद पलामू।** विधानसभा चुनाव में 79 हुसैनाबाद हरिहरगंज विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से महागठबंधन में राजद कोटे से संयुक्त उमीदवार संजय कुमार सिंह यादव को बनाया गया। बुधवार उनके क्षेत्र में आते ही गठबंधन के नेताओं भव्य स्वागत किया साथ ही शहर के रुद्रा होटल में झामुमो कांग्रेस व राजद के नेताओं ने संयुक्त रूप से प्रेस वार्ता कर अपने प्रत्याशी को रिकॉर्ड वोट से जिताने के लिए संकल्प लिया। इस दौरान नेताओं ने हेमंत सोरेन सरकार में किया गया जनकल्याण कारी योजनाओं को जन जन तक ले जाने और एकजुटता के परिचय देने का संकल्प लिया। नेताओं एक स्वर कहा कि राज्य में नफरत की राजनीति करने वाले व झारखण्ड में आदिवासियों दलितों को हक व अधिकार को लूटने वाली पार्टी व भ्रष्ट उमीदवार को हुसैनाबाद की जनता हर हाल में हरायेगी। हमलोगों को गठबंधन के नेताओं के निर्णय व उमीदवार एक दम साफ सुथरी क्षवि नेता को जीता कर पुनः राज्य में अबुआ की सरकार को मजबूत बनाना है। मौके पर नगर पंचायत के अध्यक्ष शशि कुमार कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मसरूर अहमद मोहम्मदगंज प्रखंड अध्यक्ष नदीम खां, झामुमो के एजाज खान उर्फ छेदी खां, डॉ एजाज आलम, विवेकानंद सिंह, हैदरनगर प्रखंड अध्यक्ष अशोक सिंह, वीआईपी के रामशंकर चौधरी, राजेन्द्र चौधरी राजद के कलामुद्दीन खां, रिजवान खां भी मौजूद थे।



महागठबंधन प्रत्याशी को जिताने का संकल्प लेते लोग।

## स्पीड न्यूज

### भाजपा प्रत्याशी सुदर्शन भगत व डॉ अरूण उरांव आज करेंगे नामांकन

गुमला। गुमला विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी सुदर्शन भगत व सिसई विधानसभा के प्रत्याशी डॉ अरुण उरांव 24 अक्टूबर को अपना नामांकन पर्च दाखिल करेंगे। जिसको लेकर नामांकन जुलूस निकाला जाएगा। जुलूस में वरिष्ठ नेता भाग लेंगे। गुरूवार को प्रातः 10 :00 बजे पालकोट रोड गुमला स्थित साहू पेट्रोल पंप के सामने ऑक्सफोर्ड स्कूल के मैदान में कार्यकर्ताओं से एकत्रित होने की अपील की गयी है। प्रत्याशी के साथ जुलूस मार्च करते हुए भाजपा कार्यकर्ता–समर्थक टॉवर चौक पटेल चौक होते हुए निर्वाचन कार्यालय जाएंगे। तत्पश्चात ऑक्सफोर्ड स्कूल के मैदान में गुमला–सिसई विधानसभा के कार्यकर्ताओं के साथ चुनावी सभा होगी। यह जानकारी अरविंद मिश्रा ने दी है।

### लायंस क्लब की सामन्य बैठक संपन्न

गुमला। लायन्स क्लब ऑफ गुमला का समान्य बैठक क्लब के भवन में अध्यक्ष ला. राजकुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में सचिव ला. अशोक कुमार जयसवाल ने गत बैठक में लिये गये प्रस्ताव पर किये गये कार्य के सम्बन्ध में सदस्यों को जानकारी दी और गत बैठक की संपुष्टी की। बैठक में तय एजेण्डा के अन्तर्गत चर्चा की गई और वन जिला वन गतिबिधि के अन्तर्गत समाजिक कार्य में लायन्स क्लब की भागीदारी कैसे निभाया जाय। जिसपर सदस्यों ने अपनी अपनी बात रखी। अध्यक्ष व सचिव ने कहा कि आने वाले समय में अनेक समाजिक कार्य लायन्स क्लब गुमला द्वारा आयोजित किया जाना है। जिसमे सदस्यो की भूमिका अहम होगी। अर्थ संग्रह के लिये चलाये जा रहे कार्यक्रम को निर्धारित समय में समाप्त करने पर जोर दिया गया। मोतियाबिन्द के संबंध में हमारा लक्ष्य है कि लायन्स क्लब ज्यादा से ज्यादा लोगो को लाभ देगा है तथा लक्ष्य के अनुसार ठंड के दिनों मे गरीबो को कंबल भी बितरण किया जाएगा। बैठक में ला. अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल, सचिव ला. अशोक कुमार जयसवाल , कोषाध्यक्ष अनिल अग्रवाल, पूर्व जिला अध्यक्ष ला. महेश प्रसाद गुप्ता ,प्रथम उपाध्यक्ष ला. मुरली मनोहर प्रसाद, क्लब पीआरओ ला. योगेन्द्र प्रसाद साहु, ला. संजीव उर्वसी, ला. गुलाब चन्द्र प्रसाद, ला. बनवारी लाल अग्रवाल, ला. अरुण केशरी, ला. संजय अग्रवाल, ला. सतेन्द्र कुमार गुप्ता, ला. शिव कुमार लाल, ला बिजय गड़ोदिया, ला शशिकिरण जयसवाल, ला. रीता कुमारी गुप्ता, ला. अनुराधा प्रसाद उपस्थित थी।

### दीपावली व छठ पर्व में सुरक्षा को लेकर नागरिक सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न



गुमला। दीपावली एवं छठ पर्व में सुरक्षा को लेकर स्थानीय ज्योति संघ परिसर में बीट नंबर दो एवं तीन के नागरिक सुरक्षा समिति के सदस्यों की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता पुलिस उपाधीक्षक गुमला सुरेश यादव ने की। बैठक में गुमला नगर में शांति स्थापित करने हेतु पुलिस एवं नागरिक सुरक्षा समिति के अलावे आम नागरिकों से समन्वय स्थापित करने के विषय पर चर्चा की गई। एसडीपीओ ने कहा कि आप अपराधिक घटनाओं के बारे में पुलिस को सूचित करें ताकि पुलिस त्वरित कार्यवाही कर आपराधिक घटनाओं में लगाम लगा सके। उन्होंने समिति के सभी सदस्यों से बारी बारी से अपने मुहल्ले में हो रहे घटनाओं जैसे चोरी कम उम्र के बच्चों द्वारा ब्राउन शुगर, गांजा इत्यादि धडले से सेवन करने के बारे में जानकारी दें। ताकि पुलिस द्वारा समय रहते कानूनी कार्रवाई कर सके। अंत में उन्होंने दीपावली एवं छठ की शुभकामनाएं दी एवं पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाने का अपील की। बैठक में बीट अधिकारी मुनेश तिवारी, जेल सुपरिंटेंडेंट ,नागरिक सुरक्षा समिति से शशि प्रिय बंटी, बद्री गुलशन, प्रीतम कुमार, बालमुकुंद पांडे, पंचू साहू, सतनारायण पटेल, राजीव कुमार ,मनोज गुप्ता, अजय ओहदार, उर्मिला देवी,प्राण गोविंद दत्ता, उपेंद्र सिंह, प्रशांत बड़ाइक, बबलू साहू, उपेंद्र गिरि ,दीपू कुमार ठाकुर आदि उपस्थित थे।

### अवैध महुआ शराब के खिलाफ चैनपुर पुलिस ने चलाया छापामारी अभियान



चैनपुर। आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर पुलिस अवैध गतिविधियों को रोकने में जुट चैनपुर पुलिस के द्वारा लगातार वाहन जांच सहित अवैध शराब के खिलाफ अभियान चलायी जा रही है। इसी क्रम में बुधवार को चैनपुर पुलिस ने थाना क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर अवैध महुआ शराब के खिलाफ कारवाई करते हुए 20 लीटर महुआ शराब एवं 80 केजी जावा महुआ को जब्त करते हुए मौके पर ही नष्ट कर दिया। वहीं पुलिस ने मौके से एक धंधेबाज को भी गिरफ्तार किया है जो ग्राम परहाटोली निवासी मुन्ना रौतिया का पुत्र दिलीप भगत है। जिसे गुमला जेल भेज दिया गया है। बताते चलें कि चैनपुर क्षेत्र में अबकारी विभाग एवं स्थानीय पुलिस की लगातार कारवाई से शराब विक्रेताओं में हड़कंप मचा हुआ है।

### 506 ग्राम अफीम के साथ बस के दो चालक व उप चालक गिरफ्तार



रायडीह। रायडीह पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर एसएसटी प्वाईंट मांझाटोली के पास शिवनाथ नामक यात्री बस में चेकिंग अभियान चलाकर 506 ग्राम अफीम के साथ बस के दो चालक व उप चालक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार चालक में जशपुर जिला जशपुर नगर निवासी रमेश राम, गुडियारी गांधीनगर निवासी शत्रुघन केश्‍वानी व सिमडेगा जिला के ढोडीबहार निवासी इंद्रजीत सिंह के नाम शामिल है। जिन्हें बुधवार को जेल भेज दिया। इस संबंध में बुधवार को रायडीह थाना परिसर में प्रेस कान्फ्रेंस कर पुलिस ने जानकारी दी कि एसपी को गुप्त सूचना मिली थी कि शिवनाथ नामक यात्री बस से अफीम ले जाया जा रहा है। सूचना के तत्काल बाद एसएसटी प्वाईंट मांझाटोली में वाहन रोककर जांच की गयी। जांच के क्रम में वाहन चालक के सीट के पीछे डिक्की में एक प्लास्टिक में पेक किया अफीम जैसा पदार्थ पाया गया। जिसके बाद वाहन के दो चालक व उप चालक को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार लोगों ने जब्त समान का कोई कागजात प्रस्तुत नहीं किया। वहीं पुलिस ने यात्री बस को भी जब्त कर लिया है। छापामारी अभियान में एसडीपीओ चैनपुर, इंस्पेक्टर चैनपुर अंचल, थाना प्रभारी रायडीह कुंदन कुमार सिंह, पुअनि सुरज टोप्पो, एसएसटी मजिस्ट्रेट महमूद आलम अंसारी, प्रभु सहाय, पुअनि शत्रुघन सिंह, सअनि राजेश कुमार तिवारी, सैट 11 के जवान शामिल थे।

## विशुनपुर विस के पांच प्रखंडों के कांग्रेसियों की बैठक में शिव भगत को बनाया गया प्रत्याशी



खबर मंत्र संवाददाता

घाघरा। घाघरा प्रखंड मुख्यालय स्थित संगम बैंक्विट हॉल में बिशनपुर विधानसभा के सैकड़ो कार्यकर्ता के साथ कांग्रेस के प्रदेश महासचिव शिव कुमार भगत ने रायशुमारी बैठक किया। बैठक में सेन्हा, भंडरा, बिशुनपुर, घाघरा, गुमला पूर्वी, गुमला पश्चिमी के सैकड़ो कार्यकर्ता शामिल थे।

जिसमें कार्यकर्ताओं ने शिवकुमार भगत (टुनटुन) को विधानसभा चुनाव में नामांकन दाखिल कर चुनाव लड़ने और जीत दिलाने का संकल्प लिया। कार्यकताओं ने कहा है कि इस विधानसभा चुनाव में स्थानीय विधायक को लाना है। पिछले 15 वर्षों से हम सभी ने वर्तमान के विधायक चमरा लिंडा को जी तोड़ मेहनत कर विधायक बनाने का काम किया। उन्होंने 15 साल यहां के आदिवासी मूलवासियों को ठगने का काम किया है। सिर्फ चुनाव के दौरान आकर नगाड़ा व मांडर देकर भोले भाले आदिवासियो को ठगने का काम करते है।

इन सभी परिस्थितियों को देखते हुए लोगों ने कांग्रेस के प्रदेश महासचिव शिवकुमार भगत टुनटुन को चुनाव में खड़े होकर क्षेत्र का प्रतिनिधित करने का आग्रह किया है।

## टिकट मिलने के बाद लोहरदगा पहुंचे डॉ रामेश्वर उरांव का भव्य स्वागत



खबर मंत्र संवाददाता

लोहरदगा। कांग्रेस से लोहरदगा विधानसभा सीट से टिकट मिलने के बाद पहली बार पहुंचे वित मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव का कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। राज्य में कांग्रेस ने सभी सिटिंग विधायकों पर एक बार फिर दाव लगाया है वही विधानसभा सीट से सिटिंग विधायक डॉ रामेश्वर उरांव पर कांग्रेस ने फिर एक बार भरोसा जताया है। टिकट मिलने के बाद पहली बार डॉ रामेश्वर उरांव लोहरदगा शहरी क्षेत्र के बरवा टोली स्थित विधायक कार्यालय पहुंचे। जहां कार्यकर्ताओ ने डॉ रामेश्वर उरांव के समर्थन में नारेबाजी कर बुके और माला पहना कर स्वागत किया। डॉ रामेश्वर उरांव उत्साहित नजर आए उन्होंने पार्टी आलाकमान का धन्यवाद कर विकास के मुद्दों पर चुनाव लड़ने और जितने कि बात कही साथ ही चुनाव में इंडिया गठबंधन की सत्ता में वापसी और राज्य में इंडिया गठबंधन की सरकार बनाने का दावा भी किया।

## बाइक दुर्घटना में साला और बहनोई की मौत

कुडू, लोहरदगा। कुडू थाना क्षेत्र के टाटी चौक के समीप बीते रात अनियंत्रित बाइक पेड़ से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक में सवार दोनों को गंभीर रूप से चोट आई। दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर किया गया। इलाज के दौरान दोनों की अस्पताल में ही मौत हो गई। बताया जाता है कि पांकी निवासी सोनू गोप अपने ससुराल उदित गोप के यहां कुडू के टाटी गांव आए थे। शाम में अपने चचेरे साले बालक गोप के पुत्र अरुण गोप के साथ बाइक पर घूमने गए थे। रात्रि घर वापस आने में टाटी सरकारी स्कूल के पास बाइक से अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराई। खबर लिखे जाने तक शव रिम्स से नहीं आया था।

## गोली चलाने वाले 3 आरोपी हथियार के साथ गिरफ्तार

लोहरदगा। जिले के सदर थाना पुलिस ने फायरिंग करने के मामले में तीन आरोपी को हथियार के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस ने लिखित आवेदन के आधार पर करवाई करते हुए आरोपी लाल रौशन, पीयूष कुमार और राजेश कुमार को गिरफ्तार किया है। तीनो आरोपी लोहरदगा जिले के ही रहने वाले है। बुधवार को सदर थाना में एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मामले का किया खुलासा। पुलिस ने आरोपियों के पास से एक देसी कट्टा एक सिक्सर रिवॉल्वर, तीन कारतूस और तीन मोबाइल भी बरामद किया है। तीनो पर आर्म्स एक्ट और गोलीबारी करने के मामले में प्राथमिकी दर्ज हुआ। एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा ने सदर थाना में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी देते हुए बताया शहरी क्षेत्र निवासी आकाश कुमार साहू के घर के बाहर 12 अक्टूबर को भय उत्पन्न करने के लिए आरोपियों द्वारा गोली बारी की गई थी जिसके बाद थाने में पीड़ित के द्वारा आवेदन दिया गया था। आवेदन के आधार पर पुलिस ने करवाई करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार किया और उनके पास से गोलीबारी में उपयोग किए गए हथियार को भी पुलिस ने बरामद कर लिया है। तीनों आरोपियों को जेल भेजा गया और पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है।

## कुडू में यात्री बस से 23 किलो गांजा जब्त

कुडू। चुनाव के मद्देनजर कुडू चंदवा मुख्य पथ एनएच 75 कुडू बस स्टैंड के समीप जमुंटोली में बने चेकपोस्ट पर बुधवार की सुबह एक यात्री बस से 23 किलो गांजा बरामद हुआ है। जिसकी संभावित कीमत करीब चार लाख बताई जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार चेकपोस्ट पर तैनात दंडाधिकारी राजेश एक्का एवं सब इंस्पेक्टर दिलिप कुमार सिंह ने चतरा से रांची जा रही मोना नामक यात्री बस संख्या जेएच 01एफटी–8255 की डिक्की में चेकिंग के दौरान करीब 20 किलो गांजा बरामद किया है। दंडाधिकारी ने बताया कि चेकिंग के दौरान बस के खलासी से डिक्की में पशु आहार के बोरे में रखे सामान के बारे में पूछने पर बताया कि कपड़ा है। जिसके बाद बोरा खोलने पर उसमे रखे करीब 23 किलो कुछ ग्राम गांजा को जब्त किया गया। वहीं आरोपी मौके से फरार होने का कोशिश कर रहा था जिसे दौड़ा कर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। अधिकारियों को बस के खलासी ने बताया कि लातेहार जिले के बारियातू नचना गांव के समीप से एक युवक बोरे में कपड़ा होने की बात कह रांची जाने के लिए सवार हुआ था। बस को चेक पोस्ट पर खड़ा रखा गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# गुमला में तीन विधानसभा सीटों पर कुल 6 प्रत्याशियों ने किया नामांकन पर्चा दाखिल















खबर मंत्र संवाददाता

गुमला। विधान सभा के प्रथम चरण के चुनाव को लेकर गुमला जिला के तीनों विधान सभा सीटों से कुल 6 उम्मीदवारों ने बुधवार को अपना नामांकन पर्चा निर्वाची पदाधिकारी के समक्ष दाखिल किया।

अधिकांश प्रत्याशी दो सेटों में नामंकन पत्र भरा। जिसमें गुमला विधान सभा से झापा पार्टी के उम्मीदवार लेयोनार्ड खलखो, निर्दलीय बोनीफास कुजूर व निर्दलीय महेश्वर बैगा ने नामांकन पर्चा भरा। वहीं विशुनपुर विधान सभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव ने अपना नामांकन पत्र भरा। जबकि सिसई विधान सभा सीट के लिए निर्दलीय राजेश लिंडा व सीपीआईएम के मदुवा मुंडा ने नामांकन पर्चा भरा। भाजपा के विशुनपुर विधान सभा प्रत्याशी समीर उरांव शक्ति प्रदर्शन करते हुए नामांकन करने पहुंचे थे। उनके नामांकन जुलूस में केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी शामिल हुई। जुलूस पालकोट रोड पेट्रोल पंप के समीप से निकाला गया। जो शहर के टावर चौक, मेन रोड, लोहरदगा रोड से कचहरी परिसर होते हुए नामांकन स्थल पहुंची। इस दौरान भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व समर्थक जुलूस में पार्टी के झंडा बैनर के साथ शामिल हुए। जुलूस के दौरान जमकर पार्टी कार्यकर्ताओं ने नारा लगाया।

## चुनाव में प्रतिनियुक्त एसएसबी जवानों को दिया गया जानकारी

खबर मंत्र संवाददाता

गुमला। गुमला जिलान्तर्गत बामदा एवं कोंडरा बेस कैंप में विधान सभा चुनाव-2024 को स्वच्छ, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने हेतु प्रतिनियुक्त एसएसीबी कंपनी के सुरक्षा बलों को विधान सभा चुनाव के मद्देनजर प्रशिक्षण दिया गया तथा क्षेत्र के भौगोलिक एवं डेमोग्राफी परिदृश्य के संबंध में ब्रीफ किया गया। साथ ही इस क्षेत्र में विगत वर्षों में घटित महत्वपूर्ण घटनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। आगामी विधान सभा चुनाव से संबंधित चुनौतियों, संवेदनशील बुथों में मतदान के दौरान चुनौती के संबंध में आवश्यक जानकारी दी गई। क्षेत्र में उग्रवादी, प्रतिबंधित संगठनों के सक्रियता एवं सुरक्षा संबंधित उच्च स्तर के मापदण्डों के संबंध में भी जानकारी दी गई। साथ ही मौके पर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। चैनपुर एसडीपीओ ललित मीना, गुमला एसडीपीओ श्री सुरेश प्रसाद यादव, एवं प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक श्री शिव शंकर मराण्डी ने संयुक्त रूप से प्रतिनियुक्त जवानों को प्रशिक्षण दिया।

## चुनाव की तैयारियों को लेकर डीसी ने की समीक्षा



गुमला। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में विधान सभा चुनाव को लेकर बुधवार को सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विधान सभा चुनाव को सुचारू रूप से सम्पन्न कराने हेतु आवश्यक तैयारियों पर चर्चा की गई। उपायुक्त ने सभी मतदान केंद्रों पर एश्योर्ड मिनिमम फैसिलिटी को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि मतदाताओं को सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। इसके साथ ही, उपायुक्त ने उन मतदान केंद्रों की भी गहन समीक्षा की, जहां सुरक्षाबल के ठहरने की व्यवस्था की गई है। बैठक में प्रत्येक मतदान केंद्र की बिंदुवार समीक्षा कर आवश्यक निर्देश जारी किए गए,ताकि चुनाव प्रक्रिया में किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो। इस दौरान बैठक में डीडीसी गुमला एवं सभी बीडीओ सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद थे।

## मतदाता जागरूकता को लेकर डीसी ने किया एलईडी स्क्रीन वाहन को रवाना



खबर मंत्र संवाददाता

लोहरदगा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा बुधवार को विधानसभा आम निर्वाचन, हेतु सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, रांची, झारखण्ड द्वारा संचालित 02 वीआर-एलईडी स्क्रीन युक्त प्रचार वाहनों को समाहरणालय परिसर, लोहरदगा से रवाना किया गया। उक्त वाहनों द्वारा 72-लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र और 69-बिशुनपुर (अंश) विधानसभा क्षेत्र के उन क्षेत्रों के मतदाताओं को जागरूक किया जाएगा जिन क्षेत्रों के मतदान केंद्रों में मतदान का प्रतिशत राष्ट्रीय औसत से कम रहा हो या जिन मतदान केंद्रों पर न्यूनतम मतदान हुआ हो। उक्त वाहनों में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखण्ड के स्तर से उपलब्ध कराये गये मतदाता जागरूकता से संबंधित कंटेंट प्रसारित किये जाएंगे। इस मौके पर एसपी हारिस बिन जमां, डीडीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, स्वीप कोषांग की वरीय पदाधिकारी सीता पुष्पा, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी शिवनंदन बड़ाईक समेत अन्य उपस्थित थे।

### नामांकन के पांचवे दिन दो प्रत्याशियो ने भरा पर्चा




लोहरदगा। बुधवार को लोहरदगा विधानसभा में 02 अभ्यर्थियों ने नामांकन दाखिल किया। जिसमे बृजमोहन उरांव, सलगी, कूडु निवासी ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन दाखिल किया। वही पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया के तरफ से बिहारी भगत ने एसडीओ सह निवार्ची पदाधिकारी अमित कुमार के कार्यालय में नामांकन पत्र दाखिल किया गया।

## वर्तमान निकम्मी सरकार से त्रस्त है जनता : अन्नपूर्णा देवी

### भाजपा का घाघरा में विशुनपुर विधान सभा स्तरीय बूथ कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न




कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करती केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी।



कार्यक्रम में शामिल महिलाएं।

खबर मंत्र संवाददाता

घाघरा। भाजपा के बिशुनपुर विधानसभा स्तरीय बूथ कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन बुधवार को जीटीपीएस पब्लिक स्कूल चपका परिसर में किया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय महिला बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी व बिशुनपुर विधानसभा प्रत्याशी समीर उरांव के अलावे कई भाजपा नेता शामिल हुए। यहां बता दे की गुमला में नामांकन करने के बाद अन्नपूर्णा देवी व समीर उरांव कार्यक्रम स्थल पहुंच लोगों को संबोधित किया।

इस दौरान अन्नपूर्णा देवी ने कहा राज्य की जनता झारखंड की वर्तमान निकम्मी सरकार से त्रस्त है। उन्होंने ठगबंधन की सरकार को उखाड़ फेंकने का आह्वान कार्यकर्ताओं से किया। प्रत्याशी समीर उरांव ने भाजपा के पक्ष में मतदान करने के लिए लोगों से आग्रह किया और राज्य में डबल इंजन की सरकार बनाने की अपील की। देश की यशस्वी प्रधानमंत्री हर एक तबके के लिए योजना का चयन कर रहे हैं और सबको लाभान्वित कर रहे है। सुदुरवर्ती इलाका हो या उग्रवाद प्रभावी इलाका भारत सरकार के मंत्री वहां जाते हैं और वहां के लोगों से मिलते हैं।

उनकी समस्याओं से रूबरू होते है। आज राज्य में बालू किलो के भाव में बिकने लगा है। लोग प्रधानमंत्री आवास बालू के कारण नहीं बन पा रहे है। जल जंगल जमीन की बात करने वाली सरकार जंगल को उजाड़ कर खनिज संपदा को बेचने का काम कर रहे है। दुमका में बेटी सुरक्षित नहीं है। बहनों को दुष्कर्म कर हत्या कर दी जा रही है। समीर उरांव ने कहा झारखंड के वर्तमान की सरकार ने राज्य की जनता से वादा किया था कि राज्य में चौमुखी विकास करेंगे।

पर पूरे 5 साल के कार्यकाल में उन्होंने सिर्फ और सिर्फ अपना विकास किया। माटी, रोटी व बेटी का सवाल राज्य में खड़ा हो गया है। यशस्वी प्रधानमंत्री ने साफ तौर पर कहा जब तक नरेंद्र मोदी जिंदा है तब तक आरक्षण खत्म नहीं किया जाएगा। इस अवसर पर अन्नपूर्णा देवी, समीर उरांव, प्रवीण सिंह, विश्व विजय सिंह तोमर, कुमार रवि, विपिन बिहारी सिंह, मुरली मनोहर सिंह, सीमा देवी, पप्पू गुप्ता, भिखारी भगत, केदार साहू, जगत ठाकुर, वचन चौरसिया, गोपाल गोप, आशीष सोनी, अमित ठाकुर, अमित सिंह सहित सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद थे।


सेन्ट्रल माईन प्लानिंग एण्ड डिजाईन इन्स्टीच्यूट लिमिटेड
Central Mine Planning & Design Institute Ltd.
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक अनुषंगी कम्पनी)
गोन्दवाना प्लेस, काँके रोड, राँची- 834008, झारखण्ड, भारत

सूचना

"सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं की खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कंपनियों द्वारा जारी सभी निविदाएं कोल इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in/ संबंधित अनुषंगी कंपनी (सीएमपीडीआई, www.cmpdi. co.in),सीआईएल ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेंट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध है। इसके अलावा, जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती है।"



उपायुक्त का न्यायालय, कोडरमा

थाना हाजरी प्रस्ताव सं०–53/2024
(झा० अप० नि० अधि० – 2002 की धारा–3 के अन्तर्गत थाना हाजरी प्रस्ताव हेतु)
प्रसंगः– राज्य बनाम् रोहित मेहता उर्फ रोहित कुमार उर्फ मोंटी उर्फ बल्ला।

ज्ञापांक 1787/विधि दिनांक 22.10.2024

नोटिस

1. रोहित मेहता उर्फ रोहित कुमार उर्फ मोंटी उर्फ बल्ला, पे०–हुलास मेहता, सा०–शिवसागर, थाना–डोमचाँच, जिला–कोडरमा, राज्य–झारखण्ड।

निदेशानुसार, बजरिये नोटिस द्वारा आपको सूचित किया जाता है, कि प्रश्नगत् वाद में पूर्व कार्यालय ज्ञापांक–1718/विधि दिनांक 08.10.2024 द्वारा उपायुक्त, कोडरमा के न्यायालय में वाद की निर्धारित तिथि दिनांक 22.10.2024 को उपस्थित होकर अपना पक्ष रखने हेतु आपको पूर्व में नोटिस निर्गत किया गया था। ज्ञातव्य हो, कि प्रश्नगत् वाद में वाद की निर्धारित तिथि दिनांक 22.10.2024 को उपायुक्त, कोडरमा के न्यायालय में सुनवाई के दौरान आप अनुपस्थित पाये गये।

अतः आपको अंतिम अवसर देते हुए आदेश दिया जाता है, कि प्रश्नगत् वाद में वाद की आगामी निर्धारित तिथि दिनांक 29.10.2024 को उपायुक्त, कोडरमा के न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखना सुनिश्चित् करें अन्यथा आपकी अनुपस्थिति में यह समझा जायेगा कि आपको इस वाद में कुछ नहीं कहना है। तदनुसार एकपक्षीय सुनवाई कर आदेश पारित कर दिया जायेगा।

कृपया इसे सख्त ताकिद समझें।

प्रभारी पदाधिकारी,
विधि शाखा, कोडरमा।

PR 339432 (District) 24-25 (D)



कार्यालय, निर्वाची पदाधिकारी, 71–कोलेबिरा(अ०ज०जा०)विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र
(निर्वाची कोषांग)

आम सूचना

भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के आदेश सं0– 3/4/आईडी 2024/एसडीआर/खण्ड–1, दिनांक 17 अक्टूबर, 2024 के आलोक में सभी निर्वाचकों जिन्हें निर्वाचक फोटो पहचान पत्र जारी किए गए हैं, से अपेक्षा की जाती है कि वे मतदान के दिन मतदान केन्द्रों पर अपना मत डालने से पहले अपनी पहचान सुनिश्चित करने हेतु अपना निर्वाचक फोटो पहचान पत्र दिखाएं। ऐसे निर्वाचक जो अपना निर्वाचक फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाते हैं, उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने के लिए निम्नलिखित वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों में से कोई एक प्रस्तुत कर सकते हैं :–

1. आधार कार्ड
2. मनरेगा जॉब कार्ड
3. बैंको/डाकघरों द्वारा निर्गत फोटोयुक्त पासबुक
4. श्रम मंत्रालय की योजना के अन्तर्गत निर्गत स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड
5. ड्राईविंग लाईसेंस
6. पैन कार्ड
7. एन0पी0आर0 के अन्तर्गत आर0जी0आई0 द्वारा निर्गत स्मार्ट कार्ड
8. भारतीय पासपोर्ट
9. फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज
10. केन्द्र/राज्य सरकार/लोक उपक्रम/पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र
11. सांसदों/विधायकों/विधान परिशद् सदस्यों को जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र, और
12. यूनिक डिस्एबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार

निर्वाची पदाधिकारी,
71–कोलेबिरा(अ0ज0जा0)वि0स0नि0क्षेत्र
–सह–अपर समाहर्त्ता, सिमडेगा

PR 339467 Simdega(24-25)#D



जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त का कार्यालय, कोडरमा
(निर्वाचन कोषांग)

आदेश

कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड, राँची की अधिसूचना संख्या 6979 दिनांक 21–10–2024, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी–सह–सचिव, मंत्रिमंडल (निर्वाचन) विभाग, झारखण्ड, राँची के पत्रांक 5523 दिनांक 16–10–2024 तथा भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के पत्रांक 78/EPS/2024 दिनांक 16–10–2024 के आलोक में लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 135(ख) के निम्नांकित प्रावधानों का अनुपालन किया जाना है :–

1. लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 135(ख) के अधीन विधान सभा निर्वाचन 2024 के निमित कोडरमा जिलान्तर्गत किसी कारोबार, व्यवसाय, औद्योगिक उपक्रम या किसी अन्य स्थापना में नियोजित प्रत्येक व्यक्ति को, जो विधान सभा निर्वाचन में मतदान करने का हकदार है, मतदान के दिन अवकाश मंजूर किया जाएगा।
2. उपधारा (1) के अनुसार अवकाश मंजूर किये जाने के कारण किसी ऐसे व्यक्ति की मजदूरी से कोई कटौती या उसमें कोई नहीं की जाएगी और यदि ऐसा व्यक्ति इस आधार पर नियोजित किया जाता है कि उसे सामान्यतया किसी ऐसे दिन के लिए मजदूरी प्राप्त नहीं होगी तो इस बात के होते हुए भी उसे ऐसे दिन के लिए वह मजदूरी संदत्त की जायेगी, जो उस दिन उसे अवकाश मंजूर न किये जाने की दशा में दी गयी होती।
3. यदि कोई नियोजक उपधारा (1) और उपधारा (2) के उपबंधों का उल्लंघन करेगा, तो ऐसा नियोजक जुर्माने से, जो पाँच सौ रूपये तक हो सकेगा, दंडनीय होगा।
4. यह धारा किसी ऐसे निर्वाचन पर लागू नहीं होगी, जिसकी अनुपस्थिति से उस नियोजन के संबंध में जिसमें वह लगा हुआ है, कोई खतरा या सारवान् हानि हो सकती है।

उपरोक्त प्रावधानों के अनुसार सभी निर्वाचक जो प्रतिष्ठानों और दुकानों के कर्मचारी हैं, जिनमें शिफ्ट के आधार पर काम करने वाले लोग भी शामिल है उन्हे उस निर्वाचन क्षेत्र में मतदान के दिन सवेतन अवकाश दिया जायेगा। इसके अलावे जहाँ लोक कोई व्यक्ति सामान्य रूप से निर्वाचन क्षेत्र का निवासी है और निर्वाचक के रूप में पंजीकृत है वह सामान्य मतदान वाले निर्वाचन क्षेत्र के बाहर स्थित किसी औद्योगिक उपक्रम या प्रतिष्ठान में सेवारत या नियोजित हो सकता है। संबंधित निर्वाचन क्षेत्र के बाहर कार्य करने वाले श्रमिक मतदाता भी लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 135 ख(1) के तहत सवैतनिक अवकाश के हकदार होंगे। दैनिक वेतनभोगी/अनौपचारिक कर्मचारी भी मतदान के दिन अवकाश और वेतन के हकदार होंगे।

कोडरमा जिला अन्तर्गत 19 कोडरमा विधान सभा क्षेत्र, 20 बरकटठा विधान सभा क्षेत्र (अंश) एवं 21 बरही विधान सभा क्षेत्र (अंश) में मतदान 13 नवम्बर 2024 (बुधवार) को निर्धारित है।

कोडरमा जिलान्तर्गत सभी संबंधित प्राधिकारों को निदेश दिया जाता है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 135(ख) के प्रावधानों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करेंगे।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–उपायुक्त, कोडरमा

PR 339451 Election(24-25).D

खबर मन्त्र
रांची. गुरुवार. 24 अक्टूबर 2024
अभिव्यक्ति
epaper.khabarmantra.net

# कम होता गतिरोध

चीन ने पुष्टि की कि पूर्वी लद्दाख में भारतीय और चीनी सेनाओं के बीच जारी लंबे समय से चल रहे गतिरोध को समाप्त करने के लिए नई दिल्ली के साथ एक समझौता हुआ है। यह घोषणा चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने की, जिन्होंने कहा कि दोनों देश सीमा से संबंधित मुद्दों पर निरंतर राजनयिक और सैन्य माध्यमों से संपर्क में रहे हैं। लिन जियान ने एक संवाददाता सम्मेलन में बताया, भारत और चीन की सेनाएं प्रासंगिक मामलों पर एक समाधान पर पहुंच गई हैं। उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों ने बातचीत के माध्यम से तनाव को कम करने और सीमा पर स्थिरता बनाए रखने पर सहमति जताई है।यह समझौता ऐसे समय में आया है जब पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर 2020 से दोनों देशों के बीच तनाव चल रहा था। इस दौरान कई बार कूटनीतिक और सैन्य स्तर पर बातचीत के बावजूद संघर्ष विराम नहीं हो पाया था। जियान ने कहा कि चीन इन प्रस्तावों को लागू करने के लिए भारत के साथ मिलकर काम करेगा लेकिन उन्होंने इस संबंध में विस्तृत जानकारी देने से इनकार कर दिया। भारतीय और चीनी वातार्कार पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर गश्त के लिए एक समझौते पर सहमत हुए हैं। इस समझौते को पूर्वी लद्दाख में चार वर्ष से अधिक समय से जारी सैन्य गतिरोध के समाधान की दिशा में एक बड़ी सफलता के रूप में देखा जा रहा है। जून 2020 में गलवान घाटी में हुई भीषण झड़प के बाद भारत और चीन के बीच संबंध निचले स्तर पर पहुंच गए थे। यह झड़प पिछले कुछ दशकों में दोनों पक्षों के बीच हुई सबसे भीषण सैन्य झड़प थी। भारतीय एवं चीनी सैनिक उसी तरह गश्त कर सकेंगे जैसे वे दोनों पक्षों के बीच सैन्य गतिरोध शुरू होने से पहले किया करते थे। लेकिन भारत को चीन से सावधान रहने की जरूरत है।

## कार्टून वर्ल्ड







मेष : व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। घर में शुभ समाचारों का संचार होगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। शुभांक-6-7-9

वृष : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। बुजुर्गों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति साथ रहेंगी। शुभांक-2-7-9

मिथुन : कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। होश में रहकर कार्य करें। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। आत्मीय श्रेष्ठता बनेगी। शुभांक-3-7-8

कर्क : राजकीय कार्यों से लाभ। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। श्रम साध्य कार्यों में सफल होंगे। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। कामकाज की अधिकता रहेगी। शुभांक-4-8-9

सिंह : व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। शुभांक-3-6-9

कन्या : मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। शुभांक-4-5-9

तुला : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार हैं। परिवारजनों का सहयोग बना रहेगा। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-3-7-9

वृश्चिक : मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-2-7-8

धनु : आय के योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करे। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। आत्मविश्वास बढ़ेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। इच्छित कार्य सफल होंगें। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि होगी। शुभांक-3-6-9

मकर : अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। नये व्यावसायिक अनुबन्ध होंगे। 'आगे-आगे गौरख जागे' वाली कहावत चरितार्थ होगी। मेहमानों का आगमन होगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। शुभांक-4-6-8

कुंभ : जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। शुभांक-1-3-7

मीन : लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। विशिष्ट जनों से मुलाकात होगी। शुभांक-1-5-9

# देश के विकास में बाधक है अवैध निर्माण



**हिमाचल** प्रदेश जैसा शांत, सुरम्य और छोटा राज्य पिछले कुछ दिनों से सुलग रहा है और कारण है शिमला के संजौली और अन्य कुछ स्थानों पर ऐसी मस्जिदें, जो कथित रूप से अवैध हैं। दिल्ली में भी कुछ मंदिरों को हटाने पर अदालती दांवपेंच चल रहे हैं। शायद ही कोई ऐसा दिन जाता हो जब देश के किसी हिस्से से किसी धार्मिक स्थल को हटाने पर विवाद की खबरें न आती हों। दुर्भाग्य यह है कि देश की सरकारें अदालती आदेशों को अपने सियासी हितों के मुताबिक लागू करती हैं और दबा कर भी रख लेती हैं।

सन 2009 में सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया था कि सार्वजनिक या सरकारी जमीन पर, बिना मंजूरी वाले सभी धार्मिक स्थल अवैध हैं और इन्हें हटाया जाए। उस समय हर राज्य ने अपने अधिकार क्षेत्र में अवैध धार्मिक स्थलों की सूची भी पेश की थी। सितंबर, 2010 में सुप्रीम कोर्ट ने इन सभी को हटाने का दो हफ्ते का समय दिया, लेकिन 14 साल बीत जाने पर उनमें से गिने-चुने स्थल ही हटे; हां, इससे कई गुणा बढ़ जरूर गए।

दिल्ली सरकार के गृह विभाग ने 14 अक्तूबर, 2024 को राज्य के विभागों और निकायों को पत्र भेज कर सितंबर, 2009 के सुप्रीम कोर्ट के आदेश के आलोक में अवैध धार्मिक स्थलों की सूची तैयार कर उन्हें हटाने के निर्देश दिए हैं। अचानक यह आदेश क्यों आया? हो सकता है कि इसके पीछे कोई सियासी चालबाजी हो, लेकिन हकीकत तो यह है कि देश में स्कूलों से कहीं अधिक संख्या धार्मिक स्थलों की है। लगभग 24 लाख मंदिर-मस्जिद-गुरुद्वारे-गिरजे आदि देश के चप्पे-चप्पे में फैले हैं। इनमें से कई की आय तो किसी राज्य के सालाना बजट के बराबर होती है, लेकिन कड़वी सच्चाई यही है कि इनमें से अधिकांश सार्वजनिक भूमि पर, बिना कोई नक्शा पास किए, मनमाने तरीके से बने हैं। अकेले दिल्ली में ही अवैध धार्मिक स्थलों की संख्या 60 हजार से अधिक है। तमिलनाडु ऐसे अतिक्रमणों के लिए शीर्ष पर है, और सन् 2009 में प्रस्तुत हलफनामे में यह संख्या 77,450 थी। राजस्थान में 58,253, मध्यप्रदेश में 52,923, उत्तर प्रदेश में 45,000, और गुजरात में 15,000 धार्मिक स्थल अवैध चिन्हित किए गए थे।

सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में 1,493 धार्मिक स्थल गैरकानूनी पाए गए, लेकिन उनमें से मात्र 50 को हटाया गया। लेकिन उसके बाद वहां 500 नए कब्जे हो गए। प्रदेश के मंदसौर में 6,344, उज्जैन में 5,746, धार में 1,540, और ग्वालियर में 1,752 गैरकानूनी धार्मिक स्थल फलते-फूलते अब और अधिक जगह घेर चुके हैं।



\- पंकज चतुर्वेदी

> 1 अक्तूबर, 2024 वाले आदेश में सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस केवी विश्वनाथन की पीठ ने भी कहा है कि सार्वजनिक जगहों पर स्थित किसी भी धार्मिक ढांचे को हटाना होगा क्योंकि जनहित सबसे ऊपर है। भारत धर्मनिरपेक्ष देश है। लगभग 24 लाख मंदिर-मस्जिद-गुरुद्वारे-गिरजे आदि देश के चप्पे-चप्पे में फैले हैं। इनमें से कई की आय तो किसी राज्य के सालाना बजट के बराबर है।

उत्तर प्रदेश में सरकारी हलफनामे के मुताबिक 14 साल पहले 45,152 अवैध कब्जे धर्म के नाम पर थे। गिने-चुने स्थल ही हटे। अकेले लखनऊ में 971 बेशकीमती स्थान धर्म के नाम पर घेरे गए हैं। सिद्धार्थ नगर में सर्वाधिक 4,706, मुजफ्फरनगर में 4,023, और झांसी में 1,101 सहित हर जिले में ऐसा अवैध कारोबार फलता-फूलता सरकारी निगाह में है। उत्तर प्रदेश में 25 सितंबर, 2013 से लेकर जुलाई, 2023 तक हाई कोर्ट में अलग-अलग कम से कम पांच मामलों में ऐसे निर्माण हटाने के आदेश किसी लाल बस्ते में बहानों के साथ बंद हैं।

पांच मार्च, 2020 को उत्तराखंड हाई कोर्ट ने 29 सितंबर, 2009 के बाद अवैध तरीके से बने धार्मिक स्थलों का पता लगाकर उन्हें हटाने के लिए निर्देश दिया था। सरकार के हलफनामे के अनुसार कोर्ट के आदेश पर राज्य के सभी 13 जिलों में अवैध रूप से बने मंदिर, मस्जिद, चर्च व गुरुद्वारा की जांच की गई। सरकार ने साफ किया है कि हरिद्वार में 171, टिहरी गढ़वाल में 96, नैनीताल में 9, चंपावत में 23, चमोली में 3, अल्मोड़ा में 5, पिथौरागढ़ में 6, पौड़ी गढ़वाल में 15, उत्तरकाशी में 2, रुद्रप्रयाग में 7, ऊधमसिंह नगर में 412, और देहरादून में 21 धार्मिक स्थल सार्वजनिक व सरकारी भूमि पर अतिक्रमण कर बनाए गए हैं। लेकिन कार्रवाई के नाम पर सरकार ने कोई सख्त कदम नहीं उठाए। मध्य प्रदेश में तो अदालती आदेश का अनुपालन न होने को लेकर अदालत की अवमानना का मामला भी चल रहा है। अदालतें भी अब ऐसे मामलों में लंबी तारीखें लगाती हैं।

अभी 30 मई 2024 को केरल हाई कोर्ट के जस्टिस पी.वी. कुन्हीकृष्णन ने सांप्रदायिक सद्भाव को बनाए रखने और भारत के संविधान की प्रस्तावना में निहित ह्यसंप्रभु समाजवादी धर्मनिरपेक्ष लोकतांत्रिक गणराज्यह्ण के रूप में देश को मजबूत करने के लिए सरकारी या सार्वजनिक भूमि से अनधिकृत और अवैध धार्मिक संरचनाओं की पहचान करने और उन्हें हटाने के निर्देश जारी किए। उन्होंने अपने आदेश में लिखा कि सरकारी भूमि पर अवैध धार्मिक स्थलों के निर्माण की अनुमति नहीं दी जा सकती। इससे राज्य में धार्मिक वैमनस्य पैदा होगा। बुलडोजर कार्रवाई पर रोक के 1 अक्तूबर, 2024 वाले आदेश में सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस केवी विश्वनाथन की पीठ ने भी कहा है कि सार्वजनिक जगहों पर स्थित किसी भी धार्मिक ढांचे को हटाना होगा क्योंकि जनहित सबसे ऊपर है। भारत धर्मनिरपेक्ष देश है। लगभग 24 लाख मंदिर-मस्जिद-गुरुद्वारे-गिरजे आदि देश के चप्पे-चप्पे में फैले हैं। इनमें से कई की आय तो किसी राज्य के सालाना बजट के बराबर होती है, लेकिन कड़वी सच्चाई यही है कि इनमें से अधिकांश सार्वजनिक भूमि पर, बिना कोई नक्शा पास किए, मनमाने तरीके से बने हैं।

आस्था, धार्मिकता, अध्यात्म हमारे देश की संस्कृति का महत्वपूर्ण हिस्सा है, लेकिन इसमें भेदभाव की कोई गुंजाइश नहीं है। देश विकास के जिस संक्रमण काल से गुजर रहा है, उसमें धर्म के नाम पर क्षुद्र राजनीति देशहित में तो कतई नहीं है। आज समय की मांग है कि देशभर के अवैध धार्मिक स्थलों को धार्मिक संस्थाएं खुद हटाएं और देश के सौहार्द और विकास के रास्ते को गति दें।

## लेटर टू एडिटर

### न्याय की तार्किकता

**सत्तारूढ़** बीजेपी सरकारों द्वारा गंभीर अपराधों, अनधिकृत कब्जों के खिलाफ पीला पंजा इस्तेमाल कर मकानों को गिराने की नीति के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिशा-निर्देश जारी करने पर चर्चा करने वाला था। अपराध साबित होने से पहले किसी का मकान गिराना उसके पूरे परिवार से अन्याय है, अगर बाद में व्यक्ति बेकसूर साबित हो जाए तो इसकी क्षतिपूर्ति कौन करेगा। कई बार देखा गया है कि बुलडोजर की कार्रवाई समाज के एक वर्ग विशेष के लोगों के खिलाफ ही की जाती है। बुलडोजरी न्याय पर प्रतिबंध, जनहित में न्याय संगत तथा काबिलेतारीफ है।

**-अनिल कौशिक, रांची**

### गरिमापूर्ण जीवन

**सुप्रीम** कोर्ट का आदेश जेलों में जाति के आधार पर काम के बंटवारे में सुधार लाने के लिए ऐतिहासिक और स्वागतयोग्य है। यह अंग्रेजी शासन की बर्बरता को समाप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

**-ईश्वर गर्ग, हजारीबाग**

## X ट्वीट

**निर्लज** भाजपाइयों ने साजिश के तहत मुझे जेल में डाला तो मजबूरत कल्पना को राजनीति में आना पड़ा।

वैसे भाजपाइयों को बता दूं कि बंटी बबली सुपर हिट फि ल्म रही है।

**- हेमंत सोरेन, सीएम**

**झारखंड** के गढ़वा विधानसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी श्री सत्येन्द्रनाथ तिवारी जी के समर्थन में आयोजित नामांकन सभा को संबोधित किया। गढ़वा में जनता के अपार जनसमर्थन और अद्भुत जोश व उत्साह से स्पष्ट है कि इस बार झारखंड की जनता कमल खिलाने का का मन बना चुकी है।

**- शिवराज सिंह चौहान, केन्द्रीय कृषि मंत्री**

# झारखंड चुनाव में भाजपा को हरियाणा पैटर्न लाभ पहुंचा सकता है

**मृत्युंजय प्रसाद**

**चुनाव 2024**

**हरियाणा** विधानसभा चुनाव की जीत से भारतीय जनता पार्टी में नया उत्साह आ गया है। हरियाणा से भाजपा को विपक्ष के झूठ पर आधारित नैरेटिव ध्वस्त करने का मंत्र मिल गया है। अब झारखंड, महाराष्ट्र राज्यों सहित कई राज्यों की खाली पड़ी विधानसभा तथा दो लोकसभा सीटों पर उपचुनावों की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। इन सभी चुनावों में भाजपा के नेतृत्व वाला राजग गठबंधन अपनी तैयारी में काफी आगे निकल चुका है, गठबंधन ने अपने सहयोगी दलों के साथ सीटों का बंटवारा भी कर लिया है और उम्मीदवारों के चयन का काम पूरा करते हुए अपने नारे भी सेट कर लिये हैं।

हरियाणा विधानसभा चुनाव के परिणाम से स्पष्ट है कि लोकसभा चुनाव के दौरान भाजपा का जो कोर मतदाता किसी कारणवश इधर-उधर चला गया था, वह वापस आ रहा है। लोकसभा चुनाव में संविधान और आरक्षण सहित जातिवार जनगणना का झूठा नैरेटिव चलाने के कारण ओबीसी समाज भाजपा से छिटका, जिसके कारण उसका 400 पार का नारा धरातल पर नहीं उतर सका था। अब भाजपा निराशा के उस भाव से उबर चुकी है।

हरियाणा में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नारे हिंदू बटेंगे तो कटेंगे ने हिन्दू जनमानस को नयी चेतना दी थी और अब यही नारा महाराष्ट्र की धरती तक पहुंच गया है। साथ ही हरियाणा में ओबीसी समाज ने जिस प्रकार भाजपा का साथ दिया है उसे ध्यान में रखते हुए भाजपा अब अन्य राज्यों में भी ओबीसी समाज को साधने के लिए हर उपाय करने जा रही है। हरियाणा चुनाव के बाद मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मंत्रिमंडल की पहली बैठक में अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति वर्ग के ज्यादा जरूरतमंदों को आरक्षण का लाभ देने के लिए प्रदेश सरकार एससी एसटी वर्ग में उपवर्गीकरण करने जा रही है। हरियाणा सरकार का यह कदम सर्वोच्च न्यायालय के कोटा में कोटा के ऐतिहासिक निर्णय की भावना के अनुरूप है।

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव जीतने के लिए जहां भाजपा ने कमर कस ली है वहीं संघ व विश्व हिंदू परिषद सहित समस्त हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता भी सक्रिय हो गए हैं। बांग्लादेश, पाकिस्तान, अफगानिस्तान सहित विश्व के अनेक देशों में हिंदुओं व सनातन धर्म के आस्था के केंद्रों पर जिस प्रकार हमले किये जा रहे हैं तथा भारत का विपक्ष जिस प्रकार सनातन हिंदू के खिलाफ जहर उगल रहा है उससे उत्पन्न संकट को देखते हुए अब सभी हिंदू संगठनों को यह समझ में आ गया है कि सत्ता कितनी अनिवार्य है। भाजपा के लिए संघ के साथ उसके सभी समवैचारिक संगठन सक्रिय हैं।

विश्व हिंदू परिषद पूरे महाराष्ट्र में साधु-संतों के सम्मेलन करवाने की योजना बना रही है। मंदिर-मठों का प्रतिनिधित्व करने वाले साधु-संत हिंदुत्व, सुशासन, विकास, लोक कल्याण, राष्ट्रीय हित जैसे विषय जनमानस को बतायेंगे। लव जिहाद, धर्मांतरण आदि को रोकने के लिए वहां पर पहले भी कई रैलियां हो चुकी हैं। इसके साथ ही साधु-संत वोट जिहाद के प्रति भी हिंदू जनमानस को जगाने के लिए काम कर रहे हैं और वोट जिहाद के खिलाफ 100 प्रतिशत मतदान करने की बात कर रहे हैं। नागपुर और अकोला में संत सम्मेलन आयोजित किये जा चुके हैं।

संत समाज का कहना है कि लोकसभा चुनाव में जो हुआ वह वोट जिहाद का ही परिणाम था किंतु अब वोट जिहाद का हिसाब उसी तरह किया जायेगा। वोट का प्रतिशत बढ़ाया जाए। हमारा देश, हमारे संस्कार लेकर बढ़े इसलिए हमें अपना मत प्रतिशत बढ़ाना है। विहिप का कहना है कि अब आने वाले सभी निर्वाचनों में ऐसे लोग ही चुनकर आएं जो नीति निर्धारण हिंदू धर्म, हिंदी, संस्कृत, हिंदी परम्परा, हिंदू रीति रिवाज का संरक्षण करने वाले हों। महाराष्ट्र की राजनीति में हिंदुत्व एक बड़ा फैक्टर रहा है और इसी बात को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये हैं जैसे गाय को राज्यमाता का दर्जा दिया जाना।

भाजपा ओबीसी व वनवासी समाज को अपनी ओर आकर्षित करने के लिए हरसंभव प्रयास करेगी क्योंकि 2014 में नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद से चुनाव दर चुनाव ओबीसी समाज भाजपा का साथ देता आ रहा है। सबसे अधिक ओबीसी मुख्यमंत्री भाजपा ने ही बनाए हैं।

सबसे अधिक ओबीसी विधायक व सांसद भाजपा से ही जीतकर आ रहे हैं। भाजपा ओबीसी समाज के लिए कुछ बड़े निर्णय ले सकती है क्योंकि महाराष्ट्र में भी ओबीसी समाज की एक बड़ी भूमिका है। उत्तर प्रदेश के विधानसभा उपचुनाव में भी हिंदुत्व के साथ जातियों को भी साधने पर काम किया जा रहा है। भाजपा के रणनीतिकार अब विशिष्ट रणनीतियों पर काम कर रहे हैं।

# भारत की शुल्क नीति पर ट्रंप के झूठे एतराज की सच्चाई

**अजय श्रीवास्तव**

**आर्थिक**

**जापान** का उच्चतम शुल्क 457 प्रतिशत, दक्षिण कोरिया का 887 प्रतिशत और अमेरिका का उच्चतम शुल्क 350 फीसदी है जबकि भारत का उच्चतम शुल्क 150 प्रतिशत ही है।

अमेरिका की व्यापार नीति को देखते हुए इस वक्त भारत को किसी बाहरी दबाव के आगे झुके बगैर अपने महत्त्व की प्राथमिकताओं का पालन करने की जरूरत है। बता रहे हैं अजय श्रीवास्तव

डेट्रॉयट में 11 अक्टूबर को एक जनसभा के दौरान अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने कहा कि भारत विदेशी वस्तुओं पर सबसे ज्यादा शुल्क लगाता है। यह पहला मौका नहीं था। पिछले महीने भी उन्होंने भारत को आयात शुल्क का सबसे ज्यादा दुरुपयोग करने वाला बताया था। 2020 में तो उन्होंने भारत को ह्यटैरिफ किंगह्ण तक कह डाला था।

भारत द्वारा अधिक शुल्क या टैरिफ लगाने जाने के ट्रंप के दावे में कितना दम है और भारत के शुल्क क्या वाकई वैश्विक व्यापार के नियम तोड़ रहे हैं तथा भारत-अमेरिका संबंध इससे कैसे प्रभावित हो रहे हैं।

ट्रंप सबसे ज्यादा शुल्क की ही बात करते हैं। भारत का औसत आयात शुल्क 17 प्रतिशत है जो अमेरिका के 3.3 प्रतिशत से काफी ज्यादा है। लेकिन ट्रंप इसकी बात ही नहीं करते। इसके बजाय वह अधिकतम शुल्क की बात करते हैं, जिस पर लोगों का ध्यान फौरन पहुंच जाता है।

मिसाल के तौर पर 2019 में उन्होंने कहा कि भारत अमेरिकी व्हिस्की पर 150 प्रतिशत शुल्क लगाता है। भारत बेशक व्हिस्की (150 प्रतिशत) और वाहनों (100-125 प्रतिशत) पर ऊंचा शुल्क लगाता है मगर कई देश अपने कुछ खास उद्योगों को संरक्षण प्रदान करने के लिए अधिक शुल्क लगाते हैं और भारत ऐसा करने वाला अकेला देश नहीं है।

अमेरिका ने विभिन्न उत्पाद समूहों पर उच्चतम शुल्क लगाए हैं। इनमें डेरी उत्पाद (188 प्रतिशत), फल एवं सब्जियां (132 प्रतिशत), अनाज एवं खाद्य सामग्री (193 प्रतिशत), तिलहन, वसा और तेल (164 प्रतिशत), पेय पदार्थ एवं तंबाकू (150 प्रतिशत), खनिज एवं धातु (187 प्रतिशत) और कपड़े (135 प्रतिशत) शामिल हैं।

भारत के उच्चतम शुल्कों को देखकर उसे टैरिफ किंग बताने का ट्रंप का दावा सही नहीं है क्योंकि कई दूसरे देशों के शुल्क भारत से ज्यादा हैं। जापान का उच्चतम शुल्क 457 प्रतिशत, दक्षिण कोरिया का 887 प्रतिशत और अमेरिका का उच्चतम शुल्क 350 फीसदी है जबकि भारत का उच्चतम शुल्क 150 प्रतिशत ही है। सर्वोच्च शुल्क आम तौर पर संवेदनशील क्षेत्रों को महफूज रखने के लिए लगाया जाता है। मसलन जापान अपने किसानों के हितों की रक्षा के मकसद से चावल पर ऊंचा शुल्क लगाता है। लेकिन ये सर्वोच्च शुल्क अपवाद हैं और उन देशों में ज्यादातर व्यापार इतनी ऊंची दरों पर नहीं होता। देश के आयात शुल्क की सही तस्वीर उसके औसत टैरिफ से ही मिलती है।

भारत का 17 प्रतिशत का औसत टैरिफ अमेरिका के 3.3 प्रतिशत औसत से अधिक है। मगर यह दक्षिण कोरिया के 13.4 प्रतिशत और चीन के 7.5 प्रतिशत के करीब है। औद्योगिक उत्पादों के लिए भारत का औसत शुल्क 13.5 प्रतिशत है और लेकिन आयातित मूल्य की इकाई के हिसाब से औसत शुल्क या ट्रेड वेटेड एवरेज देखें तो यह 9 प्रतिशत ही पड़ता है।

### अमेरिका तोड़ रहा डब्ल्यूटीओ के नियम

वैश्विक व्यापार के नियम विश्व व्यापार संगठन (हळ्ड) तय करता है और भारत उसके शुल्क संबंधी नियमों का उल्लंघन नहीं करता। लेकिन अमेरिका ऐसा करता है। नियम तोड़े जाएं तो सदस्य देश डब्ल्यूटीओ से हस्तक्षेप करने के लिए कह सकते हैं। हालांकि अमेरिका अक्सर भारत का नाम लेकर चिंता जताता है मगर उसने भारत के ऊंचे शुल्कों को डब्ल्यूटीओ में चुनौती नहीं दी है क्योंकि वह जानता है कि भारत का शुल्क डब्ल्यूटीओ की सहमति वाली सीमा के भीतर है।

जब 1995 में डब्ल्यूटीओ की शुरूआत हुई तब विभिन्न देशों ने उत्पादों पर अधिकतम शुल्क तय कर दिए जिन्हें ह्यबाउंड टैरिफह्ण (बाध्यकारी शुल्क) कहा गया और शुल्क उससे अधिक नहीं बढ़ाने पर भी वे रजामंद हो गए।

अमेरिका और जापान जैसे विकसित देशों ने कम बाउंड टैरिफ (लगभग 3-4 प्रतिशत) रखा था और भारत जैसे विकासशील देशों को अधिक टैरिफ (40-150 प्रतिशत) की इजाजत दे दी गई।

मगर विकसित देशों ने विकासशील देशों के लिए ऐसा लचीला रुख अपनाते समय यह शर्त रख दी कि उन देशों को डब्ल्यूटीओ की वार्ता में बौद्धिक संपदा अधिकार और सेवाओं को भी शामिल करना होगा। कम बाउंड टैरिफ के कारण ही अमेरिका डब्ल्यूटीओ के नियम तोड़े बगैर शुल्क नहीं बढ़ा सकता। मगर भारत स्टील पर टैरिफ 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत तक कर सकता है और डब्ल्यूटीओ नियमों का उल्लंघन भी नहीं होगा क्योंकि स्टील पर बाउंड टैरिफ 40 प्रतिशत है।

किसी देश के बाउंड टैरिफ और वास्तविक टैरिफ के बीच का अंतर वाटर कहलाता है। अमेरिका, जापान और चीन जैसे देशों का वाटर कम है, जबकि भारत का ज्यादा है। इसका मतलब है कि भारत के पास डब्ल्यूटीओ के नियम तोड़े बगैर शुल्क बढ़ाने की ज्यादा गुंजाइश है। अमेरिका डब्ल्यूटीओ के राष्ट्रीय सुरक्षा अपवाद नियमों के सहारे ही शुल्क बढ़ा सकता है। मगर यह दलील गले नहीं उतरेगी कि स्टील और एल्युमीनियम के आयात से अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरा हो सकता है।

## स्पीड न्यूज़

### रामगढ़ में प्रमुख पार्टियों ने एक ही जाति का उतारा उम्मीदवार

**रामगढ़।** रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में सभी प्रमुख पार्टियों ने प्रत्याशियों के नाम घोषित कर दिये है। विधानसभा क्षेत्र में स्त्री 2 की सफलता के बाद स्त्री 3 की स्क्रिप्ट रिपिट होती नजर आ रही है। क्योंकि आजसू ने विधायक सुनीता चौधरी को प्रत्याशी बनाया है। वहीं, कांग्रेस ने पूर्व विधायक ममता देवी को प्रत्याशी बनाया है। इधर, आजाद समाज पार्टी द्वारा समाज सेवी मधु गुप्ता को प्रत्याशी बनाये जाने की चर्चा हो रही है। जिससे लग रहा है कि रामगढ़ विधानसभ क्षेत्र में इसबार स्त्री 3 की स्क्रिप्ट रिपिट होनेवाली है। रामगढ़ विधानसभ क्षेत्र को कुर्मी जाति बाहुल्य विधानसभा क्षेत्र माना जाता है। इसी कारण सभी प्रमुख पार्टियों ने कुर्मी जाति के प्रत्याशियों को मैदान में उतारा है। आजसू ने विधायक सुनीता चौधरी को प्रत्याशी बनाया है। कांग्रेस ने पूर्व विधायक ममता देवी को प्रत्याशी बनाया है। जबकि जेएलकेएम ने पनेश्वर महतो को प्रत्याशी बनाया है। ये सभी कुर्मी जाति से आते हैं। सभी प्रमुख पार्टियों ने कुर्मी जाति से प्रत्याशी मैदान में उतारा है। विशेषज्ञों का कहना है इससे कुर्मी जाति के वोट बटेंगे और दूसरी जातियों के वोटरों का रूख तय करेगा कि इसबार रामगढ़ विधानसभा से कौन विजय होगा।

### मांडू की जनता मेरा परिवार: पटेल



**कुजू।** नयामोड़ फोरलेन चौराहा पर कांग्रेस प्रदेश सचिव धर्मराज राम व प्रखंड अध्यक्ष सागर महतो के संयुक्त नेतृत्व में मांडू के कांग्रेस प्रत्याशी सह पूर्व विधायक जयप्रकाश भाई पटेल का स्वागत कार्यकर्ताओं ने किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने प्रत्याशी के रुकते ही फूलमाला पहनाते हुए गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। साथ ही चुनाव में पूरे दमखम के साथ सहयोग करने व जीत दिलाने का भरोसा दिलाया। वहीं टिकट लेकर आ रहे उत्साहित प्रत्याशी पटेल ने कहा की मांडू विस की समस्त जनता मेरा परिवार है। सभी का विकास हो ये मेरी प्राथमिकता रही है। स्वागत करने वालों में धर्मराज राम, नीरज झा, सागर महतो, मिथलेश महेता, बसन्त नारायण महतो,संतोष महेता, अकबर खान,सुकर करमाली,ललित राम, बूटी तिवारी, राजेश्वर गंझू, कमलेश यादव, विनय सिंह, रामसेवक राम,सुनिल राम,डॉ योगेंद्र सिंह,अशोक यादव,मो रसूल, मो तारिक, अभय सिंह,सन्नी सिंह,मो जब्बार,मनोज केसरी व दीपक सिंह शामिल थे।

### छात्रों को दी गयी कराटे की ट्रेनिंग



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** ए ला एंगलाइज सीनियर सेकेंडरी विद्यालय में बुधवार को मार्शल आर्ट सितोरियू कराटे के तत्वावधान में बालिकाओं के लिए एक दिवसीय कराटे प्रशिक्षण शिविर लगा। शिविर में शामिल 22 बच्चियों को कराटे कोच सेंसाई कंचन दास ब्लैक बेल्ट तृतीय डॉन काता, कुमिते और बेसिक फाइट का विधिवत प्रशिक्षण दिया। इस दौरान कई लड़कियों ने कराटे के पोशाक में एक-दूसरे के साथ फाइट करने के तकनीकों से भी अवगत हुए। शिविर में कंचन दास ने बच्चियों को कराटे का योगाभ्यास कराते हुए इसके फायदों से अवगत कराया। सेंसाई श्री दास ने कहा कि कराटे आत्मरक्षा का बेहतर साधन है। इसी उद्देश्य से विद्यालय की बच्चियों को आत्मरक्षा के लिए सप्ताह में दो दिन मार्शल आर्ट का प्रशिक्षण दिया जाता है। प्राचार्य विजयंत कुमार ने कहा कि विद्यालय में पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों के स्वास्थ्य का भी ख्याल रखा जाता है।

### 12 वॉलीबॉल खिलाड़ी हजारीबाग गये



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** विनोबा भावे अंतर महाविद्यालय वॉलीबॉल पुरुष प्रतियोगिता के लिए जुबिली महाविद्यालय से कोच सहित 12 खिलाड़ी मंगलवार की शाम हजारीबाग के लिए रवाना हुए। टीम को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एकेएस झा, खेल प्रभारी मनोज प्रसाद सहित महाविद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षकेतर कर्मचारियों ने खिलाड़ियों से अच्छे प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी है। प्राचार्य डॉ. एकेएस झा ने बताया कि गौतम बुद्ध टीचर ट्रेनिंग कॉलेज हजारीबाग में 23 से 24 अक्टूबर तक आयोजित दो दिवसीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता के लिए कोच नवीन कुमार के साथ रूपेश कुमार, बादल कुमार सिंह, साहिल कुमार, आर्यन राज, सक्षम कुमार सिंह, दीपक कुमार, रोहित सोरेन, प्रिंस कुमार सिंह, अंकित कुमार, पवन कुमार मुंडा, निशांत कुमार सिंह व हंसराज मुंडा रवाना हुए।

### पीवीयूएनएल में नुक्कड़ नाटक



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** स्पर्श ईवॉइस टीम के सहयोग से पीवीयूएनएल में ह्यसत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धिह्न विषय पर परियोजना कार्यालय के मैदान में बुधवार को नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया। इसमें डीएवी स्कूल के बच्चों द्वारा यह नाटक प्रस्तुत किया गया। जिसमें सत्यनिष्ठा पर एक सशक्त संदेश दिया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीवीयूएनएल के सीईओ आरके सिंह ने कहा कि बच्चे हमारे देश के भविष्य हैं, इनका सर्वांगीण विकास जरूरी है। उन्होंने कहा कि बच्चों को नैतिकता का पालन करने और भ्रष्टाचार के खिलाफ एकजुट होकर लड़ने की सीख देनी चाहिए। बच्चों और शिक्षकों को उनके इस अर्थपूर्ण और प्रभावशाली प्रदर्शन के लिए पीवीयूएनएल प्रबंधन द्वारा उपहार देकर सम्मानित किया गया। नुक्कड़ नाटक के अलावा सरकारी स्कूल के बच्चों के लिए निबंध लेखन और पोस्टर बनाने जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिनमें सत्यनिष्ठा और नैतिकता के विषय पर रचनात्मक अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित किया गया। मौके पर देवदीप बोस जीएम (ओएंडएम), अनुपम मुखर्जी जीएम (परियोजना), मनीष खेत्रपाल जीएम (रख-रखाव), रवींद्र पटेल जीएम (कमीशनिंग और परीक्षण) सहित अन्य विभागाध्यक्ष और दर्जनों कर्मचारी मौजूद थे।

# बरकट्ठा विधानसभा में कांटे की टक्कर

## दो बागी, जानकी यादव और अमित यादव के बीच होगा चतुष्कोणीय मुकाबला

▸▸ भाजपा नेत्री कुमकुम देवी और बटेश्वर मेहता लड़ेंगे निर्दलीय



जानकी यादव



अमित यादव



कुमकुम देवी



गौतम मेहता



बटेश्वर मेहता





खबर मन्त्र संवाददाता

**बरकट्ठा।** बरकट्ठा विधानसभा का चुनाव दिलचस्प होने वाला है। इस बार दो बागी नेता और दो यादव नेता के बीच कांटे की टक्कर होगी। इस बार का चुनाव चतुष्कोणीय है। ऊपर से जेएलकेएम के नेता भी रंग में दिख रहे है। पहले बरकट्ठा विधानसभा को जानने समझने का प्रयास करते है। हजारीबाग और कोडरमा संसदीय क्षेत्र से घिरे बरकट्ठा विधानसभा सीट पर किसी भी एक दल का दबदबा नहीं रहा है।

इस क्षेत्र से कांग्रेस, भाजपा और झाविमो के नेता विधानसभा तक पहुंचते रहे हैं। इस बार जानकी यादव ने झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थामा है। जेएलकेएम जैसे पार्टियों का मूड भी जनता भांप रही है। जिससे यहां से विधानसभा तक पहुंचने का ख्वाब देखने वाले राजनीतिक दल के नेताओं की सरगर्मी बढ़ गई है। निर्दलीय जितने वाले विधायक अमित यादव को भाजपा ने दिया है टिकट। भाजपा से टिकट की आस लगाए भाजपा नेत्री कुमकुम देवी और बटेश्वर प्रसाद मेहता ने भाजपा से विद्रोह कर चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी है। ये बरकट्ठा के भाजपा उम्मीदवार अमित यादव के लिए खतरे की घंटी है।क्योंकि पिछले पांच साल से वे उस क्षेत्र के विधायक है और एंटी इंकम्बैंसी की फैक्टर भी उनके साथ है। हालांकि अमित यादव अपना गढ़ बचाने के लिए पूरा जोर आजमाइश करेंगे। पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव को झामुमो ने बरकट्ठा से उम्मीदवार बनाया है। वे इस सीट को जितने के लिए अपने सारे अनुभव और पैतरें को अपनाएंगे। कुमकुम देवी ने भाजपा से टिकट लेने के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ी थी। उन्होंने पार्टी के हर आंदोलन हर कार्यक्रम में सिरकत की थी। ऐसा लग रहा था की इस बार उन्हें भाजपा से टिकट लेने से कोई नहीं रोक सकता। लेकिन अमित यादव के भाजपा पार्टी ज्वाइन करने के बाद ये कयास लगाए जा रहे थे की टिकट के इस खेल में अमित यादव भारी पड़ेंगे और हुवा भी वही। वे टिकट लेने में सफल हो गए। मायुश कुमकुम ने दूसरी पार्टी का दामन थाम लिया है और चुनाव लड़ने की घोषणा भी कर दी है। कुमकुम देवी को हलके में लेना किसी को भी भारी पड़ सकता है। बटेश्वर मेहता का दुर्भाग्य रहा है की एक अच्छे राजनेता और समाजसेवी होने के बावजूद एन वक़्त पर टिकट के मामले में उनकी किस्मत दगा दे जाती है। ये इतिहास रहा है। वे निर्दलीय व जदयू से पूर्व में चुनाव लड़ चुके हैं और फिर से निर्दलय चुनाव लड़ेंगे। उनकी जनता में अच्छी पकड़ है। ये भाजपा के अमित यादव के वोट में ही सेंधमारी करेंगे। बीपी मेहता के चुनावी अखाड़े में उतरने से भाजपा प्रत्याशी को कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ सकता है। नयी पार्टी जेएलकेएम से गौतम मेहता चुनाव लड़ेंगे। गौतम की युवाओं में अच्छी लोकप्रियता है। अच्छा जनाधार है। कुल मुलाकर इससे राजनीतिक मुकाबला दिलचस्प होने के आसार बढ़ गए हैं। बरकट्ठा विधानसभा में हजारीबाग जिले का दारू, टाटीझरिया, बरकट्ठा, चलकुशा और कोडरमा जिला चंदवारा और जयनगर प्रखंड का ग्रामीण इलाका पड़ता है। अधिकतर क्षेत्र जंगल पहाड़ों और नदियों से घिरा है। कृषि व पशुपालन रोजगार के मुख्य साधन है। क्षेत्र में सिंचाई, सड़क, बिजली, पेयजल, स्वास्थ्य सेवा का हाल दयनीय है। 2019 की विधानसभा चुनाव में भाजपा और निर्दलीय के बीच कांटे की टक्कर हुई थी। भाजपा प्रत्याशी जानकी प्रसाद यादव को निर्दलीय प्रत्याशी अमित कुमार यादव ने हरा दिया था।

हालांकि यहां मतदाताओं का मूड समय-समय पर बदलता रहा है। राजनीतिक जानकार बताते हैं कि 1980 के चुनाव में रामगढ़ राजपरिवार के राजा कामाख्या नारायण सिंह परिवार कांग्रेस से ललिता राजलक्ष्मी ने भाकपा प्रत्याशी भुनेश्वर प्रसाद मेहता को 1400 वोट से पराजित किया था। 1985 में कांग्रेस से लंबोदर पाठक विधायक बने थे। उन्होंने भाकपा प्रत्याशी भुनेश्वर प्रसाद मेहता को 750 वोटों से पराजित किया था। इसके बाद भाजपा से खगेंद्र प्रसाद दो बार विधायक बने। चितरंजन प्रसाद यादव भी भाजपा के टिकट पर चुनाव जीतकर विधानसभा पहुंचे। मृत्यु होने के बाद उनके पुत्र अमित यादव विधायक बने। उसके बाद जानकी यादव विधायक बने. 2019 में जानकी यादव को हराकर अमित यादव ने फिर से उस सीट पर कब्जा किया था। देखना है इस बार क्या होता है।

## सांसद मनीष जायसवाल कटकमसांडी के 20 गांवों में किया जनसंपर्क, कहा

# प्रदीप प्रसाद को जितायें



खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग के सदर विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद के पक्ष में सांसद मनीष जयसवाल ने बुधवार को कटकमसांडी प्रखंड क्षेत्र के 8 पंचायतों के करीब 20 गांवों का तुफानी दौरा किया। इस बीच भाजपा प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद के पक्ष में आशीर्वाद जनसमर्थन मांगे।

हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सदर विधानसभा क्षेत्र स्थित कटकमसांडी प्रखंड के ग्राम होरिया,रेबर, डांटो खुर्द, बाझा, कटकमसांडी, बरगड्डा, डांड,लुपुंग, जैलमा ओर गादोखर में हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने भाजपा प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद के पक्ष में जनसंपर्क अभियान चलाया तो लोगों ने पुरजोर समर्थन का भरोसा उन्हें जताया। मनीष जायसवाल और भाजपा प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद के स्वागत में गाजे बाजे के साथ सुबह से दोपहर तक लोग यहां इंतजार करते रहे और उनका शानदार स्वागत किया । श्री जयसवाल ने लोगों को बताया कि इस राज्य में गठबंधन की सरकार बहुत निकम्मी सरकार है जिसे इसे उखाड़ फेंकना है और जनता की सरकार यानि राज्य में भाजपा की सरकार बनाना है।

जनसंपर्क अभियान में भाजपा प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद ने अपने पक्ष के लोगों से आशीर्वाद व समर्थन मांगे है।श्री प्रसाद ने बताया कि हम आपलोग के हर एक सुख दुख में साथ है और हमेशा आगे साथ में देंगे।

**मौके पर ये थे मौजूद :** कटकमसांडी प्रखंड क्षेत्र में कटकमसांडी पूर्व विधायक प्रतिनिधि किशीरी राणा, जिला मंत्री रीतलाल यादव,कटकमसांडी पश्चिम मंडल अध्यक्ष कैलाश यादव ,कटकमसांडी पूर्वी मंडल अध्यक्ष प्रकाश कुशवाहा ,पूर्व पूर्वी मंडल अध्यक्ष जीवन मेहता,कटकमसांडी प्रखंड के पूर्वी जिला परिषद सदस्य मंजू नंदनी, गदोखर पंचायत के मुखिया नारायण साव,कंचनपुर पंचायत के मुखिया अशोक राणा, महिला मोर्चा के अध्यक्ष सुनीता यादव, मंत्री राकेश सिंह, युवा मोर्चा के प्रखण्ड अध्यक्ष दीपक मेहता ,लुपुंग के पूर्व मुखिया दिलीप कुमार रवि,महामंत्री अरविंद यादव, ,लेखराज यादव,और कटकमसांडी क्षेत्र के दर्जनों भाजपा नेता और समर्थक मौजूद थे।

### तिवारी महतो के नामांकन में विष्णुगढ़ से हजारों आजसू और भाजपा के कार्यकर्ता होंगे शामिल

**विष्णुगढ़।** बुधवार को गोमिया रोड स्थित टाटा मोटर्स के सामने चुनाव कार्यालय में आजसू पार्टी की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता प्रखंड कार्यकारी अध्यक्ष रूपेंद्र महतो व संचालन प्रखंड सचिव हरीश पटेल ने किया। निर्णय लिया गया कि 24 अक्टूबर को मांडू विस से एनडीए प्रत्याशी निर्मल महतो उर्फ तिवारी महतो के नामांकन में बिष्णुगढ़ प्रखंड के सभी पंचायतों से आजसू और भाजपा के हजारों कार्यकर्ता शामिल होंगे। केंद्रीय सदस्य रंजीत गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम में एनडीए घटक के शीर्ष नेता भी नामांकन में मौजूद रहेगे। बैठक में लिलो महतो,महादेव देहाती, करण यादव, सोबरन भगत, दीपू अकेला,गौतम वर्मा, हरीश पटेल, हेमंत आर्या, नागी मुखिया कुंवर हसन्दा, दामोदर महतो, उपमुखिया दिलीप तुरी, सुधीर कुमार, मो असलम, गुफरान अंसारी, गोविन्द महतो, पंकज महतो,बाबू खान,मुकुल साव, मनोज यादव व अन्य मौजूद थे।

## परिवर्तन का मूड बना चुकी है जनता : रोशन चौधरी



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भाजपा भदानीनगर मंडल के तत्वावधान में मतकता फोरलेन स्थित हवेली रेस्टोरेंट में मंगलवार रात एनडीए प्रत्याशी रोशन लाल चौधरी के साथ परिचयात्मक बैठक का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता भाजपा भदानीनगर मंडल अध्यक्ष सागर दांगी व संचालन मंडल महामंत्री मोती नारायण सिंह ने किया। सर्वप्रथम एनडीए प्रत्याशी रोशन लाल चौधरी ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीन दयाल उपाध्यक्ष के तस्वीर पुष्प अर्पित कर पुष्पांजलि दी। भाजपाईयों ने रोशनलाल चौधरी को जोरदार स्वागत किया। बैठक में कार्यकर्ताओं ने बड़कागांव विधानसभा चुनाव में एनडीए प्रत्याशी रोशन लाल चौधरी को भारी मतों से जिताने का संकल्प लिया। चौधरी ने कहा कि पूरे राज्य की जनता परिवर्तन का मूड बना चुकी है। बड़कागांव की जनता ने काफी कुछ सहा है। यहां की जनता हमेशा उपेक्षा की शिकार रही है। जनता मुझे मौका देती है तो बड़कागांव विधानसभा का सर्वांगीण विकास करूंगा। उन्होंने कहा कि कमल छाप पर बटन दबाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करें। राज्य में डबल इंजन की सरकार से राज्य का विकास तेजी से होगा। श्री चौधरी ने लोगों से कमल छाप पर बटन दबाकर भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। मौके पर बड़कागांव विधानसभा प्रभारी किसलय तिवारी, हजारीबाग के प्रवासी रमण अग्रवाल, उतरी प्रमंडलीय प्रभारी योगेश दांगी, किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष सनी प्रसाद कुशवाहा, मंडल उपाध्यक्ष अनुप कुमार ठाकुर, कुमेल उरांव, सुरेंद्र करमाली, देवेंद्र सिंह, रणवीर सिंह, आशीष शर्मा, राजेश महतो, पंचम महतो, बालेश्वर राम, आनंद कुमार सहित सुदुरवर्ती इलाके से बूथ के कार्यकर्ता मौजूद थे।

### लड़कियों की शादी 18 साल से पहले करना अपराध : इशरत



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पटेलनगर भुरकुंडा स्थित कैथोलिक आश्रम स्कूल, सौंदा डी और सौंदा बस्ती के स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केंद्र में चाइल्ड हेल्थ लाइन और अग्रगति संस्था ने बुधवार को किशोरियो के बीच बाल मजदूरी, बाल विवाह और बाल तस्करी के रोकथाम के लिये जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान पतरातु प्र्रखंड की कांउसलर इशरत जहां ने बच्चो को बाल मजदूरी, बाल विवाह और बाल तस्करी के रोकथाम के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि यह देश और समाज के लिये अभिशाप है। लड़कियों की शादी 18 साल से पहले करना अपराध हैं। बच्चियों का विवाह अभिभावक 18 साल के बाद करें। उन्होने कहा कि होटल और गैरेज में 14 आयु वर्ग से कम के बच्चों से काम नहीं कराए। उन्हें काम करने से रोकने का काम करें। अग्रगति और सीडब्लूसी मिलकर संयुक्त रूप से काम कर रहें है।

# ओडिशा के अंगुल में सीमेंट ग्राइंडिंग यूनिट शुरू

## जिंदल पैंथर सीमेंट ने लगायी नयी छलांग





**भुरकुंडा (रामगढ़)।** जिंदल समूह के एक अभिन्न अंग जिंदल पैंथर सीमेंट (जेपीसी) ने ओडिशा के अंगुल में अपनी पहली सीमेंट ग्राइंडिंग यूनिट शुरू कर एक बड़ी छलांग लगाई है। 15 लाख टन प्रतिवर्ष (1.5 एमटीपीए) क्षमता की यह अत्याधुनिक यूनिट नवीन जिन्दल के नेतृत्व वाली कंपनी जिन्दल स्टील एंड पावर (जेएसपी) के अंगुल इंटीग्रेटेड स्टील प्लांट से निकलने वाले लगभग 10 लाख टन (1 एमटीपीए) ब्लास्ट फर्नेस स्लैग का इस्तेमाल सीमेंट बनाने में करेगी।

बड़ी बात यह है कि पूरे सीमेंट उद्योग जगत में सबसे कम क्लिंकर का उपयोग कर यह यूनिट न्यूनतम कार्बन डाईऑक्साइड उत्सर्जन की दिशा में आगे बढ़ेगी, जो जिन्दल समूह की एक बड़ी योजना का हिस्सा और उसकी प्रतिबद्धता है। जिंदल पैंथर सीमेंट की अंगुल ग्राइंडिंग यूनिट का उद्देश्य मध्य और पूर्वी भारत के उपभोक्ताओं के लिए न्यूनतम कार्बन उत्सर्जन सुनिश्चित करते हुए उच्च गुणवत्ता वाला पोर्टलैंड स्लैग और कंपोजिट सीमेंट बनाना है। खास बात यह है कि जेएसपी में स्टील उत्पादन प्रक्रिया से निकले अपशिष्ट (वेस्टेज) का पुनः उपयोग करके जिन्दल पैंथर सीमेंट कार्बन फुटप्रिंट घटाने और दीर्घकालिक औद्योगिक प्रथाओं को स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण काम कर रहा है। आने वाले समय की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए जेपीसी जिस तरह आगे बढ़ रहा है, वह जिन्दल स्टील एंड पावर (जेएसपी) के बड़े पैमाने पर कार्बन फुटप्रिंट घटाने के उद्देश्यों से मेल खाता है, जो पूरे समूह को एक हरित एवं स्थायी भविष्य सुनिश्चित करने की दिशा में अग्रसर करेगा। जिन्दल पैंथर सीमेंट ने अब अंगुल और रायगढ़ यूनिटों में उत्पादन क्षमता को 70 लाख टन प्रतिवर्ष (7 एमटीपीए) तक बढ़ाने की योजना बनाई है, जिसमें 2160 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा। यह विस्तार क्षेत्र में बुनियादी ढांचा निर्माण के लिए बढ़ती विश्वसनीय सामग्रियों की आसान उपलब्धता सुनिश्चित कराने के साथ-साथ सीमेंट उद्योग में कंपनी की उपस्थिति को और मजबूत करेगा। पूर्वी भारत का पहला वन-स्टॉप शॉप बनने की दिशा में अग्रसर जेपीसी का सीमेंट और जेएसपी का रीबार (सरिया) प्रसिद्ध श्जिंदल पैंथरश ब्रांड के अंतर्गत संयुक्त रूप से उपलब्ध कराया जाएगा।

## एक नजर में

### विधायक अंबा प्रसाद आज करेंगी नामांकन



**बड़कागांव।** विधायक अंबा प्रसाद ने कांग्रेस से प्रत्याशी बनाए जाने के बाद बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर उपलब्धियां गिनाई। उन्होंने बताया कि बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र में पिछले 5 वर्षों में 1000 करोड़ रुपए से भी अधिक राशि से विकास योजनाएं संचालित हुई हैं। जिसका सीधा लाभ आम जनता को मिलना शुरू हो गया है। योजनाओं में मुख्य रूप से पतरातु रेलवे क्रॉसिंग ओवर ब्रिज का निर्माण, बड़कागांव में डिग्री कॉलेज निर्माण, पतरातू में पॉलिटेक्निक कॉलेज निर्माण, के अलावा बिजली व्यवस्था को सुचारू रूप से बहाल करने के लिए बरवाडीह गांव में पावर ग्रिड का निर्माण, हरली में बिजली सर्विस स्टेशन के अलावा बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र में कई पुल पुलिया का निर्माण,गांव में रोड पीसीसी का निर्माण करने के अलावा कोरोना काल में किए गए जनहित में कार्य का उल्लेख किया। इसके अलावा उन्होंने विस्थापन मुद्दे को लेकर कंपनियों को भी घेरा उन्होंने कहा कि कंपनियों के गलत नीतियों के कारण विस्थापित लोग परेशान हैं।वही विपक्षियों ने सिर्फ आर्केस्ट्रा उद्घाटन का कार्य किया है और कोरोना काल में एक किलो अनाज भी जनता को बांटने का काम नहीं किया। अंबा प्रसाद ने बैठक में 24 अक्टूबर को रामगढ़ में नामांकन करने को लेकर भी रणनीति बनाई।जिसमें सभी कार्यकर्ताओं को नामांकन कार्य में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए कहा गया है। मौके पर प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे,विधायक प्रतिनिधि सुरेश महतो,जगत नंदन प्रसाद गुप्ता,रोहित सिंह,चंदन सिंह,शमशेर आलम,सुरेश चौधरी,चंदन गुप्ता,अजीत कुमार, बबलू साहू,कोमल साव,मनोज ठाकुर ,यूनिस अंसारी,संजय महतो,संजय साहू,गणेश साव,रंजीत ठाकुर के अलावा भारी संख्या में कांग्रेस समर्थक मौजूद थे ।

### टाटीझरिया में जानकी प्रसाद यादव का स्वागत

**टाटीझरिया।** बरकट्ठा विधान सभा क्षेत्र के झामुमो प्रत्याशी जानकी प्रसाद यादव का ग्रामीणों ने फूल माला पहना कर स्वागत किया।यादव ने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ होता है। और संपूर्ण विधानसभा क्षेत्र वासियों के एक एक वोट आशीर्वाद रूपी वरदान होती है। इसलिए सभी कार्यकर्ता संग मतदाताओं से आग्रह होगा कि मुझे पुनः क्षेत्र में विकास कार्य करने का मौका दें। मैं एक नेता नहीं अपितु आप सबों का सेवक के भांति कार्य करूंगा। मौके पर इब्राहिम अंसारी,जितेंद्र पासवान,राजेश कुमार,प्रबील प्रसाद कुशवाहा, धनेश्वर पासवान,रोहित,केदार,रवि,सरजू प्रसाद,सौरभ सिंह,अशोक कुमार कुशवाहा,मुकुंद देव,प्रदीप प्रसाद,तिलेश्वर राणा,गणेश माली,लक्ष्मीकांत सोनी,राजेश रंजन,सूरज राणा,लखन महतो,निर्मल महतो,संदीप पाण्डेय समेत अन्य कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

### बच्चों को दी गयी मतदान की जानकारी



**कटकमदाग ।** हजारीबाग जिला स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय कटकमदाग में बुधवार को स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरुकता अभियान चलाया गया। इसमें बच्चों को मतदान के महत्व से अवगत कराया गया। उन्हें बताया गया कि कैसे मतदाता से हमारे देश का लोकतंत्र मजबूत होता है। इसलिए हर मतदाता को वोट जरूर डालना चाहिए। जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय से जारी पत्र के आलोक में स्वीप कार्यक्रम के तहत यहां मतदाता जागरुकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम प्रभारी प्रधानाध्यापिका अन्नु कुमारी की देखरेख में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में सहायक शिक्षक वासिफ जहीर एहसान, चित्तरंजन कुमार, रामा कुमारी, काजल कुमारी, श्वेता सिन्हा, रूपेश कुमार दास, इंदू कुमारी, ममता सिंह, जय कुमार साव, मुकेश कुमार, अंजुली कुमारी, मूलो राम, सरिता कुमारी, सबिता कुमारी, शीला कुमारी और एनजीओ की प्रतिनिधि कामिनी कुमारी ने अपने-अपने विचार रखे। कार्यक्रम में सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। सहायक शिक्षक शंकर लाल चौरसिया ने अपने विचार के साथ धन्यवाद ज्ञापन किया।

### 190 किलो जावा महुआ नष्ट, 32 लीटर शराब जब्त



**रामगढ़।** एसपी अजय कुमार के निर्देश पर बुधवार को रामगढ़ और भदानीनगर ओपी क्षेत्र में 190 किलोग्राम जवान महुआ नष्ट किया गया है। साथ ही 32 लीटर अवैध देशी शराब को भी जब्त किया गया है। एसपी ने बताया कि रामगढ़ थाना क्षेत्र के कांकेबार गोसाई टोला में छापेमारी के दौरान 100 किलोग्राम जावा महुआ जप्त किया गया। साथ ही 32 लीटर अवैध देशी शराब को भी बरामद किया गया है। इस दौरान जावा महुआ को नष्ट किया गया। इसके अलावा शराब बनाने के लिए बनाई गई भट्ठियों को भी ध्वस्त कर दिया गया है। भदानीनगर ओपी क्षेत्र में चोरधारा मांझी टोला में छापेमारी के दौरान 90 किलोग्राम जावा महुआ पुलिस ने नष्ट किया है। इसके अलावा वहां भी अवैध शराब की भट्ठियों को नष्ट किया गया है।

# एसीबी ने पांच हजार रिश्वत लेते पंचायत सचिव को किया गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिमरिया।** एसीबी की टीम ने बुधवार को कार्रवाई करते हुए चतरा जिले के सिमरिया प्रखंड स्थित इचाक की पंचायत सचिव खुशबू लता को रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है। सिमरिया के शिला थाना क्षेत्र के नावाटांड निवासी सोनिया देवी ने एसीबी में शिकायत की



थी कि खुशबू लता ने उसके घर आकर अबुआ आवास में मिले 30 हजार में से 5 हजार रुपये मांगे और कहा कि आगे भी जो पैसा आएगी, उसमें से भी कमीशन देना पड़ेगा। सोनिया ने रिश्वत देने से इनकार कर दिया और भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, हजारीबाग में शिकायत दर्ज कराई। सत्यापन के बाद भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने खुशबू लता के खिलाफ मामला दर्ज किया और 23 अक्टूबर को उसे 5,000 रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद खुशबू लता के खिलाफ विधि सम्मत कार्रवाई की जा रही है।

# राजद प्रत्याशी का नामांकन आज

## इंदरवा मैदान में तेजस्वी करेंगे सभा, राजद कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने तेजस्वी यादव का किया भव्य स्वागत



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** विधानसभा क्षेत्र से राजद प्रत्याशी सुभाष प्रसाद यादव गुरुवार को नामांकन प्रपत्र दाखिल करेंगे, साथ ही नामांकन के पश्चात बिहार के नेता प्रतिपक्ष सह पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी प्रसाद यादव जिला मुख्यालय से तीन किमी दूर इंदरवा मैदान में पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके पूर्व पार्टी प्रत्याशी श्री यादव के विशुनपुर रोड स्थित आवास से नामांकन रैली निकाली जाएगी, जो कोडरमा तक जाएगी।

मिली जानकारी के अनुसार पार्टी प्रत्याशी सुभाष प्रसाद यादव गुरुवार को तीन सेटों में नामांकन प्रपत्र दाखिल करेंगे, जबकि शुक्रवार को एक सेट में नामांकन प्रपत्र दाखिल करेंगे। राजद प्रत्याशी सुभाष प्रसाद यादव के चुनावी मैदान में आने से मुकाबला दिलचस्प और रोचक होने वाला है। बताया जा रहा है कि नामांकन को लेकर पार्टी ने जोरदार तैयारी की है।

**तेजस्वी का किया गया भव्य स्वागत :** बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम सह नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव का महतो महतो अहरा के समीप बुधवार को राजद कार्यकर्ता एवं समर्थकों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। तेजस्वी यादव चतरा से राजद प्रत्याशी के नामांकन सभा के बाद सड़क मार्ग से कोडरमा पहुंचे, जहां रात्रि विश्राम के बाद कोडरमा के राजद प्रत्याशी के नामांकन में गुरुवार को शामिल होंगे और जनसभा को संबोधित करेंगे। स्वागत कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष रामधन यादव, डॉ. जावेद अख्तर, अवधेश प्रसाद यादव, सरफराज नवाज, महेंद्र यादव, विजय यादव, घनश्याम तुरी, मनोज यादव, चरणजीत सिंह, अमरजीत कौर, महेश यादव, रामबचन यादव, किशोर कुणाल, मनोज रजक, संजय दास, मो. मुबारक, कन्हाई यादव, सरफुद्दीन अंसारी, तौकीर आलम आदि मौजूद थे।

# लोकतंत्र की रक्षा के लिए जरूरी है बीजेपी को हराना : तेजस्वी

खबर मन्त्र संवाददाता



**चतरा।** झारखंड विधानसभा चुनाव में राजद कोटे से चतरा विधानसभा की प्रत्याशी रश्मि प्रकाश ने बुधवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस अवसर पर राजद नेता तेजस्वी यादव, झारखंड प्रभारी जयप्रकाश नारायण यादव, राज्य सरकार के मंत्री सत्यानंद भोक्ता सहित अन्य कई नेता उपस्थित थे। नामांकन के बाद तेजस्वी यादव ने एक सभा को सम्बोधित किया। इस दौरान उन्होंने भाजपा पर जमकर हमला किया।

उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की रक्षा के लिए बीजेपी को हराना जरूरी है। तेजस्वी ने आरोप लगाते हुए कहा कि बीजेपी बेईमानों की पार्टी है और जब चुनाव नहीं जीत पाते है तो विधायकों को खरीदना चाहते है। उन्होंने कहा कि झारखंड और बिहार में कई बार भाजपा ने इस तरह के प्रयास किया है।

तेजस्वी ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि राजद और महागठबंधन के उम्मीदवारों को वोट देकर भारी मतों से विजय बनाएं और भाजपा के मंसूबों को कामयाब नहीं होने दें। उन्होंने कहा कि बेरोजगारी, महंगाई, गरीबी और पलायन को रोकना है तो महागठबंधन के पक्ष में मतदान करें। मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने इस अवसर पर रश्मि के प्रति अपने समर्थन का इजहार करते हुए कहा कि उन्हें विश्वास है कि रश्मि क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी और उनकी उम्मीदवारी से लोगों में नई ऊर्जा का संचार होगा। रश्मि प्रकाश की उम्मीदवारी ने चतरा विधानसभा में राजनीतिक गतिविधियों को तेज कर दिया है और उनके समर्थकों में उत्साह देखने को मिला है। अब सभी की नजरें उनके चुनावी अभियान और आगामी परिणामों पर टिकी हुई हैं।

# पुलिस ने अवैध शराब को लेकर चलाया छापेमारी अभियान

## 615 लीटर महुआ शराब जप्त एवं 30 क्विंटल जावा महुआ व उपकरण को किया नष्ट







खबर मन्त्र संवाददाता

**सतगावां (कोडरमा)।** विधानसभा चुनाव के मद्देनजर स्थानीय पुलिस के द्वारा अवैध शराब के विरुद्ध बुधवार को छापेमारी अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान प्रखंड के सुदूरवर्ती पंचायत कोठीयार अंतर्गत कानीकेन्द्र जंगल में छापेमारी कर 615 लीटर अवैध महुआ शराब जप्त कर थाना लाया गया, साथ ही 30 क्विंटल जावा महुआ व शराब बनाने का उपकरण को स्थल पर ही विनिष्ट किया गया। वहीं थाना प्रभारी विजय गुप्ता ने कहा कि अवैध शराब के विरुद्ध छापेमारी अभियान निरंतर जारी रहेगा।

वहीं छापेमारी अभियान से शराब माफियाओं में भारी हड़कम्प है। वहीं छापेमारी अभियान में एसआई. कार्तिक सिंह मुंडा, हवलदार चार्ली किस्कु, आरक्षी अशोक कुमार, पवन कुमार, सुनील कुमार के आलावे सशस्त्र बल व स्थानीय चौकीदार शामिल थे, वहीं मरकच्चो पुलिस ने अवैध शराब बनाने व बेचने वाले के विरुद्ध सघन छापामारी अभियान के दौरान प्रखंड के डुमरडीहा तथा पांडेयडीह में अवैध महुआ शराब और महुआ जावा को नष्ट किया। इसकी जानकारी देते हुए थाना प्रभारी सौरभ कुमार शर्मा ने बताया कि अवैध महुआ शराब के खिलाफ मंगलवार की रात थाना क्षेत्र के कई गांवों में छापेमारी की गई। जिसमें पांडेयडीह व डुमरडीहा गांव में 150 किलोग्राम महुआ जावा एवं 50 लीटर महुआ दारू को नष्ट किया गया।

वहीं उन्होंने कहा कि अवैध महुआ शराब बनाने के रोकथाम के लिए सघन छापेमारी अभियान जारी रहेगा। इस अभियान में थाना प्रभारी सौरभ कुमार शर्मा, एसआई अभिमन्यु कुमार, विशाल कुमार, एएसआई बलिराम सिंह, मो. इसराफिल समेत कई पुलिस के जवान शामिल थे।

# विधानसभा चुनाव को लेकर एक प्रत्याशी ने किया नामांकन



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** विधानसभा चुनाव को लेकर नामांकन के पांचवें दिन बुधवार को निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में योगेंद्र कुमार पंडित पिता लीलाधारी पंडित ने अपना नामांकन निर्वाची पदाधिकारी सह एसडीओ रिया सिंह के समक्ष दाखिल किया है, इसके साथ ही अब तक दो प्रत्याशियों के द्वारा नामांकन किया जा चुका है। इसके पूर्व निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में जिप सदस्य महेंद्र प्रसाद यादव के द्वारा नामांकन किया गया था।

उन्होंने अपना नामांकन नहीं करवा पाए, पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि नामांकन के समय प्रस्तुत किये जाने वाले कागजातों में कुछ कागजात की कमी होने की जानकारी मिली, अब उनके द्वारा सम्भवतः गुरुवार को नामांकन किया जाएगा।नामांकन खरीदने वालों में कामेश्वर महतो गुमो और रीतलाल प्रसाद सिंह ढाब के नाम शामिल हैं।

# चुनावी साक्षरता क्लब बैठक का आयोजन





खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं स्विप के संयुक्त तत्वावधान में मतदाता जागरुकता कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मृदुला भगत की अध्यक्षता में चुनावी साक्षरता क्लब की बैठक की गई। इस बैठक में महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी सौरभ शर्मा द्वारा आगामी माह झारखंड राज्य में होने वाले विधान सभा चुनाव से सम्बन्धित विविध महत्वपूर्ण जानकारी साझा किया गया तथा आस पास के क्षेत्रों में मतदाताओं को जागरूक करना एवं मतदाता सूची में नाम दर्ज करने को लेकर विशेष बल दिया गया। वहीं प्राचार्य डॉ.मृदुला भगत ने कहा कि लोकतंत्र के महापर्व में देश के सभी नागरिकों को शत प्रतिशत अपने मताधिकार का प्रयोग करना ही राष्ट्र की विकास एवं सच्चे नागरिकता की निशानी है। बैठक में महाविद्यालय के बीएड. सत्र 2024-26 के सभी प्रशिक्षु, चुनावी साक्षरता क्लब के सभी सदस्य एवं सभी सहायक प्राध्यापक डॉ.मनीष कुमार पासवान, डॉ.पूजा कुमारी, डॉ. पंकज कुमार पांडेय, वीरेंद्र यादव, मनीष कुमार सिन्हा, खुशबू कुमारी सिन्हा, सीताराम यादव एवं चुन्नु कुमार समेत कई लोग मौजूद थे।

## पीठासीन पदाधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

**कोडरमा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज के निर्देशानुसार विधानसभा चुनाव को लेकर प्रथम व द्वितीय मतदान पदाधिकारियों को दो पालियों में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षकों के द्वारा वोट देने आए मतदाताओं की पहचान ईसीआई द्वारा निर्देशित दस्तावेजों के आधार पर करने के तरीके, अमिट स्याही लगाने, मतदाता रजिस्टर में मतदाताओं से सम्बंधित प्रविष्टियों को भरने समेत चुनाव से सम्बंधित अन्य जानकारियां दी गयीं।

## बस, ऑटो स्टैंडों, होटलों, शराब दुकानों और ज्वेलरी दुकानों में लगाना होगा सीसीटीवी कैमरे

# एसडीओ ने जारी किया निर्देश : अपराधियों और असामाजिक तत्वों पर रखें कड़ी नजर

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह ने बीएनएसएस की धारा 163 के तहत एक निर्देश जारी कर जिले के बैंकों, एटीएम, ज्वेलरी दुकानों, पेट्रोल पम्पों, होटलों, रेस्टोरेंट, सिनेमा हॉल, शराब की दुकानों, मल्टी स्टोरी फ्लैट, बस और ऑटो स्टैंडों, पार्किंग, निजी हॉस्टल, हॉस्पिटल, मॉल, दवा दुकानों में सीसीटीवी कैमरे लगाने का निर्देश जारी किया है। वहीं एसडीओ द्वारा जारी निर्देश में कहा गया है कि ऐसा देखा गया है कि उपरोक्त स्थलों पर पर्याप्त मात्रा में सीसीटीवी कैमरे उपलब्ध नहीं है, सीसीटीवी कैमरे के अभाव में इन जगहों पर अपराधियों और असामाजिक तत्वों द्वारा अपराध



करने की संभावना बनी रहती है, जिससे जानमाल की क्षति होती है, साथ ही कैमरे के अभाव में आमजनता में भी असुरक्षा की भावना रहती है, उपरोक्तस्थलों पर पर्याप्त मात्रा में सीसीटीवी कैमरे लगाने से एक ओर जहां आमजनों में सुरक्षा की भावना जागृत होगी तो दूसरी ओर अपराधियों में भी पकड़े जाने का भय रहेगा। वहीं एसडीओ ने जारी निर्देश ने उपरोक्त सभी स्थलों ओर अच्छी गुणवत्ता के सीसीटीवी कैमरे पर्याप्त मात्रा में लगाने का निर्देश दिया है। जारी निर्देश में कहा गया है कि उपरोक्त संस्थानों/ प्रतिष्ठानों के प्रभारी/संचालकों की जिम्मेवारी होगी कि वे 23 अक्टूबर से लेकर 21 दिसम्बर तक उक्त सुविधा बहाल रखें।

## स्पीड न्यूज

### लक्ष्मी पूजा को लेकर कमेटी गठित

**इटखोरी।** इटखोरी के गांधी चौक में लक्ष्मी पूजा की तैयारियों को लेकर मंगलवार को एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें लक्ष्मी पूजा मनाने का निर्णय लिया गया और शांतिपूर्ण ढंग से पूजा मनाने पर जोर दिया गया। बैठक में एक नई कमेटी का भी गठन किया गया, जिसमें मनीष सिंह को अध्यक्ष, सोनू कुमार सिंह को कोषाध्यक्ष और डब्ली सिंह को सचिव बनाया गया। बैठक में काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### थाना परिसर में पौधरोपण, मतदान को लेकर किया जागरूक

**डोमचांच (कोडरमा)।** जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर जिला प्रशासन विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर रही है। इसी क्रम में बीडीओ भोला पांडे, थाना प्रभारी प्रेम कुमार, सीडीपीओ नयाब जेबा ने बुधवार को डोमचांच थाना परिसर में पौधरोपण किया गया। वहीं आमजनों को मतदान करने, वोट प्रतिशत बढ़ाने, युवा मतदाताओं को प्रेरित करने के साथ-साथ कम मतदान वाले क्षेत्रों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने में जिला प्रशासन का सहयोग करने की बात कही गई।

### गिट्टी लदा बारह चक्का ट्रक जप्त

**डोमचांच (कोडरमा)।** थाना पुलिस ने बुधवार को जांच अभियान चलाया। जांच अभियान के दौरान थाना पुलिस ने गिट्टी लदा एक बारह चक्का ट्रक को शहीद चौक से जप्त किया। वहीं पुलिस द्वारा जब ट्रक चालक से चालान की मांग की गई तो ट्रक चालक चालान प्रस्तुत नहीं कर सका। जिसके बाद ट्रक को पुलिस द्वारा जप्त कर लिया गया।

### बालू लदा तीन ट्रैक्टर जप्त

**डोमचांच (कोडरमा)।** पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह के निर्देश पर थाना प्रभारी प्रेम कुमार के नेतृत्व में तीन बालू लदा ट्रैक्टर को जप्त किया गया। जिसमें एक ट्रैक्टर को कालीमंडा में पेट्रोल पंप के समीप बीती रात को पकड़ा गया जबकि दो अन्य ट्रैक्टर को बुधवार की अहले सुबह बरमसिया रोड से जप्त किया गया। वहीं ट्रैक्टर चालकों द्वारा किसी प्रकार का चालान नहीं दिखाया गया।

### रसल वाइपर का किया गया रेस्क्यू

**डोमचांच (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत तेतरियाडीह देवी मंडप के समीप एक पुराने मकान में दो रसल वाइपर सांप ग्रामीणों द्वारा देखे जाने के बाद आस-पास हड़कंप मच गया। जिसके बाद सांपों के रेस्क्यू करने वाले देवीपुर निवासी शिबू पंडित को ग्रामीणों ने सूचना दी। सूचना के आलोक में शिबू पंडित उक्त स्थल पर पंहुचकर दोनों सांपों का रेस्क्यू किया। वहीं शिबू पंडित ने बताया कि वह लगभग पंद्रह सालों से सांपों का रेस्क्यू करते आ रहे हैं। श्री पंडित रेस्क्यू कर सांपों को जंगल में छोड़ दिये।

### एसीएमओ को किया गया सम्मानित

**कोडरमा।** जिले में सिविल सर्जन डॉ.अनिल कुमार एवं एसीएमओ डॉ. रंजीत कुमार के निर्देशन में परिवार नियोजन कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य किया गया। जिस पर डीआईसी रांची में सीके शाही की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें चार जिले से आए स्वास्थ्य कर्मी शामिल हुए, जिसमें कोडरमा जिला द्वारा परिवार नियोजन कार्यक्रम में सराहनीय कार्य करने वाले एसीएमओ डॉ.रंजीत कुमार को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया।

### क्षेत्रीय गणित प्रश्न मंच पत्र वाचन एवं प्रदर्श में कैलाश राय विद्यालय का शानदार प्रदर्शन

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** विद्या भारती द्वारा आयोजित क्षेत्रीय गणित प्रश्न मंच, पत्र वाचन एवं प्रदर्श प्रतियोगिता 2024 का आयोजन सरस्वती विद्या मंदिर जमालपुर मुंगेर में हुआ। इस मेले में पूर्व क्षेत्र से लगभग 300 भैया बहनों की भागीदारी रही। वहीं विद्यालय के संजय कुमार महतो, प्रणव प्रभास और चंद्रकावेरी निहाल के निर्देशन में गणित के प्रश्न मंच, पत्र वाचन एवं मॉडल बनवाए गए थे।

## एक नजर में

### व्हाट्सअप पर करें आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** विधानसभा चुनाव 2024 में स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया सुनिश्चित करने में आयोग के साथ साथ मतदाताओं की भी सजग भूमिका जरूरी है। जब तक मतदाता चुनाव में प्रलोभन देने के हथकंडों को आंख बंद कर यूं ही देखते रहेंगे, तब तक इस पर रोक लगाना संभव नहीं है। इसके लिए चुनाव आयोग ने तकनीक का इस्तेमाल करते हुए व्हाट्स अप मोबाइल एप मतदाताओं के लिए बनाया है। सी-विजिल एप के माध्यम से आम नागरिक आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत कर सकते हैं। मोबाइल के प्ले स्टोर या एप स्टोर से सी-विजिल एप डाउनलोड कर लाइव फोटो अथवा लाइव वीडियो अपलोड कर शिकायत की जा सकती है। आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन होने पर सी-विजिल एप में अपने मोबाइल नम्बर से लॉग इन कर आम नागरिक अपने शिकायत की सतत निगरानी भी कर सकते हैं।

क्या नाम और मोबाइल नंबर देना अनिवार्य है?

सी-विजिल एप पर शिकायत करने के लिए नाम व मोबाइल नम्बर देने की कोई बाध्यता नहीं है, परन्तु अगर शिकायतकर्ता अपना नाम व मोबाइल नम्बर देते हैं तो शिकायतकर्ता एप के माध्यम से अपनी शिकायत की निगरानी भी कर सकते हैं। अगर शिकायतकर्ता द्वारा अपना नाम एवं मोबाइल नम्बर दिया जाता है तो भी यह सार्वजनिक नहीं हो सकता है। चुनाव आयोग ने मतदाताओं से अपील की है कि वे बेखौफ होकर आयोग के आंख, नाक, कान बनकर सजक मतदाता की भूमिका निभाएं।

#### शिकायत का निष्पादन कैसे होता है?

शिकायत को निष्पादित करने की समयावधि 100 मिनट है। आम नागरिक द्वारा शिकायत दर्ज होने पर रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा अपने नजदीक के उड़नदस्ता टीम (एफएसटी) को शिकायत स्थल पर भेजा जाता है। शिकायत की प्राथमिक तौर पर पुष्टि के बाद रिटर्निंग ऑफिसर के पोर्टल पर भेजा जाता है तथा रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा शिकायत के निस्तारण के क्रम में निर्णय लिया जाता है।

### सिमरिया और चतरा विस से आज भाजपा और लोजपा प्रत्याशी करेंगे नामांकन





खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** सिमरिया विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी उज्ज्वल दास और एनडीए गठबंधन के लोजपा प्रत्याशी जनार्दन पासवान 24 अक्टूबर को नामांकन दाखिल करेंगे। नामांकन के दौरान केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान समेत अन्य दिग्गज नेता शामिल होंगे और सभा को संबोधित करेंगे। दोनों दलों के नेताओं ने नामांकन रैली और सभा में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की है। भाजपा किसान मोर्चा जिला मंत्री टुन्नी सिंह ने इसकी जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि झारखंड में इस बार भाजपा की सरकार बननी तय है। सिमरिया विधानसभा के भाजपा कार्यकर्ताओं में अद्भुत ऊर्जा और उत्साह है। इस उत्साह , ऊर्जा का सकारात्मक इस्तेमाल करते हुए उज्जवल दास को भारी मतों से विजयी बनाना है। उन्होंने कहा कि 24 अक्टूबर को होने वाले नामांकन रैली को ऐतिहासिक बनाते हुए हजारों हजारों की संख्या में शामिल होना है।

### गिद्धौर थाना में कानूनी सहायता शिविर का आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**गिद्धौर।** थाना परिसर में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में मुक्त कानूनी सहायता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में घरेलू विवाद, पति-पत्नी के बीच विवाद जैसे मामलों का निष्पादन किया गया और मुक्त कानूनी सहायता टोल फ्री नंबर 15100 के बारे में जानकारी दी गई। थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता और पीएलवी पवन कुमार उपस्थित थे। शिविर में थाना क्षेत्र के आए एक घरेलू मामले में पति-पत्नी के बीच समझौता कराया गया। पीएलवी पवन कुमार ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर प्रत्येक रविवार और बुधवार को गिद्धौर थाना में मध्यस्थता शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर में घरेलू विवाद, बाल विवाह समेत शोषित परिवारों को कानूनी सहायता और जानकारी दी जाएगी। थाना क्षेत्र के पीड़ित लोग मध्यस्थता और कानूनी जानकारी के लिए शिविर में उपस्थित होकर लाभ ले सकते हैं।

### बीडीओ ने प्रखंड कर्मियों के साथ की बैठक



खबर मन्त्र संवाददाता

**गिद्धौर।** प्रखंड कार्यालय परिसर सभागार में बुधवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल देव ने प्रखंड कर्मियों के साथ बैठक की। बैठक में विधानसभा चुनाव को लेकर कर्मियों को सजग रहने के निर्देश दिए गए। साथ ही मतदान केंद्रों पर बिजली, पानी, शौचालय और आवागमन की व्यवस्था दुरुस्त रखने को कहा गया। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत मतदाताओं को जागरूक करने पर भी जोर दिया गया। बैठक में बीपीओ राम कुमार सिंह, पंचायत सचिव दिगंबर पांडेय, चितरंजन शर्मा, उज्जवल कुमार सिंह, प्रियंका प्रिया, रोजगार सेवक सत्येंद्र कुमार, निर्मल कुमार दांगी, प्रदीप कुमार, शालिनी भारती और पार्वती कुमारी उपस्थित थे।

### मनिका प्रखंड में महागठबंधन के प्रत्याशी रामचंद्र सिंह का कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत

# अधूरे कार्य को पूरा कर ग्रामीण क्षेत्रों को शहर बनाने का है सपना: रामचंद्र सिंह

**खबर मन्त्र संवाददाता**



महागठबंधन उम्मीदवार रामचंद्र सिंह व कार्यकर्ता।

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय स्थित कांग्रेस कार्यालय में दिन बुधवार को महागठबंधन के प्रत्याशी रामचंद्र सिंह का क्षेत्र के सैकड़ो कार्यकताओं ने पुष्प माला पहनाकर उनका भव्य स्वागत किया साथ ही युवाओं ने उन्हें पुष्प गुच्छा देकर स्वागत किया। मौके पर महागठबंधन के प्रत्याशी रामचंद्र सिंह ने कहा कि महागठबंधन के सभी राजनीतिक दल के कार्यकर्ता एक सूत्र में बंध कर एकता का परिचय दें। अगर किसी तरह की कमियां हो तो हमें उससे अवगत जरूर कराएं ताकि उस पर सुधार किया जाए। उन्होंने कहा कि मनिका विधानसभा क्षेत्र में पिछले 5 वर्षों में मेरे द्वारा पूरी तरह से विकास का कार्य करने का प्रयास किया गया जिसके लिए पार्टी ने मुझ पर फिर से विश्वास जताया है और पुनः मुझे मनिका विधानसभा क्षेत्र से अपना प्रत्याशी बनाया है। हमारे क्षेत्र में जो भी अधूरे कार्य हैं उसे अगले 5 वर्षों में पूरा करने का हर संभव प्रयास रहेगा। उन्होंने कहा कि हर ग्रामीण क्षेत्र का विकास कर शहर बनाने का मेरा सपना है। वहीं कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मुनेश्वर उरांव के नाराजगी व निर्दलीय चुनाव लड़ने के घोषणा पर श्री सिंह ने कहा कि मुनेश्वर उरांव बहुत सुलझे हुए नेता है और उन्हें पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के द्वारा मनाने का प्रयास किया जा रहा है अगर पार्टी के द्वारा मुनेश्वर उरांव को टिकट दिया जाता तो हम एक सच्चे कार्यकर्ता के रूप में उनके साथ खड़े रहते और पार्टी के लिए कार्य करते। मौके पर उन्होंने कार्यकताओं एवं क्षेत्र वासियों से 24 अक्टूबर दिन गुरुवार को नामांकन के लिए हजारों हजार की संख्या में महुआडांड़ अनुमंडल कार्यालय चलने का अपील किया। मौके पर रंजीत प्रसाद साहू, सुजीत प्रसाद साहू, विधायक प्रतिनिधि दरोगी प्रसाद यादव, विश्वनाथ पासवान, वृंदबिहारी यादव, सुरेंद्र भारती, कृष्ण यादव, ओम प्रकाश यादव, मनोज यादव, बिजेंद्र पासवान, नीरज यादव, सरवर अंसारी, सरयू यादव, मनोज यादव, संजय सिंह, तस्लीम अंसारी, अरुण सिंह, उतम कुमार समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# मनिका विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी ने दाखिल किया नामांकन



नामांकन करते हरेकृष्णा सिंह।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**महुआडांड़/मनिका।** मनिका विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी हरेकृष्णा सिंह ने नामांकन के छठे दिन बुधवार को निर्वाचन पदाधिकारी सह एसडीएम विपिन कुमार दुबे के समक्ष अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस दौरान केंद्रीय मंत्री तोखन साहू, भाजपा जिला अध्यक्ष पंकज सिंह उपस्थित थे। मनिका विधानसभा क्षेत्र से यह पहला नामांकन है। नामांकन दाखिल कराने के बाद भाजपा प्रत्याशी हरेकृष्णा सिंह ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा की गठबंधन की सरकार के भ्रष्टाचार, कुशासन, और धोखा से यहां की जनता, यहां के युवा त्रस्त है। और इसका जवाब देने के लिए जनता जाग चुकी है।

जनता के आशीर्वाद से इस बार भारी मतों से जीतूंगा। मौके पर उपस्थित केंद्रीय मंत्री तोखन साहू ने कहा की निश्चित तौर पर पूर्ण बहुमत से झारखंड में भाजपा की सरकार बनेगी। यहां की हर एक बूथ में मोदी जी की सेना के रूप में समर्पित कार्यकताओं की फौज है, यहां की सरकार धोखे देकर दगाबाजी करके सत्ता में आ गई है और अपने सारे वादे भूल गयी है, जिससे जनता नाराज है। इसलिए मनिका विधानसभा क्षेत्र की जनता हमारे प्रत्याशी को प्रचंड मतों से जिताएगी। वहीं नामांकन के बाद प्रखंड मुख्यालय स्थित रेजिडेंशियल खेल स्टेडियम में सभा को भी संबोधित किया।

## भाजपा व झामुमो प्रत्याशियों का नामांकन आज, हजारो कार्यकर्ता होंगे शामिल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** लातेहार विधानसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है। सभी दल अपने अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर चुके है। गुरुवार को भाजपा प्रत्याशी प्रकाश राम नामांकन करेंगे। इस बाबत चंदवा मंडल अध्यक्ष अमित कुमार गुप्ता ने बताया कि नामांकन कार्यक्रम में पूरे मंडल से हजारों कार्यकर्ता जायेगे। उंन्होने बताया कि प्रकाश राम धर्मपुर स्थित मैदान से जुलूस के साथ अनुमंडल कार्यालय लातेहार पहुच कर अपना नामांकन करेंगे। नामांकन कार्यक्रम के पूर्व भाजपा प्रत्याशी प्रकाश राम के अलावे भाजपा के कई बड़े नेताओ के शामिल होने की उम्मीद है। श्री गुप्ता ने कार्यकर्ताओ से ससमय लातेहार पहुचने की अपील की है। इधर झामुमो प्रत्याशी बैधनाथ राम का नामांकन कार्यक्रम भी आज ही होगा। झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सुरेश गंझू ने बताया कि बैधनाथ राम अपने समर्थकों के साथ बाजारटांड़ से जुलूस की शक्ल में मेन रोड होते हुए अनुमंडल कार्यालय पहुच कर नामांकन करेंगे। दोनो प्रत्याशी नामांकन को लेकर अपनी अपनी ताकत दिखाने की तैयारी में जुट गए है।

# छठ पूजा को लेकर समितियों की बैठक संपन्न, व्रतियों व श्रद्धालुओं के सेवार्थ कई कार्यो का लिया गया निर्णय

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**चंदवा।** विवेकानंद छठ पूजा समिति की बैठक मंगलवार की शाम जय हिंद पुस्तकालय में आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष विनोद कुमार गुड्डू ने की। बैठक में सर्वप्रथम विवेकानंद छठ पूजा समिति के पूर्व अध्यक्ष रहे स्वः प्रभाकर मिश्रा को 2 मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बैठक में गत वर्ष के आय व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया। इस वर्ष समिति के द्वारा घाट पर प्रकाश की व्यवस्था, सूर्य नारायण भगवान की प्रतिमा का पुजन,घाट पर सीसीटीवी कैमरा लगाने समेत कई निर्णय लिए गए। समिति की अगली बैठक रविवार को संध्या 7 बजे रखी गयी है जिसमे सभी सदस्यों को आमंत्रित किया गया है। बैठक में मुख्य रूप से उपप्रमुख आश्विनी कुमार मिश्रा, सुरेंद्र प्रसाद वैध, राजू सिंह, अमित लाल शाहदेव, राजेन्द्र यादव, रोहित अग्रवाल, अनिल साहू, सौरव श्रीवास्तव, संजीव आजाद, विनय विद्यार्थी, गोपाल जायसवाल, मनीष चांदो,मंटू केशरी, रंजन विश्वकर्मा, मनु गुप्ता, मनीष साहू, रिकी वर्मा, समेत सैकड़ो लोग शामिल थे। वही इसके पूर्व विवेकानंद किशोर संस्थान की बैठक सोमवार को निर्मल कुमार शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमे छठ पूजा को धूमधाम से मनाने को लेकर कई निर्णय लिए गए। बैठक में छठ व्रतियों व श्रद्धालुओं के सेवार्थ कई कार्यो का निर्णय सर्वसम्मति से लिये गए। बैठक में संस्थान के राजेशचंद्र पांडेय, मनोज कुमार सिंह, सन्तोष कुमार साहू,नरेंद्र अग्रवाल,संजीव साहू, नीतीश तिवारी, मोहनीश कुमार के अलावे संस्थान के कई सदस्य मौजूद थे। इसके अलावे युवा भारत, देवनद दामोदर छठ पूजा समिति, मां उग्रतारा सेवा समिति समेत अन्य स्वयंसेवी संगठन के द्वारा पूजा के निमित्त कई कार्य किये जाने का निर्णय लिया गया है।

## डीसी व एसपी ने मतदान केंद्रों पर विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये की बैठक




बैठक करते अधिकारी।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** विधानसभा आम निर्वाचन 2024 के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता एवं पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव की संयुक्त अध्यक्षता में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से क्लस्टर एवं मतदान केंद्रों पर न्यूनतम मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था सुचारु रुप से होने से संबंधित बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारियों से पोलिंग पार्टी तथा सीआरपीएफ के जवानों के रुकने के लिए कलस्टरों एवं मतदान केंद्रों पर न्यूनतम मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था की क्रम वार तरीके से प्रखंडवार जानकारी ली गई। साथ ही सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश दिया गया। इस दौरान उपायुक्त ने निर्देशित किया कि कलस्टरों पर आवश्यकता के अनुरुप पेयजल के लिए टैंकरों, पंखा, बिजली, लाईट आदि की व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराई जाए। संबंधित पदाधिकारियों एवं सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को उक्त व्यवस्थाएं मतदान तिथि से पूर्व सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। समीक्षा के क्रम में (एएमएफ) के तहत मूलभूत सुविधाओं को कलस्टर एवं बुथों पर पेयजल, बिजली, शौचालय,पेयजल, सहित उपलब्ध न्यूनतम मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था की विस्तार से जानकारी लेते हुए जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि सभी मतदान केंद्रों पर न्यूनतम मूलभूत सुविधाएं निश्चित रूप से उपलब्ध रहे इसे सुनिश्चित कर लें। बैठक में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी उपस्थित थे।

# पांच लाख 20 हजार का अफीम बरामद, एक गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**



प्रेस वार्ता कर जानकारी देते एसडीपीओ।

**बारियातू।** थाना क्षेत्र के बालूभांग स्थित बघमरी मे पुलिस ने छापामारी कर एक किलो 90 ग्राम अफीम जैसा मादक पदार्थ के साथ महेंद्र गंझु पिता स्व गुजर गंझु को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत भेज दिया। एसडीपीओ बिनोद रवानी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बताया की पुलिस अधीक्षक लातेहार को गुप्त सूचना मिली थी की महेंद्र गंझु ग्राम बालूभाँग टोला बघमरी के घर मे अफीम होने की सूचना मिली है। तत्वरित कार्रवाई करने पर अफीम बरामद हो सकती है। जिसके बाद पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार बालूमाथ पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी बिनोद रवानी के नेतृत्व मे एक छापामारी दल गठन किया गया। जिसमे थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार पुअनि रितेश तिग्गा, सअनि सुरेश कुमार सिंह सशस्त्र बल शामिल थे। छापामारी दल द्वारा महेंद्र गंझु की घर विधिवत तलाशी ली गई जहाँ एक किलो 90 ग्राम अफीम जैसा पदार्थ, पोस्ता दाना 3 किलो 300 ग्राम जिसका बाजार मूल्य पांच लाख 20 हजार है। जिसको विधिवत जप्ती सूची बनाकर जप्त कर महेंद्र गंझु को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार महेंद्र गंझु के द्वारा इस अवैध व्यापार मे मो जाहीद उर्फ गुड्डू खान पिता सुलेमान मियाँ ग्राम सिबला थाना बारियातू जिला लातेहार के संलिप्तता के सम्बन्ध मे भी बताया। इस सम्बन्ध मे बारियातू थाना कांड संख्या 63/24 दिनांक 23/10/2024 धारा 17 (सी) 18 (बी) 22( सी ) एनडीएपीएस एक्ट दर्ज कर महेंद्र गंझु को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। अफीम के अवैध धंधे मे अन्य संलिप्त अन्य व्यक्तियों के विरुद्ध अनुसन्धान की जा रही है। अवैध मादक पदार्थ के विरुद्ध पुलिस द्वारा इस तरह का भविष्य मे कार्रवाई की जाती रहेगी।

वहीं क्षेत्र वासियों को नसीहत दी गई की अफीम की खेती और धंधा करने वाले किसी हाल से नहीं बख्से जायेंगे। मौके पर इंस्पेक्टर दीपक बिरुआ मौजूद थे।

## ट्रक के धक्के से दो युवक घायल



घायल युवक।

**लातेहार।** सदर थाना अंतर्गत कीनामाड़ के पास तेज रफ्तार ट्रक ने बुधवार की शाम 5:00 बजे बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। वही स्थानीय लोगों के द्वारा युवक को प्राथमिक उपचार के लिए सदर अस्पताल लातेहार लाया गया। वहीं बाइक में बैठे युवक आदित्य लकड़ा पता रेलवे स्टेशन लातेहार और तौसीफ खान पता अमवाटीकर लातेहार ने बताया कि बाइक आदित्य लकड़ा चल रहा था और हम लोग लातेहार की ओर जा रहे थे इस दौरान गलत दिशा से तेज रफ्तार में ट्रक आ रही थी जिसे देख आदित्य ने रास्ता से नीचे अपनी बाइक को उतार लिया उसके बावजूद भी ट्रक के पिछले हिस्से से बाइक के हैंडल में टकराव हो गया और हम इस दौरान घायल हो गए। इसके बाद हम लोगों ने अपने परिजन को फोन किया और स्थानीय लोगों की मदद से सदर अस्पताल लाया गया। बताते चलें कि मौके पर ट्रक चालक ट्रक छोड़कर फरार हो गया। ट्रक का रजिस्ट्रेशन संख्या - जेएच05सीक्यू2001 है। मौके पर स्थानीय पुलिस पहुंचकर ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया।

# आदर्श आचार संहिता के अनुपालन को लेकर पुलिस चला रही है वाहन जांच अभियान

**खबर मन्त्र संवाददाता**



चेकिंग अभियान चलाती बरवाडीह पुलिस।

**बरवाडीह।** आदर्श आचार संहिता के अनुपालन के लिए बरवाडीह पुलिस प्रशासन पूरी सक्रियता से काम कर रही है। बरवाडीह प्रखण्ड मुख्यालय के मुख्य मार्ग स्थित मुगीर्डीह पुलिस पिकेट के पास लगातार वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। बुधवार को भी बरवाडीह पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान के दौरान 100 से अधिक वाहनों की जांच की।प्रशासनिक जद में आए वाहनों की डिग्गी सहित अन्य सभी दस्तावेजों की भी जांच की जा रही है। पुलिस ने बताया कि आदर्श आचार संहिता के अनुपालन के लिए यह जांच अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस और पब्लिक के बीच मैत्री संबंध तभी स्थापित हो सकेगा जब लोगों को पुलिस पर विश्वास हो। इसके लिए क्षेत्र में असामाजिक तत्वों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। प्रशासन का मकसद क्षेत्र में शांति व्यवस्था को कायम करना है। अधिकारियों द्वारा लगातार चलाए जा रहे वाहन चेकिंग अभियान से वाहन चालकों में हड़कंप मचा हुआ है। लोग सीट बेल्ट, हेलमेट और वैध दस्तावेजों के साथ यात्रा करते नजर आ रहे है।


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006

e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।


# पोस्टल बैलेट से मतदान कराने को लेकर डीसी ने की बैठक

- मतदान को लेकर निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों की जानकारी से सभी को कराया अवगत

**खबर मन्त्र संवाददाता**




बैठक करते डीसी।

**लातेहार।** विधानसभा आम चुनाव 2024 में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में पोस्टल बैलेट से मतदान कराने को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त ने पोस्टल बैलेट के माध्यम से होने वाले मतदान को लेकर निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों की जानकारी से सभी को अवगत कराया। साथ ही एसेंशियल सर्विसेज श्रेणी में आने वाले विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मियों का मतदान विधानसभा आम निर्वाचन के दौरान सुनिश्चित कराने को लेकर सभी अधिकारियों एवं कार्यालय प्रधानों को संबंधित आवश्यक प्रक्रिया से अवगत कराया गया। इसके अलावा बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने एसेंशियल सर्विसेज श्रेणी में आने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सूची पोस्टल बैलेट कोषांग को तय समय अनुसार उपलब्ध करने की बात कही। आगे उन्होंने जानकारी दी कि रिटर्निंग अधिकारी द्वारा फॉर्म 12 डी जारी किया जाएगा, जिसमें आवश्यक जानकारी भरकर डाक मतपत्र शाखा में जमा किया जायेगा। इसके आधार पर पोस्टल बैलेट से मतदान करने के लिए पात्र हो पाएंगे। बैठक में उपायुक्त ने एसेंशियल सर्विसेज श्रेणी मे आने वाले कार्यालयों के कार्यालय प्रधानों से कहा कि वे अपने सभी कर्मचारियों का नाम मतदाता सूची में शामिल होना सुनिश्चित करें। अगर किसी का भी मतदाता सूची में नाम दर्ज नहीं है तो फॉर्म 6 भरकर अपना नाम दर्ज करें। इस प्रक्रिया के लिए संबंधित बीएलओ के माध्यम से या ऑनलाईन वोटर हेल्पलाइन एप या वोटर्स सर्विस पोर्टल के माध्यम से या 1950 पर बात कर अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करा सकते हैं और अपना इपिक नंबर प्राप्त कर सकते हैं। बैठक में परियोजना निदेशक प्रवीण कुमार गागराई, उप निर्वाचन पदाधिकारी मेरी मड़की, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा श्रेयांश, नोडल पदाधिकारी सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. चंदन, संबंधित विभाग के अधिकारी व कोषांग के कर्मी आदि उपस्थित थे।

## लातेहार विस के लिये बिके 13 प्रपत्र, मनिका में बिके 14 प्रपत्र

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** लातेहार विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन प्रपत्रों की बिक्री के बचे दो दिन जिनमे लातेहार में अब तक 13 प्रपत्र बेचे गए। इनमें नामांकन पत्र लेने वाले प्रत्याशी में बैद्यनाथ राम पिता स्व. ठुरू मांझी पता धोबी मुहल्ला लातेहार, प्रकाश राम पिता स्व. कैलाश राम बारियातू, चेतलाल रामदास पिता बंशी राम पता चमातु, संतोष कुमार पासवान पिता स्व. जुबलाल मांझी पता अम्बाकोठी, संजय कुमार रवि पिता बालकेश्वर राम पता गोविन्द नगर बालूमाथ, धीरेंद्र कुमार पिता नन्दु राम पता बरवैया कला, ललसू राम पिता बिलत भुईया पता सेरक चंदवा, श्रवण पासवान पिता डोमन मांझी पता अम्बाकोठी, ब्रह्मदेव राम पिता स्व. नरेश मोची पता बालूमाथ, शिवनाथ रजक पिता रामविलाश बैठा पता हेरहंज, प्रकाश कुमार रवि पिता सुधेश्वर राम पता पकरार टेमकी लातेहार के अलावा उपेंद्र भुईंया पिता चन्दा किशोर भुईया पता लेद्यपा और राकेश पासवान पिता जोरावर राम पता शिबला रोड डाल्टनगंज समेत टोटल 13 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र खरीदा है।

महुआडांड़ अनुमंडल कार्यालय में मनिका विधान सभा चुनाव को लेकर नामांकन पत्र दाखिल करने के साथ-साथ नामांकन पत्र फॉर्म दिये जा रहे है। इनमें हरेकृष्णा सिंह पिता राम सुन्दर सिंह मनिका, रामचंद्र सिंह पिता स्व. गणपत सिंह ग्राम मंगरा प्रखंड बरवाडीह, मुनेश्वर उरांव पिता सिरिस्ता उरांव ग्राम हेसला नावागड़ लातेहार दो फॉर्म लिए है। साथ ही बुध्देश्वर उरांव पिता दुर्गा उरांव ग्राम डिबडीह, गिरजाटोली डोरण्डा रांची रघुपाल सिंह पिता मनबहाल सिंह ग्राम पल्हेया मनिका, बलवंत सिंह पिता लक्ष्मण सिंह पता पाटन बरवईयां मनिका, विजय सिंह पिता राजकमल सिंह मुंडू हरातू बरवाडीह, राकेश कुमार सिंह पिता प्रदीप सिंह ग्राम निंदीर डेमू लातेहार, अतुल कुमार सिंह पिता जनार्दन सिंह ग्राम छेचा उतखाड़ा टोला बरवाडीह, पोलिकाप खाखा पिता कलेमेन्ट खाखा ग्राम औराटोली, गोपाल परहिया पिता युगेश्वर परिया ग्राम हिसरी बरवाडीह, आशीष सिंह पिता वीर सिंह ग्राम मुंडू चैनपुर, बैजनाथ सिंह पिता गौरी सिंह ग्राम मटलोंग मनिका एवं प्रभुदास मिंज पिता राफेल मिंज का नाम शामिल है। अभी तक कुल 14 प्रत्याशियों के बीच 15 नामांकन पत्र की बिक्री की जा चुकी है। वही नामांकन दाखिल करने के लिए सिर्फ दो दिन ही शेष रह गए हैं। ऐसे में देखना दिलचस्प होगा कि शेष दो दिनों में कितने प्रत्याशी नामांकन दाखिल करते हैं। इस बार पिछले चुनाव की तुलना में ज्यादा संख्या में प्रत्याशियों के नामांकन कराने की संभावना है। दोनो अनुमंडल कार्यालय के बाहर बैरिकेटिंग लगाया गया हैं।

# रामदास सोरेन, विकास सिंह, अन्नी अमृता समेत 16 प्रत्याशियों ने दाखिल किया नामांकन

## पूर्वी सिंहभूम

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** विधानसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर 16 प्रत्याशियों ने आज संबंधित विधानसभा क्षेत्र के निवार्ची पदाधिकारी के समक्ष नामांकन दाखिल किया। विवरणी निम्नवत है-

**44- बहरागोड़ा विधानसभा क्षेत्र** से सीपीआई एम प्रत्याशी स्वपन कुमार महतो और निर्दलीय राम मुर्मू ने नामांकन दाखिल किया।

**45- घाटशिला विधानसभा क्षेत्र** से झामुमो सह इंडिया गठबंधन प्रत्याशी रामदास सोरेन, निर्दलीय पंचानन सोरेन और जेएलकेएम प्रत्याशी रामदास मुर्मू ने नामांकन दाखिल किया।

**46- पोटका विधानसभा क्षेत्र** में भारत आदिवासी पार्टी के महीन सरदार और राइट टू रिकॉल पार्टी के रामचंद्र टुडू ने नामांकन दाखिल किया।

**47-जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र** से आज मोहन लाल रजक, आमरा बंगाली पार्टी और कार्तिक मुखी, भारत आदिवासी पार्टी से नामांकन दाखिल किया।



1. घाटशिला सीट पर नामांकन करते रामदास सोरेन। 2. नामांकन दाखिल करते पंचानन सोरेन। 3. नामांकन दाखिल करते रामदास मुर्मू। 4. नामांकन दाखिल करते स्वपन कुमार महतो। 5. नामांकन दाखिल करते राम मुर्मू। 6. नामांकन दाखिल करते महीन सरदार। 7. नामांकन दाखिल करते रामचंद्र टुडू। 8. नामांकन दाखिल करते मोहनलाल रजक।



1. नामांकन दाखिल करते कार्तिक मुखी। 2. जमशेदपुर पूर्व से निर्दलीय शिवशंकर सिंह नामांकन जमा करते हुए। 3. सुरजीत सिंह नामांकन दाखिल करते हुए। 4. कृष्णा हांसदा नामांकन दाखिल करते हुए। 5. नामांकन दाखिल करती वरिष्ठ पत्रकार अन्नी अमृता। 6. नामांकन दाखिल करते भाजपा के बागी व निर्दलीय प्रत्याशी विकास सिंह। 7. नामांकन दाखिल करते निर्दलीय व हिन्दुवादी नेता मृत्युंजय कुमार। 8. आजाद समाज पार्टी के कौसिफ रजा खान नामांकन दाखिल करते हुए।

**48- जमशेदपुर पूर्व** से भाजपा के बागी व निर्दलीय प्रत्याशी शिवशंकर सिंह ने गाजे बाजे के साथ नामांकन दाखिल किया। इसके अलावा इस सीट से राईट टू रिकॉल पार्टी के सुरजीत सिंह,भारत आदिवासी पार्टी से कृ ष्णा हांसदा ने नामांकन दाखिल किये।

**49- जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा सीट** से निर्दलीय प्रत्याशी वरिष्ठ पत्रकार अन्नी अमृता ने नामांकन दाखिल किया। इस सीट पर आजाद समाज पार्टी के काशिफ रजा सिद्दिकी के अलावा भाजपा के बागी एवं निर्दलीय प्रत्याशी विकास सिंह और हिंदूवादी नेता मृत्युंजय कुमार ने भी नामांकन दाखिल किया।

दूसरी ओर पूर्वी सिंहभूम के सभी छह विधानसभा क्षेत्र हेतु कुल 23 अभ्यर्थियों ने नामांकन पत्र का क्रय किया जिसमें 44- बहरागोड़ा में पांच, 45-घाटशिला में तीन, 46-पोटका में छह, 47-जुगसलाई में चार, 48-जमशेदपुर (पूर्व) में दो तथा 49-जमशेदपुर (पश्चिम) के तीन अभ्यर्थी शामिल हैं।

## स्पीड न्यूज

### वरिष्ठ पत्रकारों की उपस्थिति में अन्नी अमृता का नामांकन

**जमशेदपुर।** झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 को लेकर नामांकन की प्रक्रिया चल रही है। बुधवार को वरिष्ठ पत्रकार अन्नी अमृता ने एडीसी कार्यालय में अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू और प्रस्तावकों की उपस्थिति में 49जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने के लिए अपना नामांकन दाखिल किया.इससे पहले उपायुक्त कार्यालय के बाहर अन्नी अमृता के प्रस्तावकों और समर्थकों ने अन्नी अमृता जिंदाबाद के नारे लगाए। इस दौरान भारी संख्या में पत्रकार मौजूद थे जिन्होंने अपनी पत्रकार साथी का हौसला बढ़ाया।

### मीरा मुंडा से वार्ता के बाद नरम पड़े भाजपाई, करेंगे खुलकर काम

**पोटका।** पोटका विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी के रूप में मीरा मुंडा का स्थानीय भाजपा नेताओं उपेंद्रनाथ सरदार,होपना माहली, गणेश सरदार,सपन मित्रा सहित अन्य के विरोध का स्वर बुधवार को नरम पड़ा। अब विक्षुब्ध गुट भाजपा प्रत्याशी मीरा मुंडा को विजय बनाने हेतु खुलकर काम करेंगे। इस आशय का निर्णय कालिकापुर में एक बैठक कर लिया गया। बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष मिश्रा भी उपस्थित थे। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि भाजपा संगठन का निर्देश हमलोगों के लिए सर्वोपरि है। संगठन के निर्देश का पालन करते हुए पार्टी प्रत्याशी मीरा मुंडा को विधानसभा चुनाव में विजय बनाने हेतु काम करेंगे। बैठक में कार्यकताओं को निर्देश दिया गया कि सभी कार्यकर्ता अपने अपने गांव,बूथ और टोला में जाएं और चुनाव में सफलता पाने के लिए बूथ को मजबूत करें। बूथ पर जीत होने से विधानसभा में भी जीत हासिल होगा। इस अवसर पर चंचल चक्रवर्ती,बरुण कुमार सिंह, गुलशन सरदार,पियुष भक्त, कल्याण मंडल, सोमनाथ पाल, महादेव पाल,घासीराम सरदार, जदुपति गोप,अली सरदार पूर्ण गोप, रंजीत बारिक सहित अन्य उपस्थित थे।

### ट्रांसपोर्ट मैदान में जुटान के बाद नामांकन करने जायेंगी पूर्णिमा

**जमशेदपुर।** प्रत्याशी के रूप में पूर्णिमा साहू गुरुवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगी। पूर्णिमा साहू के नामांकन समारोह को भव्य और ऐतिहासिक रूप से सफल बनाने के लिए भाजपा ने व्यापक तैयारी की है। पूर्णिमा साहू के नामांकन समारोह में भाजपा के वरीय नेताओं के संग एनडीए के भी नेतागण मौजूद रहेंगे। वहीं, नामांकन से पूर्व एग्रीको स्थित ट्रांसपोर्ट मैदान में पूर्वी विधानसभा अंतर्गत सातों मंडलों से मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में हजारों भाजपा कार्यकर्ता एवं समर्थक एकत्रित होंगे। एग्रिको स्थित ट्रांसपोर्ट मैदान में सुबह 9 बजे से वरीय नेताओं, युवा एवं महिला कार्यकताओं का जुटना प्रारंभ हो जाएगा। एग्रिको ट्रांसपोर्ट मैदान से कार्यकर्ताओं का हुजूम एग्रिको गोलचक्कर के रास्ते भालूबासा स्थित शीतला माता मंदिर पहुंचेगी।

# विजय मुहूर्त आज, सभी दिग्गज आज ही दाखिल करेंगे नामांकन

■ बन्ना गुप्ता, सरयू राय, पूर्णिमा साहू दास, डॉ अजय कुमार, मीरा मुंडा, रामचंद्र सहिस, डॉ दिनेशानंद गोस्वामी और बाबूलाल सोरेन दाखिल करेंगे नामांकन



विशेष संवाददाता

**जमशेदपुर।** पूर्वी जमशेदपुर के छह विस क्षेत्रों में चुनाव लड़ रहे दिग्गजों को ज्योतिषि पर कुछ ज्यादा ही भरोसा है। गुरुवार को गुरु ग्रह वृहस्पति पुष्य नक्षत्र में होंगे और गुरु पुष्य योग बन रहा है। ज्योतिषियों के अनुसार इसे अमृत योग भी कहा जाता है जिसमें विजय श्री हासिल होने की 99.99 प्रतिशत संभावना होती है। शायद यही कारण कि कई दिग्गज गुरुवार को नामांकन करने जा रहे हैं जिसका विवरण निम्न है : जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा सबसे हॉट सीट है जहां कांग्रेस सह इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी बन्ना गुप्ता और उनके घोर विरोधी एनडीए प्रत्याशी सरयू राय गुरुवार को नामांकन दाखिल करने जा रहे हैं। इसके बाद दूसरी हॉट सीट जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा है जहां से पूर्व सीएम एवं वर्तमान में ओडिसा के राज्यपाल रघुवर दास की बहू एवं भाजपा सह एनडीए प्रत्याशी पूर्णिमा साहू दास और कांग्रेस सह इंडिया गठबंधन प्रत्याशी डॉ अजय कुमार, एनसीपी नेता डॉ पवन पांडेय, भाजपा के बागी नेता राजकुमार सिंह गुरुवार को नामांकन दाखिल करेंगे।

तीसरी सबसे हॉट सीट पोटका है जहां से भाजपा सह एनडीए प्रत्याशी मीरा मुंडा भी गुरुवार को ही नामांकन दाखिल करने जा रहे हैं। मीरा मुंडा पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा की धर्मपत्नी है जिन पर भूमिज बहुल पोटका विधानसभा क्षेत्र में पार्टी ने दांव खेला है। जुगसलाई विस क्षेत्र से आजसू सह एनडीए प्रत्याशी रामचंद्र सहिस भी गुरुवार की शुभ बेला में नामांकन दाखिल करने जा रहे हैं। बहरागोड़ा से झामुमो सह इंडिया गठबंधन प्रत्याशी समीर महंती, भाजपा सह एनडीए प्रत्याशी डॉ दिनेशानंद गोस्वामी, घाटशिला से भाजपा सह एनडीए प्रत्याशी बाबूलाल सोरेन भी गुरुवार को नामांकन दाखिल करेंगे।

## भाजपा के बागी शिव शंकर सिंह के नामांकन रैली में उमड़ा जनसैलाब

■ दलगत की राजनीति से परे मिला अपार जनसमर्थन, परिवारवाद के खिलाफ जनाक्रोश

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** सामाजिक कार्यकर्ता शिव शंकर सिंह के नामांकन रैली में शहर के सड़कों में जनसैलाब उमड़ पड़ा। हजारों की संख्या में महिला, पुरुष और युवा वर्ग उनके समर्थन में नामांकन रैली में बड़े उत्साहपूर्वक शामिल हुए और परिवारवाद के खिलाफ तथा शिव शंकर सिंह के समर्थन नारे लगाये। जुलूस इतनी लंबी थी मानो पूरा शहर एकसाथ निकल पड़ा हो इससे पूरा जमशेदपुर दिनभर अस्त व्यस्त रहा। ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त करने में प्रशासन के पसीने छुटे। गोलमुरी चौक साकची आम बागान मैदान तक पूरा शहर भीड़ से पटा रहा।



शिव शंकर सिंह ओल्ड केबुल टाऊन, गोलमुरी से अपने समर्थकों व कार्यकर्ता के संग पदयात्रा करते हुए सर्वप्रथम गोलमुरी चौक स्थित बजरंगबली मंदिर में पूजा अर्चना की। इस दौरान समिति से जुड़े गणमान्य लोगों द्वारा उनका स्वागत और अभिनंदन किया गया।

## घाटशिला में रामदास सोरेन ने नामांकन के बहाने दिखायी महागठबंधन की ताकत

■ मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और मंत्री बन्ना गुप्ता उपस्थित रहे, भाजपा पर किया तीखा वार

खबर मन्त्र ब्यूरो

**घाटशिला/जमशेदपुर।** घाटशिला विधानसभा से गठबंधन प्रत्याशी रामदास सोरेन के नामांकन में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सह मंत्री बन्ना गुप्ता शामिल हुए. इंडिया गठबन्धन का यह शक्ति प्रदर्शन केवल नामांकन नहीं, बल्कि भाजपा के खिलाफ एक सशक्त राजनीतिक संदेश था। बन्ना गुप्ता ने भाजपा पर सीधा हमला करते हुए कहा कि भाजपा का असली चेहरा जनता के सामने आ चुका है। उन्होंने परिवारवाद के मुद्दे पर भाजपा की आलोचना करते हुए कहा, जो पार्टी कल तक परिवारवाद का विरोध कर रही थी, वही आज अपने टिकट बंटवारे में पिता-पुत्र, पति-पत्नी, भाई - भाई को प्राथमिकता दे रही है। भाजपा अब खुद को और अपने कार्यकर्ताओं को भी धोखा दे रही है। गुप्ता ने जनता से भाजपा की दोहरी राजनीति से सावधान रहने की अपील की और रामदास सोरेन को जीत दिलाने के लिए समर्थन मांगा।



रामदास सोरेन के नामांकन सभा में भाग लेकर निकलते मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और मंत्री बन्ना गुप्ता।

## हेमंत सोरेन के हमशक्ल मुन्ना लोहार नामांकन में रहे शामिल

खबर मन्त्र टीम

**चाईबासा/जमशेदपुर।** कोल्हान प्रमंडल के मनोहरपुर विधानसभा क्षेत्र से झामुमो प्रत्याशी जगत माझी ने बुधवार को सैकड़ों समर्थकों के साथ नामांकन पत्र दाखिल किया। चाईबासा समाहरणालय स्थित निवार्ची पदाधिकारी के समक्ष नामांकन दाखिल किया। इससे पूर्व जगत माझी अपने आवास स्थित दिवंगत पिता शहीद देवेंद्र माझी की समाधि स्थल पर माल्यार्पण एवं पोटका में जाहिर स्थल पर पूजा अर्चना की। चाईबासा के तांबो चौक से समर्थकों के साथ गाजे बाजे के साथ पदयात्रा करते हुए जगत माझी समाहरणालय पहुंचे। इस दौरान उनके साथ सांसद जोबा माझी भी मौजूद रही। पदयात्रा में मझगांव के विधायक सह प्रत्याशी निरल पुरती भी शामिल हुए। वहीं जगत माझी के नामांकन में भाग लेने रांची से आये मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के हमशक्ल मुन्ना लोहार आकर्षण का केंद्र रहे।



नामांकन दाखिल करने जाते जगत माझी। साथ में उनकी माता एवं सांसद जोबा माझी व सीएम हेमंत सोरेन के हमशक्ल मुन्ना लोहार।

## जमशेदपुर पूर्वी : भाजपा प्रत्याशी पूर्णिमा को मिला काले का साथ

■ काले ने मिठाई खिलाकर दी शुभकामनाएं, विजयी भवः का दिया आशीर्वाद

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर जमशेदपुर पुर्वी विधानसभा की भाजपा प्रत्याशी पूर्णिमा साहू पूरी सक्रियता से अपने चुनावी अभियान में जुटी हुई हैं। अपने संगठनात्मक कौशल और पार्टी के प्रति निष्ठा को मजबूत करते हुए गुरुवार को उन्होंने जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा के कई प्रमुख नेताओं और सामाजिक संगठनों के प्रमुखों से मुलाकात की। इसी क्रम में, पूर्णिमा साहू ने भाजपा झारखंड के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले से उनके आवास पर मुलाकात की और आशीर्वाद लिया। काले ने उन्हें मिठाई खिलाकर न सिर्फ अपनी शुभकामनाएं दीं, बल्कि पार्टी के सिद्धांतों और संस्कारों का भी जिक्र किया।



## ईचागढ़ के पूर्व विधायक अरविंद सिंह ने भाजपा से दिया इस्तीफा

■ आज निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में करेंगे नामांकन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** ईंचागढ़ के पूर्व विधायक अरविंद सिंह उर्फ मलखान सिंह भाजपा से इस्तीफा देकर निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ने जा रहे है। वह गुरुवार को अपना नामांकन पर्चा दाखिल करेंगे। बुधवार को उन्होंने चांडिल डैम रोड स्थित बीएन पैलेस में एक पत्रकार वार्ता आयोजित कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वे 35 वर्षो से ईचागढ़ विधानसभा से जुड़े हुए है। इस क्रम में वे तीन बार विजयी भी हुए और हारे भी। पिछले दस साल में वह दो बार चुनाव हारे। इसके बावजूद वह इस क्षेत्र की जनता से जुड़े रहे। कुछ आपदाएं भी आई और वे बीमार भी हुए इसके बावजूद भी वह क्षेत्र से जुड़े रहे।

पूर्व विधायक ने अपने तीन टर्म के कार्यकाल में किये गए कार्यो पर काफी संतुष्टि जाहिर की। कहा कि उन्होंने जो काम किया है, वैसा काम झारखंड भर के किसी विधायक ने नहीं किया। शिक्षा, स्वास्थ्य, नियोजन, खेल व क्षेत्र के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ा। वर्ष 2005 में चुनाव हारने पर उन्होंने कहा कि वे इस चुनाव में कैसे हार गए उन्हें पता तक नहीं चला। इसके बाद जानकारी मिली कि कुछ लोग बेहद ही गन्दी राजनीति करते है, उसका शिकार वह हो गये।

भाजपा में शामिल होने पर अरविंद सिंह ने कहा कि पिछले दस वर्षों में भाजपा काफी मजबूत हुई है। कार्यकर्ताओं ने पिछले दो एमपी-एमएलए चुनाव में प्रत्याशियों को रिकॉर्ड मतों से जिताया। ईंचागढ़ सीट पारंपरिक रूप से भाजपा की रही है। किसी भी एंगल से आजसू की झोली में जाने की बात नहीं थी। उन्होंने पिछले कुछ चुनाव का आकड़ा प्रस्तुत करते हुए बताया कि आजसू का जनाधार झारखंड में कितना कमजोर है। एनडीए गठबंधन के तहत आजसू प्रत्याशी को टिकट दिए जाने पर अरविंद सिंह ने बिना किसी का नाम लिए कहा कि वो एक बिजनेसमैन है, अपने प्रभाव से न जाने किस तरह से ऊपर के नेताओं को मैनेज किया और बीजेपी के मुंह से ये सीट निकाल ली। पिछले दिनों से वे चुप बैठे थे कि भाजपा इस पर पुनः विचार करेगी, लेकिन पार्टी ने इस पर कोई संज्ञान नहीं लिया।



चांडिल में पत्रकारों से बात करते पूर्व विधायक अरविंद सिंह।

## एक नजर में

### सोनारी की महिलाओं ने थामा कांग्रेस का हाथ



**जमशेदपुर।** बन्ना गुप्ता के विकास कार्यों से प्रभावित होकर महिलाएं जुड़ रहीं हैं। आज सोनारी खुटाडीह की हिना नायक, शोभा मुखी, लक्ष्मी मुखी, तारा मुखी, सुनीता मुखी के नेतृत्व में सैकड़ों महिलाओं ने बन्ना गुप्ता के प्रति अपनी आस्था व्यक्त करते हुए कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। सामाजिक कार्यकर्त्ता हिना नायक ने कहा कि बन्ना गुप्ता स्थानीय निवासियों की समस्याओं के निदान लिए सदैव सजग रहते हैं। प्रत्येक सप्ताह शनिवार और रविवार को वे जनता से मिलते हैं. उस दौरान वे आगंतुक की ना तो जात पात पूछते हैं ना विधानसभा क्षेत्र पूछते हैं और ना ही राजनैतिक दल से सम्बद्धता पूछते हैं। बन्ना गुप्ता निस्वार्थ भाव से सभी का कार्य करते हैं। सबसे बड़ी बात कि वे सभी कार्यक्रमों में पहुंचते हैं। अपनी जनता के दु:ख सुख में शरीक होते हैं। बन्ना जमशेदपुर के बेटे हैं। वे सभी को पहचानते हैं। हमलोग उनसे कभी भी मिल सकते हैं। पिछले पांच वर्षों में उन्होंने सोनारी में कई सड़क व नाली का निर्माण करवाया है। विकास के कई कार्य किए हैं। इन सबको देखते हुए सोनारी खुटाडीह के निवासी बन्ना गुप्ता का खुले दिल से समर्थन करेंगे।

### पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने पोटका का किया दौरा



**पोटका/जमशेदपुर।** राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री सह पूर्व केंद्रीय मंत्री रहे अर्जुन मुंडा बुधवार को पोटका प्रखंड का दौरा किया। दौरे के क्रम में अर्जुन मुंडा हाता, कालिकापुर व हल्दीपोखर पहुंचे एवं भाजपा संगठन के पदाधिकारी व कार्यकताओं से मिलकर विधानसभा चुनाव में पार्टी प्रत्याशी मीरा मुंडा के लिए उर्जा के साथ काम करने का जोश भरा। इस दौरान उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि पोटका के पूर्व विधायक सह भाजपा के वरिष्ठ नेत्री मेनका सरदार, उपेंद्रनाथ सरदार,होपना माहली, गणेश सरदार, दुलाल मुखर्जी, सुरजीत कुंडू से मिलकर चुनाव में वर्तमान सरकार को हटाने के लिए एकजुट होकर काम करने की अपील किया। झारखंड राज्य में इस सरकार के कार्यकाल में अराजकता का माहौल बना हुआ है। जनता का काम बिना रिश्वत और कमीशन के नहीं हो रहा है। सरकार और क्षेत्र के विधायक अपने चुनावी वायदा भूल गए। आधार भूत संरचना को फिर से सुद्दढ़ करने हेतु इस सरकार को चुनाव में हटाने के लिए गांव गांव का दौरा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी नेतृत्व द्वारा पोटका विधानसभा सीट से दिए प्रत्याशी मीरा मुंडा को समर्थन की अपील किया। मौके पर वरिष्ठ नेता विभीषण सिंह सरदार,खेला राम बेसरा, चंद्रशेखर गुप्ता, जिला मंत्री मनोज राम, मंडल अध्यक्ष सुदीप डे, संतोष भंज, बुलू सिंह, सीमा मंडल, राहुल राय,सेंटू बागती, पिंटू भंज,पोल्टू मंडल, मंगल पान, विष्णु कुंभकार, पप्पू सरकार व सैकड़ों कार्यकर्ता थे।

### संजीव आचार्या नहीं लड़ेंगे चुनाव, सरयू राय के पक्ष में करेंगे काम



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा से एनडीए के प्रत्याशी श्री सरयू राय ने अपने बिष्टुपुर स्थित आवास पर बुधवार को बताया कि पहले श्री संजीव आचार्या निर्दलीय जमशेदपुर पश्चिमी से चुनाव लड़ना चाहते थे। उन्होंने पर्चा भी खरीद लिया था। मैंने उनसे आग्रह किया तो वह मान गए। उन्होंने चुनाव नहीं लड़ने और मेरे लिए काम करने का निर्णय कर लिया है। प्रेस कांफ्रेंस में संजीव आचार्या और समाजसेवी धर्मेंद्र तिवारी भी मौजूद थे। श्री राय ने कहा कि गुरुवार, 24 अक्टूबर को दिन के 11 बजे वह नामांकन दाखिल करेंगे। उनके नामांकन समारोह में भाजपा की तरफ से झारखंड प्रदेश के सह चुनाव प्रभारी हिमंता बिस्वसरमा, बिहार के तीन मंत्री : अशोक चौधरी, श्रवण कुमार और मदन सहनी के साथ ही पूर्व मंत्री श्याम रजक, लोजपा की तरफ से अरुण भारतीय या राजेश वर्मा इन दोनों में से कोई एक तथा आजसू के सुदेश महतो मौजूद रहेंगे। सरयू राय ने बताया कि भाजपा के छह मंडलो : सोनारी, कदमा, बिष्टुपुर, साकची, मानगो और उलीडीह के कार्यकताओं और वरीय पदाधिकारियों संग उनकी बैठक हो चुकी है। अभी तक आजादनगर मंडल की बैठक नहीं हुई है। हर बैठक में केंद्र की तरफ से छत्तीसगढ़ की विधायक भावना बोहरा मौजूद रहीं। यह साफ है कि वह एनडीए का उम्मीदवार हैं और भाजपा का पूरा समर्थन उनके साथ है। इसलिए, किसी को इस भ्रम में नहीं रहना चाहिए कि कमल चुनाव चिन्ह नहीं है तो भाजपा में दो राय हो सकती है। इसकी कोई संभावना है ही नहीं। भाजपा एक संगठन के नाते मेरे साथ है। भाजपा पूरी तरह मेरे साथ है।

### जनता चाहती है स्थायी समाधान : डॉ अजय



**जमशेदपुर।** कांग्रेस प्रत्याशी डॉ अजय कुमार ने बुधवार को भुईंयाडीह, बर्मामाइंस, जेम्को, बिरसानगर आदि क्षेत्रों में जनसम्पर्क अभियान चलाया. लोगों से मिले, उनकी समस्याओं के संबंध में बात की और उसके स्थायी समाधान पर भी लोगों से चर्चा की। लोगों ने डॉ अजय पर भरोसा जताया और समर्थन करने का वादा किया। कहा कि लोग 30 वर्षों की शासन से त्रस्त है। डरे सहमे है। पूर्वी की बस्तियों में नागरिक सुविधाओं की स्थिति बहुत ही खराब है। लोग नरकीय जीवन जीने को मजबूर है। दो दशक से क्षेत्र की जनता को गुमराह किया जाता रहा है। एक बार भी चेहर बदल कर वहीं काम करने का प्रयास जारी है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना मेरी प्राथमिकता है। मालिकाना हक केवल जमशेदपुर की समस्या नहीं बल्कि यह पूरे प्रदेश की एक बड़ी महत्वपूर्ण समस्या है।

# नीतीश ने 211 योजनाओं का किया उद्घाटन और शिलान्यास

एजेंसी

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज सुपौल जिला अंतर्गत 22,497.73 लाख रुपये की 99 योजनाओं का उद्घाटन तथा 26,919.17 लाख रुपये की लागत वाली 112 योजनाओं का शिलान्यास किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने सुपौल जिला के किशनपुर प्रखंड स्थित मलाढ़गांव के वार्ड नंबर-12 (महादलित टोला) का भ्रमण कर विकासात्मक योजनाओं का जायजा भी लिया। भ्रमण के क्रम में मुख्यमंत्री ने सार्वजनिक तालाब में छठ घाट निर्माण, मिट्टी सह पेवर ब्लॉक निर्माण कार्य एवं मलाढ़ पंचायत के 4 वार्डों में सोलर लाइट लगाने के कार्य से संबंधित शिलापट्ट का अनावरण कर उद्घाटन किया। उद्घाटन के पश्चात मुख्यमंत्री ने सार्वजनिक तालाब का मुआयना किया। मुआयना के क्रम में मुख्यमंत्री ने सार्वजनिक तालाब में मछली का जीरा (मत्स्य अंगुलिका) भी छोड़ा। साथ ही अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि तालाब के एक तरफ जिस तरह से सीढ़ीनुमा घाट का निर्माण कराया गया है, उसी प्रकार पोखर के तीनों तरफ भी सीढीनुमा घाट का निर्माण कराएं ताकि लोगों को छठ व्रत, अनुष्ठान आदि के दौरान स्नान करने में सहूलियत हो। मुख्यमंत्री ने कृषि विभाग, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, समाज कल्याण विभाग, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग सहित अन्य कई विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया। प्राथमिक विद्यालय मलाढ़ का निरीक्षण कर मुख्यमंत्री ने बच्चों से पढ़ाई एवं उन्हें मिल रही सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। शिक्षकों द्वारा कविता और खेल के माध्यम से छोटे बच्चों को दी जा रही शिक्षा की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आप लोग ठीक ढंग से बच्चों का ज्ञानवर्द्धन कर रहे हैं। इस तरीके से छोटे बच्चे जल्दी और ज्यादा सीखेंगे, इससे उनकी समझ बढ़ेगी। इस दौरान



जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री को बताया कि इस तरह के 105 विद्यालय जिला में संचालित किए जा रहे हैं। इसके अलावा बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी केंद्र भी बनवा रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने प्राथमिक विद्यालयों के नवनिर्मित भवनों तथा निर्मित होनेवाले भवनों के शिलापट्ट का अनावरण कर उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इसके पश्चात समेकित बाल विकास परियोजना का मुख्यमंत्री ने निरीक्षण कर बच्चों से बात की। बच्चों ने मुख्यमंत्री को बताया कि यहां नियमित रुप से पढ़ाई होती है और संचालित योजनाओं का लाभ भी हमें समय से मिलता है। समाज कल्याण विभाग अंतर्गत दिव्यांगजन सशक्तिकरण निदेशालय द्वारा दिव्यांगजनों के लिए स्वीकृत बैटरी चलित ट्राई साइकिल की चाबी मुख्यमंत्री ने लाभुकों को भेंट की। मुख्यमंत्री ने मलाढ़ पंचायत में आयोजित कार्यक्रम में जिला लोक शिकायत निवारण से संबंधित 'समाधान पुस्तिका' का विमोचन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, कुशल युवा कार्यक्रम, कृषि यांत्रिकीकरण योजना, मखाना भंडार गृह योजना, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, अनुसूचित जाति-जनजाति अत्याचार अधिनियम के तहत अनुदान, अनुकंपा आधारित नियोजन पत्र, मुख्यमंत्री ग्राणीण आवास योजना, मुख्यमंत्री निःशक्त विवाह योजना, अंतजार्तीय विवाह प्रोत्साहन अनुदान योजना आदि के तहत चयनित लाभुकों को सांकेतिक चेक एवं स्वीकृति पत्र प्रदान किया। अभियान बसेरा-2 के लाभुकों के बीच मुख्यमंत्री ने बंदोबस्ती का पर्चा वितरित किया। मुख्यमंत्री ने सरायगढ़ में 2990 लाख रुपये की लागत से राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या-327ए के नवनिर्मित टू लेन आर०ओ०बी० सह पहुंच पथ के शिलापट्ट का अनावरण कर उद्घाटन किया। सुपौल जिला अंतर्गत 3911.34 लाख रुपये की लागत से बैरिया मंच-मुंगरार पथ में नवनिर्मित पहुंच पथ सहित उच्च स्तरीय पुल का निर्माण, 1438.80 लाख रुपये की लागत से वीरपुर-बसमतिया पथ के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य, 1302.20 लाख रुपये की लागत से एनएच-327ए परशरमा रोड से बीएसएस कॉलेज होते हुए चयन सिंह पट्टी तक सड़क चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य तथा 2639.75 लाख रुपये की लागत से एनएच-327ई से मोहनियां पीडब्लूडी पथ भाया मरीचा, जगतपुर एवं कटैया टोला पथ के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य के शिलापट्ट का अनावरण कर उद्घाटन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि आज कई पथों का उद्घाटन किया गया है। इन सड़कों के बन जाने से लोगों को आवागमन में अब और अधिक सहूलियत होगी। सड़कें ठीक ढंग से मेंटेन रहे, इसका विशेष रुप से ख्याल रखें। मुख्यमंत्री ने 6.82 करोड़ की लागत से सुपौल जिला में नवनिर्मित मॉडल थाना भवन भपटियाही सहित कुल 2 पुलिस भवनों का उद्घाटन एवं 24.26 करोड़ की लागत से निर्मित 200 महिला सिपाही बैरक तथा 6 थाना भवनों के शिलापट्ट का अनावरण कर उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। उद्घाटन के पश्चात नवनिर्मित थाना भवनों का मुख्यमंत्री ने निरीक्षण भी किया।

## दीपक भगत हत्याकांड का खुलासा, 6 लोग गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

**फारबिसगंज/अररिया।** अररिया के मारवाड़ी पट्टी वार्ड संख्या 17 स्थित धर्मशाला के पास दवा दुकान में दवा व्यवसायी दीपक भगत की लूट के दौरान गोली मारने की घटना के बाद गठित पुलिस की विशेष टीम ने पूरे मामले का खुलासा कर दिया है। कांड में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अंतर जिला लूट कांड गिरोह के छह अपराधियों को गिरफ्तार किया है।

अररिया एसपी अमित रंजन ने बताया कि एक देसी कट्टा, 6 जिंदा कारतूस, घटना में प्रयुक्त दो बाइक, आठ मोबाइल फोन, अभियुक्त के कपड़े और 6 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। एसपी ने कहा कि 19 अक्टूबर को नगर थाना क्षेत्र में बाइक सवार अपराधियों ने लूट को अंजाम देने के दौरान एक व्यवसायी को गोली



मार दी थी। इसके बाद उनकी मौत घटनास्थल पर ही हो गई थी। गठित टीम ने सीसीटीवी फुटेज, टावर डम, सीडीआर, एसडीआर का विश्लेषण करते हुए तकनीकी और वैज्ञानिक अनुसंधान कर 48 घंटे के अंदर हत्याकांड का खुलासा कर दिया है। इस घटना में शामिल मधेपुरा जिला के बिहारीगंज थाना क्षेत्र के बिहारीगंज निवासी प्रिंस कुमार उर्फ पिस्टल यादव, देवा कुमार, मोहम्मद साहिल, पूर्णिया जिले के रुपौली थाना क्षेत्र के आर्यन कुमार, महलगांव थाना क्षेत्र के बाघ नगर वार्ड संख्या 2 निवासी छोटू कुमार उर्फ निशांत यादव और सोनू कुमार को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

## तार-तार हो चुका है नीतीश कुमार का सुशासन का नारा : मुकेश

**भागलपुर।** गरीबों को बेदखल करने वाली जमीन सर्वे, कम्पनी को मालामाल और जनता को बेहाल कर रहे स्मार्ट मीटर, गरीबों झ मजदूरों, दलितों झ महिलाओं झ अल्पसंख्यकों पर जारी क्रूर सामंती हिंसा, बाढ़ आपदा को सरकारी खजाने की लूट का स्थाई अवसर बना दिए जाने, न्यूनतम मजदूरी और सामाजिक सुरक्षा में व्याप्त लूट-भ्रष्टाचार, भीषण महंगाई आदि के खिलाफ भागलपुर सहित राज्य भर में जारी बदलो बिहार न्याय यात्रा बुधवार को स्थानीय तिलकामांझी चौक पहुंची। यात्रा में शामिल भाकपा माले कार्यकताओं ने वहां शहीद तिलकामांझी की मूर्ति पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और मजदूरों के साथ संवाद किया।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने किया मतदाता जागरूकता रथ को रवाना



रवाना करते जिला निर्चाचन पदाधिकारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी शेखर जमुआर ने बुधवार को दो वीआर एलईडी स्क्रीन युक्त मतदाता जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

मौके पर श्री जमुआर ने बताया कि विगत चुनावों में जिन क्षेत्रों में कम मतदान हुआ है, उन सभी क्षेत्रों में इस प्रचार रथ के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार कर मतदाता जागरूकता से संबंधित संदेश प्रसारित किए जाएंगे। इस दौरान ऑडिओ-विजुअल को वाहन पर लगे स्क्रीन में दिखाया जायेगा। उन्होंने पीवीटीजी बहुल इलाकों में इसके माध्यम से विशेष प्रचार-प्रसार करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन का प्रयास रहेगा कि अधिक से अधिक मतदाता अपने मताधिकार के प्रयोग के प्रति जागरूक होकर लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी सहभागिता निभायें। मौके पर डीडीसी सह कार्मिक कोषांग के नोडल पदाधिकारी पशुपतिनाथ मिश्रा, जिला परिवहन पदाधिकारी धीरज प्रकाश, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सह मीडिया कोषांग के नोडल पदाधिकारी नीरज कुमार आदि उपस्थित थे।

## वोट बहिष्कार न करें : बीडीओ

### बीडीओ ने बच्चों को दिलाया मतदाता शपथ

**कांडी।** भारत निर्वाचन आयोग की पहल तथा झारखंड चुनाव आयोग व जिला निर्वाचन अधिकारी के निदेर्शानुसार कांडी बीडीओ सह सीओ राकेश सहाय ने बुधवार को प्रखंड के पीएम श्री उत्क्रमित उच्च विद्यालय लमारी कला में चुनाव पाठशाला का आयोजन कर कक्षा नवीं एवं दसवीं कक्षा में पढ़ने वाले छात्र छात्राओं को चुनाव से संबंधित जानकारी दी। श्री सहाय ने कक्षा नवीं व दसवीं में अध्यनरत छात्र छात्राएं जो भावी मतदाता हैं उन्हें स्वच्छ, पारदर्शी और नैतिक निर्वाचन प्रक्रिया की जानकारी दी। इस दौरान श्री सहाय ने सभी छात्र छात्राओं को मतदाता शपथ भी दिलाई।



अपील करते बीडीओ

खबर मन्त्र संवाददाता

**धुरकी।** थाना क्षेत्र अंतर्गत रक्सी गांव में बुधवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी जुल्फिकार अंसारी ने रक्सी गांव पहुंचकर वोट का बहिष्कार करने वाले ग्रामीणों को काफी समझाया। उन्होंने वोट का महत्व बताया तथा वोट करने की अपील की। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि आप किसी भी प्रत्याशी को वोट करने की स्वतंत्रता है।

उन्होंने बताया कि वोट व्यक्ति का मौलिक अधिकार है यदि किसी कारणवश कार्य नहीं हो रहा है तो उसे हम गंभीरता से लेंगे लेकिन आप इस तरह का फैसला नहीं ले वोट करना सभी के लिए समान अधिकार है।

## स्वास्थ्य सहियाओं ने मतदाता जागरूकता रैली निकाल कर किया जागरूक

**धुरकी।** धुरकी थाना क्षेत्र अंतर्गत धुरकी प्रखंड व सगमा प्रखंड के स्वास्थ्य सहियाओं ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली इसकी शुरूआत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धुरकी से की गई। रैली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धुरकी से शिवरी मोड़ होते गुलशन चौक कपूर्री चौक तक होकर मतदान करने की अपील किया। रैली में पहले मतदान फिर जलपान, मत देना सभी का अधिकार आदि नारे लगा रहे थे। जागरूकता रैली में बीटीटी बबन राम, बीपीएम संतोष पासवान, गुलाब राम सहित काफी संख्या में स्वास्थ्य सहिया एवं आशा समूह के दीदी मौजूद थे।

## साइकिल पर सवार हुए गिरिनाथ, आज करेंगे नामांकन



सपा में शामिल होते गिरिनाथ सिंह

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह समाजवादी पार्टी में शामिल हो गये हैं। मंगलवार की देर रात्रि शहर के होटल ग्रांड व्यू में सपा के प्रदेश अध्यक्ष रंजन यादव, झारखंड प्रदेश प्रभारी व्यास गौड़ ने उन्हें सपा की सदस्यता दिलाते हुए पार्टी का सिंबल प्रदान किया।

## सत्येंद्रनाथ तिवारी ने किया नामांकन, रोड शो में उमड़ी भीड़



रोड शो करते सत्येंद्रनाथ तिवारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** झारखंड विधानसभा चुनाव के पहले चरण में गढ़वा रंका विधानसभा क्षेत्र से एनडीए के भाजपा प्रत्याशी सत्येंद्रनाथ तिवारी ने बुधवार को नामांकन किया। नामांकन के बाद रामासाहू उच्च विद्यालय के स्टेडियम में नामांकन जनसभा का आयोजन किया गया। श्री तिवारी के नामांकन जनसभा में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कोयला एवं खनन मंत्री सतीश चंद्र दुबे, यूपी के विधायक भुपेश चौबे, सांसद बीडी राम सहित कई दिग्गज भाजपा नेता शामिल हुए। जनसभा के बाद श्री तिवारी ने रोड शो किया। रामासाहू उच्च विद्यालय के स्टेडियम से श्री तिवारी खुली जीप में रोड शो के लिए निकले। इस दौरान मझिआंव मोड़, मेन रोड, रंका मोड़ होते हुए रोड शो गोविंद उच्च विद्यालय के मैदान में पहुंचकर समाप्त हो गई। रोड शो में सांसद बीडी राम सहित जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो, ओमप्रकाश केशरी, आजसू जिलाध्यक्ष दीपक शर्मा, अरविंद तुफानी, सुरेंद्र विश्वकर्मा, विवेकानंद तिवारी, ब्रजेश उपाध्याय, विनोद चंद्रवंशी, राजकुमार मधेशिया सहित काफी संख्या में भाजपा नेता, कार्यकर्ता व लोगों की भीड़ थी।

# तीस साल पर भारी पड़ेगा तीन साल, नहीं तो ले लूंगा नामांकन वापस : मंत्री मिथिलेश

### भाजपा को बड़ा झटका, संजय भगत सहित दो सौ से अधिक कार्यकताओं ने थामा झामुमो का दामन

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** झारखंड विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा को बड़ा झटका लगा है। गढ़वा से भाजपा प्रत्याशी सत्येंद्र नाथ तिवारी के करीबी और भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष संजय भगत अपने दर्जनों सहयोगियों के साथ झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल हो गए। सभी ने गढ़वा विधायक झारखंड के पेयजल एवं स्वच्छता, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के आवास पर झामुमो की सदस्यता ग्रहण की। मंत्री श्री ठाकुर ने सभी को फुल माला, पार्टी का पट्टा पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर पार्टी में शामिल किया।

पार्टी में शामिल होने वालों में मुख्य रूप से भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष संजय भगत, भाजपा युवा मोर्चा महामंत्री चंदन कुमार, महेन्द्र प्रसाद, किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष हरि किशुन मेहता, महेंद्र



पार्टी में शामिल संजय भगत व अन्य के साथ मंत्री मिथिलेश

प्रसाद, राजेश भगत, अरविन्द भगत, फारुक अली, संजीव कुमार, सत्य मल्होत्रा, नागेन्द्र प्रसाद पटवा, डॉ विनोद विहारी भगत, आशुतोष कुमार (गोलु), शशिकान्त यादव, अविनाश कुमार (बाबु), यमुना प्रसाद गुप्ता, राधेश्याम मेहता, अजय प्रजापति, शिवनाथ कुशवाहा, सुजित कुमार (डब्लु), उनमन कुमार, संजय साव, नुरुल हक, अजय ठाकुर, सुभाष कुमार, सागर कुमार, विशाल कुमार, बबलु ठाकुर, उपेन्द्र प्रसाद पटवा, अरुणा मेहता, अनुराग मलहोत्रा, सत्येन्द्र मालाकार, लड्डू कुमार, वंशीधर मेहता, ओम प्रकाश ठाकुर, दुर्गेश कुमार, रबिन्द्र राम, विकाश शर्मा, अयुब अंसारी, फारुख अली, संजय राम, रेयाजुद्दीन अंसारी, राहुल मलहोत्रा, राजु कुमार सहित विभिन्न क्षेत्रों के दो सौ से अधिक लोगों का नाम शामिल है।

मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि संजय भगत काफी कर्मठ एवं जुझारू नेता हैं। इन्हें झामुमो में आने से पार्टी और मजबूत होगी। विकास का साथ देने वाले ऐसे सभी तमाम सहयोगियों को दिल से स्वागत एवं धन्यवाद है। उनके कुशल नेतृत्व क्षमता का लाभ पार्टी को मिलेगा।

मंत्री ने कहा कि गढ़वा की जनता ने उन्हें एक बार सेवा का मौका दिया तो गढ़वा की तस्वीर बदल गई। आज गढ़वा में हो रहे ऐतिहासिक विकास कार्य एवं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में पूरे राज्य किए जा रहे जनहित के बेहतर कार्यों का असर जनता पर साफ दिख रहा है। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि पिछले 30 वर्षों के कार्यों पर उनका तीन साल का कार्यकाल भारी पड़ेगा। यदि कोई इसे कम साबित कर दे तो वे अपना नामांकन वापस ले लेंगे। उन्होंने कहा कि जनता पूरी तरह मन बना चुकी है। इस बार पुनः राज्य में महागठबंधन की सरकार बनेगी।

## खबर एक नजर में

### ट्रेन चालक की सूझबूझ से रेल हादसा टला

**कटिहार।** कटिहार रेलमंडल क्षेत्र के कटिहार-पूर्णियां रेलखंड पर रानीपतरा स्टेशन के पास मंगलवार देर शाम एक बड़ा रेल हादसा होने से टल गया। अज्ञात उपद्रवियों ने रेलवे ट्रैक पर लोहे के दो सरिये रख दिए थे, जो ट्रेन को डिरेल करने की नीयत से थे। ट्रेन चालक की सूझबूझ से कटिहार जंक्शन से जोगबनी रेलवे स्टेशन के लिए चलने वाली सवारी ट्रेन संख्या 07561 (डीएमयू स्पेशल ट्रेन) दुर्घटनाग्रस्त होने से बच गई। ट्रेन की गति धीमी थी, जिससे चालक ने ट्रेन को तुरंत रोक दिया। रेलवे ट्रैक पर रखी गई दोनों सरिया ट्रेन की चक्के में फस गई, लेकिन चालक की सूझबूझ से बड़ा हादसा टल गया। रेल अधिकारी ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है और स्थानीय पुलिस को मामले की जानकारी दी गई है। इस घटना के बाद रेलवे सुरक्षा को बढ़ा दिया गया है। रेलवे अधिकारी ने कहा कि अज्ञात उपद्रवियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है। इस घटना के बाद यात्रियों में राहत है, लेकिन रेलवे सुरक्षा को लेकर चिंता भी बढ़ गई है।

### करियर काउंसलिंग का आयोजन

**गढ़वा।** शहर के काली मंदिर के समीप स्थित वीना एकेडमी में बुधवार को करियर काउंसलिंग का आयोजन किया गया। जिसमें संस्थान के डायरेक्टर पूनम प्रभाकर की उपस्थिति में जमशेदपुर के अरका जैन विश्वविद्यालय करियर काउंसलर सह एग्जाम कंट्रोलर अभिषेक कुमार एवं उनकी टीम ने बच्चों का करियर काउंसलिंग किया। साथ ही उनकी रुचि के अनुसार उन्हें अपने गोल सेट कर अभी से ही उसके अनुरूप मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही सरकार के द्वारा गरीब बच्चों के लिए चलायी जा रही योजनाओं की भी चर्चा की। उन्होंने बताया कि घर की आर्थिक स्थिति बच्चों की पढ़ाई में बाधक नहीं बनेगी। इसके लिए सरकार की कई योजनाएं चलायी जा रही है। काउंसलिंग के बाद बच्चे अपने लक्ष्य के प्रति उत्साहित दिखे। मौके पर शिक्षक सर्वेश प्रभाकर सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

### मारपीट की घटना में महिला घायल

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र अंतर्गत अधौरा गांव में घर की दीवार पुताई के दौरान घटी मारपीट की घटना में अजय सिंह की पत्नी लालती देवी 46 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गई। घायलावस्था में उसे इलाज के लिए स्थानीय सीएचसी में भर्ती कराया गया। घटना को लेकर घायल महिला की पुत्री बिंदु कुमारी ने बताई कि दीपावली पर्व को लेकर अपने घर के दीवार की लिपाई करने के दौरान दीवार के पास रखा हुआ घास का बोझा हटाने से मेरी चाची मुनी देवी आक्रोशित हो गई तथा मेरा बाल खींचकर मारने लगी। हो हल्ला सुनकर जब मेरी मां मुझे बचाने पहुंची तो मेरी चाची, उसका पुत्र आनंद सिंह तथा पुत्री सुलवंती कुमारी ने डंडे से पीटकर मां को घायल कर दिए। घटना को लेकर घायल महिला ने स्थानीय थाना में लिखित आवेदन देकर आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की है।

### सफारी से अवैध विदेशी शराब की 469 बोतलें बरामद, दो गिरफ्तार

**रमना।** रमना पुलिस ने अवैध विदेशी शराब से भरे लग्जरी वाहन को जप्त कर उसमे मौजूद दो लोगो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थाना परिसर में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान जानकारी देते हुए श्री वंशीधर नगर एसडीपीओ सतेंद्र नारायण सिंह ने बताया कि बुधवार की सुबह संगठित अपराधिक गिरोह के सदस्य द्वारा तस्करी के उद्देश्य अवैध विदेशी शराब की खेप लेकर उतर प्रदेश की तरफ से आने की गुप्त सूचना मिली थी। सूचना के आलोक में एफएसटी टीम के दंडाधिकारी विकाश कुमार सहित पुलिस अधिकारी एवं सशस्त्र बल की मौजूदगी में करचा अस्पताल के समीप वाहनों की जांच शुरू कर दी गई। इसी दौरान एक संदिग्ध सफारी गाड़ी आती हुई दिखाई दी। जिसकी तलाशी लेने के दौरान वाहन में अवैध विदेशी शराब की 469 बोतले पाई गई। जिसका बाजार मूल्य तीन लाख अठारह हजार 920 रुपए बताई जा रही है। इससे संबंधित कोई भी कागजात प्रस्तुत नहीं किए जाने के कारण भारी मात्रा में पकड़े गए विदेशी शराब एवं वाहन को जप्त कर लिया गया। साथ ही विधिसम्मत कार्रवाई करते हुए वाहन चालक बिहार के पटना जिला अंतर्गत नौबतपुर थाना के फूलचंद चौक करजा निवासी करण कुमार एवं बिहार के ही नालंदा जिला अंतर्गत चंडी थाना के महकार बिगहा गांव निवासी सन्नी कुमार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। छापामारी दल में दंडाधिकारी विकाश कुमार, थानेदार अनिमेष शांतिकारी, एसआई चंदेश्वर राय, एएसआई सुरेंद्र कुमार, राकेश कुमार सहित सशस्त्र बल के जवान मौजूद थे। प्रेस वार्ता के दौरान पुलिस इंस्पेक्टर रतन कुमार सिंह भी मौजूद थे।

### इंडियन पोस्ट पेमेंट बैंक का उद्घाटन

**मझिआंव।** नगर पंचायत क्षेत्र के ब्लॉक रोड में बुधवार को इंडियन पोस्ट पेमेंट बैंक का उद्घाटन क्षेत्रीय प्रबंधक राम बिरवा, निवर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष सुमित्रा देवी तथा बाबा कृष्ण नारायण दास ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर व फीता काटकर किया। उद्घाटन के पश्चात क्षेत्रीय प्रबंधक राम बिरवा ने कहा कि इस बैंक के शुरू होने के साथ ही डाकिया बैंक की सुविधा हर घर तक पहुंचेगी। साथ ही समाज के अंतिम व्यक्ति तक वित्तीय मुख्य धारा में शामिल करने में सफलता मिलेगी। उन्होंने कहा कि इस योजना के शुरू होने के बाद चिट्ठी पहुंचाने वाला डाकिया आपके द्वार बैंकिंग सेवाएं भी पहुंचाएगा। इस बैंक के माध्यम से लोगों का खाता खोलने से लेकर आपका पैसा जमा करने का काम करेगा। साथ ही पोस्ट ऑफिस के वर्तमान खाता धारकों को भी इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक की सुविधा स्वतः मिल जाएगी। यह मिनी ब्रांच डाक विभाग और संचार मंत्रालय के अधीन एक सार्वजनिक क्षेत्र का बैंक के रूप में जाना जाएगा। यह बैंक गांव गांव तक बैंकिंग के प्रसार के लिए भारतीय डाक सेवा के माध्यम से एक नई बैंकिंग प्रणाली की शुरूआत की गई है। बैंक के प्रोपराइटर अजीत कुमार सिंह ने कहा कि इस बैंक के खुल जाने से ग्राहकों के लिए सारी सुविधा मिलेगी। डीबीटी सेविंग अकाउंट के माध्यम से पोस्ट ऑफिस का खाता खोला जाएगा। जो केवल आधार कार्ड, फोटो के साथ जीरो बैलेंस के तहत लोगों को खाता खोलकर बैंकिंग सुविधा दी जाएगी। मौके पर राधा कृष्ण मंदिर के महंत बाबा केशव नारायण, मारुत नंदन सोनी, पोस्टमास्टर ललित सिंह, सुदामा सिंह, कमला सिंह, कंप्यूटर ऑपरेटर राजा कुमार सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

### बालू का अवैध खनन बेरोकटोक जारी

**भवनाथपुर।** प्रशासनिक रोक के बाद भी भवनाथपुर प्रखंड अंतर्गत कैलान के सुरक्षित वन क्षेत्र के नदियों से बालू का अवैध खनन बेरोक टोक धड़ल्ले से जारी है। बालू माफिया कैलान के झोंक नदी, खडार नदी, चमईनी दाई सहित विभिन्न जगहों से बालू का अवैध खनन कर सरकार के लाखों रुपये राजस्व का चूना लगा रहे हैं, जबकि स्थानीय प्रशासन बेफ्रिक है। बालू के इस अवैध कारोबार पर वन विभाग एवं पुलिस से लेकर खनन विभाग के अधिकारी भी इस समस्या को गंभीरता से नहीं ले रहे। जानते चले कि कैलान पंचायत स्थित नदियों का ज्यादातर इलाका सुरक्षित वन क्षेत्र में पड़ता है, जहां अमावडीह टोला के खडार नदी, चमईनी दाई के पोखरवा घाट नदी तथा झोंक टोला के दुहान नदी से प्रतिदिन बालू का अवैध खनन बालू माफियाओं द्वारा धड़ल्ले से किया जा रहा। स्थानीय पुलिस तथा वन विभाग द्वारा भी बालू के अवैध खनन के प्रति गंभीरता नहीं दिखायी जा रही, जिसका नतीजा है, कि बेखौफ होकर बालू माफिया प्रशानिक रोक के बावजूद खुलेआम बालू का अवैध खनन कर रहे है। इस अवैध कारोबार में संलिप्त बालू माफिया इन क्षेत्रों के नदियों से अवैध तरीके से बालू के निकासी करते हुए ट्रैक्टरों से ढुलाई कर कैलान, सिंदुरिया, भवनाथपुर सहित अन्य जगहों पर संचालित सरकारी कार्यों में उच्चे दामों पर बालू बेच रहे हैं। इस संबंध में पूछे जाने पर सीओ शंभू राम ने बताया कि मुझे अवैध तरीके से बालू खनन की जानकारी नहीं थी। अगर अंचल क्षेत्र के नदियों से बालू का अवैध खनन किया जा रहा है, तो इसकी जांच कर इसमें संलिप्त लोगों पर कड़ी कार्रवाई किये जाने के साथ ही किसी भी कीमत पर बालू का अवैध खनन नहीं होने देंगे।

# सड़क, बिजली, शिक्षा में सुधार, पलायन और रोजगार चुनौती

**डालटनगंज विधानसभा**

**लेखा-जोखा**

▶▶ **मेरे कार्यकाल में ही मेदिनीनगर में मेडिकल कॉलेज खुला : चौरसिया**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** डालटनगंज विधानसभा क्षेत्र से आलोक चौरसिया तीसरी बार फिर मैदान में हैं। से 2014 और 2019 में आलोक चौरसिया जीते है। 2014 में वो झारखंड विकास मोर्चा की टिकट पर चुने गये थे। बाद में भाजपा में शामिल हो गये। 2019 का चुनाव उन्होंने भाजपा टिकट पर जीता। 2024 में भाजपा ने एक बार फिर से उनको अपना प्रत्याशी बनाया है। आलोक चौरसिया पलामू के चैनपुर के माझिगांवा के रहने वाले हैं। उनके पिता अनिल चौरसिया डालटनगंज विधानसभा क्षेत्र से बड़े नेता रहे हैं, उनके निधन के बाद वो राजनीति के मैदान में उतरे हैं। विधायक आलोक चौरसिया का कहना है कि उनके कार्यकाल में कई ऐसे कार्य हुए हैं, जिससे आम लोगों को काफी लाभ हुआ है। मेरे कार्यकाल में ही मेदिनीनगर में मेडिकल कॉलेज की स्थापना हुई। कई ऐसे इलाके में रोड एवं पुल बने हैं जिसके माध्यम से ग्रामीण इलाके मुख्य सड़कों से जुड़े। उनके प्रयास से आज गांव-गांव तक बिजली पहुंची है। पेयजल आपूर्ति योजना फेज 2 की भी स्वीकृत कराया। पाइप सिंचाई के लिए पाइपलाइन परियोजना की भी स्वीकृति मिली है।

### ये रहेगी प्राथमिकता

चौरसिया ने कहा कि क्षेत्र के युवाओं को रोजगार उपलब्ध करवाना उनकी प्राथमिकता है। मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज की स्थापना, पेयजल आपूर्ति योजना फेज 2, चैनपुर जलापूर्ति योजना, सोन कोयल पाइप लाइन परियोजना उनकी प्राथमिकता की सूची में थी, जिसे उन्होंने पूरा कराया। उनके प्रयास से कई इलाकों में पावर सबस्टेशन की भी स्थापना हुई है।




### खासमहाल, पलायन व पानी प्रमुख मुद्दा

डालटनगंज विधानसभा क्षेत्र के एक बड़े भाग से रोजगार की तलाश में लोग पलायन करते हैं। चैनपुर, रामगढ़ और भंडारिया से बड़ी संख्या में लोग नौकरी के लिए बाहर जाते हैं। डालटनगंज विधानसभा क्षेत्र में कोई भी औद्योगिक घराना नहीं है। मेदिनीनगर के इलाके में खास लीज नवीकरण एक बड़ा मुद्दा है। मेदिनीनगर समेत कई ऐसे इलाके हैं जो गर्मियों के दिन में ड्राई जोन हो जाते हैं। इन इलाकों तक पानी पहुंचाना एक बड़ी चुनौती है। युवाओं को रोजगार एवं पानी एक बड़ा मुद्दा है। इस ओर ध्यान दिया जाना चाहिए।

### कर्नल डालटन ने 1861 में डालटनगंज शहर को बसाया था

अंग्रेजी हुकूमत के दौरान कर्नल डालटन ने 1861 में डालटनगंज शहर को बसाया था। डालटनगंज का नाम बदलकर मेदिनीनगर हो गया है। विधानसभा क्षेत्र की सीमा छत्तीसगढ़, गढ़वा और लातेहार से सटी हुई है। बूढ़ापहाड़ का अधिकांश इलाका डालटनगंज विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आता है। विधानसभा क्षेत्र में 402088 मतदाता हैं, जिसमें 205201 पुरुष जबकि 196886 मतदाता महिला हैं। एक वोटर थर्ड जेंडर का है।

## स्पीड न्यूज

### दीपिका के हेयरस्टाइल से प्रभावित थी डिमरी

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री तृप्ति डिमरी का कहना है कि वह बचपन के दिनों में दीपिका पादुकोण के हेयरस्टाइल से प्रभावित थी और अपने बाल खुद काटे थे। तृप्ति डिमरी ने अपनी किशोरावस्था से जुड़ी एक मजेदार याद साझा की है। तृप्ति से पूछा गया कि क्या उन्होंने कभी अपने बालों पर कैंची चलाई है ।जवाब में तृप्ति ने कहा,मैंने बचपन में अपने बाल खुद ही काटे हैं। जब 'चाँदनी चौक टू चाइना' रिलीज हुई, तो मैंने दीपिका पादुकोण का हेयरस्टाइल देखा और अपने बालों को खुद काटने का फैसला किया।

### दिल्ली में देवघर के छात्र ने की आत्महत्या

नयी दिल्ली। आईआईटी दिल्ली के अरावली हॉस्टल में मंगलवार को एमएससी के एक छात्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस को जैसे ही पीसीआर कॉल मिली, उसके बाद आईओ एएसआई विजय और अन्य स्टाफ मौके पर पहुंचे। मृतक की पहचान कुमार यश बताया जा रहा है, जिसकी उम्र 21 साल बताई जा रही है। यश झारखंड के देवघर का निवासी था। वह एमएससी के दूसरे वर्ष का छात्र था। प्रारंभिक जांच में पता चला कि कुमार यश मनोरोग से पीड़ित था और आईआईटी अस्पताल में इलाज करा रहा था। 22 अक्टूबर को ही वह इलाज के लिए गया था और 29 अक्टूबर को मनोचिकित्सक से मिलने का अपॉइंटमेंट भी लिया था।

### गैंगस्टर छोटा राजन को मिली जमानत

**मुंबई।** बॉम्बे हाई कोर्ट ने बुधवार को गैंगस्टर राजेंद्र सदाशिव निकालजे उर्फ छोटा राजन को होटल व्यवसायी जया शेट्टी की हत्या के मामले में जमानत दे दी है। साथ ही बॉम्बे हाई कोर्ट ने इस मामले में बॉम्बे सेशन कोर्ट द्वारा दी गई उम्रकैद की सजा को स्थगित कर दिया है। बॉम्बे हाई कोर्ट ने कहा है कि जब तक छोटा राजन की सजा को दी गई चुनौती का निपटारा नहीं हो जाता, तब तक उम्रकैद की सजा पर रोक जारी रहेगी 2001 में रंगदारी के लिए होटल व्यवसायी शेट्टी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

### पाक के चीफ जस्टिस होंगे याह्या अफरीदी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के अगले प्रधान न्यायाधीश के रूप में सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ जस्टिस याह्या अफरीदी को नामित किया गया है। विशेष संसदीय समिति की मंगलवार को हुई बैठक में जस्टिस अफरीदी के नाम पर मुहर लगाई गई। एआरवाई न्यूज चैनल के अनुसार, सुप्रीम कोर्ट के मौजूदा चीफ जस्टिस काजी फैज ईसा 25 अक्टूबर को सेवानिवृत्त होने वाले हैं। उनकी जगह जस्टिस याह्या अफरीदी लेंगे। वह वरिष्ठता क्रम में तीसरे स्थान पर हैं ।कानूनमंत्री आजम नजीर तरार ने भी इसकी पुष्टि की और कहा कि विशेष संसदीय समिति ने दो-तिहाई बहुमत से यह फैसला लिया है।

### मैरिटल रेप पर नयी पीठ करेगी सुनवाई

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने पत्नी के साथ जबरन शारीरिक संबंध स्थापित करने (मैरिटल रेप) को अपराध घोषित करने की मांग वाली याचिकाओं पर सुनवाई नयी पीठ के गठन तक के लिए बुधवार को स्थगित कर दी। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पादीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद यह फैसला किया।

### इडी ने बंगाल में 14 स्थानों पर मारे छापे

कोलकाता। पश्चिम बंगाल में करोड़ों के राशन वितरण घोटाले के मामले में इडी ने बुधवार को बड़े पैमाने पर छापेमारी की। ईडी की टीमों ने कोलकाता और हावड़ा के कई इलाकों में एक साथ 14 स्थानों पर छापेमारी और तलाशी अभियान चलाया।

# युद्ध का नहीं, संवाद व कूटनीति का समर्थन करता है भारत : मोदी

## ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री ने रूस-यूक्रेन विवाद का समाधान शांतिपूर्ण वार्ता से किया आह्वान

**एजेंसी**

▶▶ **विश्व को सही रास्ते पर ले जाने में सकारात्मक भूमिका निभा सकता है ब्रिक्स**

▶▶ **आतंकवाद से निपटने के लिए ठोस वैश्विक प्रयासों की भी वकालत की**



**कजान।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूस-यूक्रेन विवाद का समाधान शांतिपूर्ण वार्ता के माध्यम से करने का स्पष्ट रूप से आह्वान करते हुए बुधवार को यहां ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में कहा कि भारत युद्ध का नहीं बल्कि संवाद और कूटनीति का समर्थन करता है। मोदी ने युद्ध, आर्थिक अनिश्चितता, जलवायु परिवर्तन और आतंकवाद जैसी चुनौतियों पर चिंता जताई और कहा कि ब्रिक्स विश्व को सही रास्ते पर ले जाने में सकारात्मक भूमिका निभा सकता है। उन्होंने कहा कि हम युद्ध का नहीं, बल्कि संवाद और कूटनीति का समर्थन करते हैं। और जिस तरह हम एक साथ मिलकर कोविड जैसी चुनौती से पार पाने में सक्षम हुए, उसी तरह हम भावी पीढ़ियों के वास्ते सुरक्षित, मजबूत और समृद्ध भविष्य सुनिश्चित करने के लिए नए अवसर पैदा करने में निश्चित रूप से सक्षम हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने आतंकवाद से निपटने के लिए ठोस वैश्विक प्रयासों की भी वकालत की और कहा कि इस खतरे से लड़ने में कोई दोहरा मापदंड नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि आतंकवाद और इसके वित्तपोषण का मुकाबला करने के लिए, हमें सभी के एकनिष्ठ, दृढ़ समर्थन की आवश्यकता है। इस गंभीर मामले पर दोहरे मानदंडों के लिए कोई जगह नहीं है। साथ ही मोदी ने कहा कि समूह के देशों को युवाओं में कट्टरपंथ को रोकने के लिए सक्रिय कदम उठाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि हमें अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद पर संयुक्त राष्ट्र में व्यापक समझौते के लंबित मुद्दे पर मिलकर काम करना होगा। उन्होंने कहा कि इसी तरह हमें साइबर सुरक्षा, सुरक्षित और संरक्षित एआई के लिए वैश्विक नियमन के वास्ते काम करने की आवश्यकता है। मोदी ने कहा कि भारत भागीदार देशों के रूप में ब्रिक्स में नए देशों का स्वागत करने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में सभी निर्णय सर्वसम्मति से लिए जाने चाहिए और ब्रिक्स के संस्थापक सदस्यों के विचारों का सम्मान किया जाना चाहिए। मोदी ने कहा किक जोहान्सबर्ग शिखर सम्मेलन के दौरान अपनाए गए मार्गदर्शक सिद्धांतों, मानकों, मानदंडों और प्रक्रियाओं का सभी सदस्यों और भागीदार देशों द्वारा अनुपालन किया जाना चाहिए। ग्लोबल साउथ शब्द 1960 के दशक में चलन में आया। यह शब्द आम तौर पर लैटिन अमेरिका, एशिया, अफ्रीका और ओशिनिया के क्षेत्रों के लिए इस्तेमाल किया जाता है।

### सुरक्षा परिषद व वैश्विक निकायों में हो सुधार

प्रधानमंत्री ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद और अन्य वैश्विक निकायों में सुधार की भी वकालत की। उन्होंने कहा कि हमें संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद, बहुपक्षीय विकास बैंकों और विश्व व्यापार संगठन जैसे वैश्विक संस्थानों में सुधारों पर समयबद्ध तरीके से आगे बढ़ना चाहिए। मोदी ने कहा कि जब हम ब्रिक्स में अपने प्रयासों को आगे बढ़ा रहे हैं, तो हमें यह सुनिश्चित करने के लिए सतर्क रहना चाहिए कि इस संगठन की छवि ऐसी न बने कि यह वैश्विक संस्थानों को बदलने की कोशिश कर रहा है, बल्कि यह समझा जाए कि यह संगठन उन्हें सुधारने की इच्छा रखता है। मोदी ने यह भी तर्क दिया कि ग्लोबल साउथ के देशों की आशाओं, आकांक्षाओं और अपेक्षाओं को भी ध्यान में रखा जाना चाहिए।

# वायनाड से प्रियंका ने भरा पर्चा, बोलीं- राजनीति में 35 साल का अनुभव



**एजेंसी**

**वायनाड (केरल)।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने बुधवार को वायनाड लोकसभा सीट से पार्टी के उम्मीदवार के तौर पर नामांकन दाखिल करके अपनी चुनावी पारी का आगाज किया और इस मौके पर कहा कि उनके पास राजनीति में 35 साल का अनुभव है क्योंकि वह 1989 में अपने पिता राजीव गांधी के साथ 17 साल की उम्र में पहली बार चुनाव प्रचार अभियान में शामिल हुई थीं। वायनाड लोकसभा उपचुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने से पहले कलपेट्टा में एक विशाल सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि वह 1989 में अपने पिता राजीव गांधी के साथ चुनाव प्रचार में शामिल हुईं थीं, उसके बाद से 35 वर्षों में उन्होंने अपनी मां सोनिया गांधी, अपने भाई राहुल गांधी और पार्टी के अन्य सहयोगियों के लिए प्रचार किया है। उनका यह बयान भाजपा की वायनाड लोकसभा उपचुनाव की उम्मीदवार नाव्या हरिदास के उस बयान के एक दिन बाद आया है जिसमें उन्होंने कहा था कि वह लोगों का प्रतिनिधित्व करने में प्रियंका की तुलना में अधिक अनुभवी हैं। प्रियंका गांधी के भाषण के दौरान मंच पर कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद थे। कांग्रेस महासचिव ने यह भी कहा कि वह वायनाड के लोगों का प्रतिनिधित्व करने के लिए उम्मीदवार बनाए जाने से स्वयं को सम्मानित महसूस कर रही हैं। उन्होंने यह भी कहा कि जिले में हुए भूस्खलन के समय वायनाड के लोगों द्वारा दिखाए गए साहस से वह बहुत प्रभावित हुईं। राहुल गांधी ने कहा कि एक बार जब उनकी बहन जीत जाएंगी, तो वायनाड के लोगों के पास संसद में प्रतिनिधित्व करने के लिए उनके सहित दो सांसद होंगे। राहुल ने कहा कि मैं वायनाड के लोगों का अनौपचारिक सांसद रहूंगा। प्रियंका वाम गठबंधन एलडीएफ के प्रत्याशी सत्यन मोकेरी और भाजपा की नाव्या हरिदास के खिलाफ चुनाव लड़ेंगी।

## फर्जी अंतरराष्ट्रीय कॉल को ब्लॉक करेगा स्पैम-ट्रैकिंग

**`एजेंसी**

**नयी दिल्ली ।** भारत सरकार ने एक ऐसा स्पैम-ट्रैकिंग सिस्टम पेश किया है, जो भारतीय फोन नंबरों के रूप में आने वाली इनकमिंग इंटरनेशनल कॉल्स की पहचान कर उन्हें ब्लॉक कर सकता है। इंटरनेशनल इनकमिंग स्पूफ्ड कॉल्स प्रिवेंशन सिस्टम नामक इस सिस्टम को दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने पेश किया है। साइबर अपराधी ठगी के इस तरीके में इंटरनेशनल कॉल को भारत के स्थानीय नंबर (+91-XXXXXXXXX) से आने वाले कॉल के रूप में दर्शाते हैं। कॉलिंग लाइन आइडेंटिटी (सीएलआई) के तहत फोन नंबर का डिस्प्ले किया जाना आवश्यक है। साइबर अपराधी कॉलिंग लाइन आइडेंटिटी में हेर-फेर कर अपने फेक कॉल को भारत से आए कॉल के रूप में दिखाते हैं। जबकि, असल में साइबर अपराधी भारत के बाहर से कॉल कर रहे होते हैं। विक्टिम का विश्वास भारत के स्थानीय नंबर के साथ जीतने के बाद साइबर अपराधी मालवेयर से जुड़े उद्देश्यों को पूरा करने की कोशिश करते हैं।

## हिजबुल्लाह ने नेतन्याहू के घर पर ड्रोन हमले की ली जिम्मेदारी

**बेरूत ।** इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कैसरिया स्थित घर पर हुए ड्रोन हमले की जिम्मेदारी हिजबुल्लाह ने ली है। हिजबुल्लाह के मीडिया कार्यालय के प्रमुख मोहम्मद अफीफ ने बेरूत के दक्षिणी इलाके के दहिएह में एक संवाददाता सम्मेलन में यह जिम्मेदारी ली। उन्होंने कहा कि नेतन्याहू के घर को निशाना बनाने की जिम्मेदारी हम लेते हैं। अफीफ ने धमकी भरे अंदाज में कहा कि यदि पिछली बार हमारे हाथ आप (इजरायल) तक नहीं पहुंचे, तो दिन, रात और मैदान (युद्ध का) हमारे बीच है।

## राकांपा (एपी) की पहली सूची जारी

**महाराष्ट्र विस चुनाव : 38 प्रत्याशियों को दिया टिकट**
**अजित पवार बारामती से लड़ेंगे**

**मुंबई।** अजित पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ने विधानसभा चुनाव के लिए 38 उम्मीदवारों की पहली सूची बुधवार को जारी किया है। इस सूची में अजीत पवार को बारामती, छगन भुजबल को येवला , दिलीप वलसे पाटिल को अम्बे गांव से उम्मीदवार बनाया गया है। राकांपा अजीत पवार पार्टी की पहली सूची में मुंबई से पूर्व मंत्री नवाब मलिक और वडगांव शेरी के विधायक सुनील टिंगरे का नाम नहीं है। सुनील टिंगरे पुणे के वडगांव शेरी निर्वाचन क्षेत्र से विधायक हैं। कल्याणीनगर में पॉर्श कार दुर्घटना में सुनील टिंगरे की भूमिका विवादास्पद रही। इसी तरह, भाजपा के जगदीश मुलिक भी वडगांव शेरी निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ने के इच्छुक हैं। इसलिए वडगांव शेरी की सीट भाजपा और अजितदादा गुट में से किसके खाते में जाएगी, इसका फैसला अभी तक नहीं हुआ है। इसलिए कहा जा रहा है कि वडगांव शेरी विधानसभा क्षेत्र एनसीपी की पहली सूची में शामिल नहीं है। दूसरी वित्तीय हेराफेरी मामले में जेल गए पूर्व मंत्री नवाब मलिक को टिकट दिए जाने का विरोध भाजपा ने किया था।

# 150 देशों में मनाया जायेगा आयुर्वेद दिवस

**एजेंसी**

▶▶ **आयुर्वेद को सशक्त चिकित्सा प्रणाली के रूप में वैश्विक स्तर पर बढ़ावा देना है : जाधव**



**नयी दिल्ली।** इस वर्ष दुनिया भर के 150 से अधिक देशों में आयुर्वेद दिवस मनाया जाएगा। आयुष मंत्रालय वैश्विक स्वास्थ्य के लिए आयुर्वेद नवाचार थीम पर 29 अक्टूबर को 9वां आयुर्वेद दिवस मनाने के लिए पूरी तरह तैयार है। बुधवार को आयुष मंत्रालय की तरफ से बताया गया है कि आयुर्वेद दिवस के दिन अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (एआईआईए) में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस आयोजन की तैयारियों की समीक्षा के बाद केंद्रीय आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) प्रतापराव जाधव ने बताया कि आयुर्वेद दिवस अब वैश्विक अभियान बन चुका है। इस वर्ष 150 से अधिक देशों में आयुर्वेद दिवस समारोह मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस वर्ष की थीम वैश्विक स्वास्थ्य के लिए आयुर्वेद नवाचार से वैश्विक स्वास्थ्य के लिए आयुर्वेद के योगदान को नई दिशा देती है। दिवस का उद्देश्य जन कल्याण के लिए आयुर्वेद को सशक्त चिकित्सा प्रणाली के रूप में वैश्विक स्तर पर बढ़ावा देना है। इसके तहत अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान ने देशभर में एक महीने तक चलने वाले कार्यक्रमों की शुरूआत की है। मंत्रालय के सचिव वैद्य राजेश कोटेचा ने बताया कि आयुर्वेद दिवस उत्सव के माध्यम से आयुष गैर-संचारी रोगों, मानसिक स्वास्थ्य, एंटीमाइक्रोबियल रसिस्टेंस और वृद्धावस्था देखभाल (जीरिआर्टिक केयर) सहित महत्वपूर्ण स्वास्थ्य विषयों के लिए समकालीन विज्ञान के साथ आयुर्वेद को एकीकृत करने पर ध्यान केंद्रित करता है। आयुर्वेद का ज्ञान विभिन्न डिजिटल प्लेटफार्मों के माध्यम से आम जनता के लिए आसानी से उपलब्ध कराया जा रहा है, जिसमें आयुष ग्रिड के तहत आयुर्ज्ञान योजना, आयुष अनुसंधान पोर्टल और नमस्ते पोर्टल जैसी प्रमुख पहल शामिल हैं। वर्तमान समय में आयुर्वेद को दुनिया भर के 24 देशों में मान्यता प्राप्त है, जबकि आयुर्वेद उत्पादों का निर्यात 100 से अधिक देशों में होता है। इस वर्ष के समारोह में स्टार्टअप्स और उद्योग की महत्वपूर्ण भागीदारी देखने को मिलेगी, जिससे आयुर्वेद को वैश्विक स्वास्थ्य नवाचार के केंद्र में लाया जा सकेगा। आयुष मंत्रालय के सलाहकार और नॉर्थ ईस्ट आयुर्वेद और होम्योपैथी संस्थान शिलांग के निदेशक डॉ. मनोज नेसारी ने कहा कि दुनिया भर के लोगों की भौगोलिक सीमाओं, धर्म, जातीयता और सामाजिक स्थिति से परे उनके स्वास्थ्य देखभाल में आयुर्वेद की प्रासंगिकता है। नवाचार पर विशेष ध्यान हमारे युवाओं को आयुर्वेद को अपनाने और स्वयं के स्टार्टअप शुरू करने के लिए प्रेरित करेगा। इस वर्ष के आयुर्वेद दिवस उत्सव में एक स्वस्थ और स्थायी वैश्विक स्वास्थ्य व्यवस्था निर्मित करने के लिए समर्पित प्रोफेशनल्स, शोधकताओं और स्टार्टअप्स का असाधारण संगम देखने को मिलेगा।

## शेयर बाजार में गिरावट जारी सेंसेक्स 138 अंक लुढ़का

मुंबई । भारतीय शेयर बाजार बुधवार के कारोबारी दिन लाल निशान में बंद हुआ। कारोबार के अंत में ऑटो, फार्मा और मेटल सेक्टर में बिकवाली देखने को मिली। सेंसेक्स 138.74 अंक या 0.17 प्रतिशत की गिरावट के बाद 80,081.98 पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी 36.60 अंक या 0.15 प्रतिशत गिरने के बाद 24,435.50 पर बंद हुआ। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स कारोबार के अंत में 359.50 अंक या 0.64 प्रतिशत चढ़ने के बाद 56,533.55 पर बंद हुआ। निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 225.20 अंक या 1.25 प्रतिशत चढ़ने के बाद 18,286.20 पर बंद हुआ। निफ्टी बैंक 18.15 अंक या 0.04 प्रतिशत गिरने के बाद 51,239.00 पर बंद हुआ। निफ्टी के ऑटो, फार्मा, मेटल, रियल्टी, एनर्जी, प्राइवेट बैंक, इंफ्रा, कमोडिटी सेक्टर में बिकवाली देखने को मिली।

